www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 6 | अभिव्यक्ति 5 | झारखंड 7 | झारखंड

रांची, बुधवार, 27 अप्रैल 2022, वैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी, विक्रम संवत- 2079 वर्ष-08 अंक-14 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये

रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

कर्म बहुत ध्यान से कीजिए, क्योंकि ना किसी की दुआ खाली जाती है और ना ही किसी की बद्दुआ।

आज बेबाक

हमारे देश का राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय चिन्ह है। राष्ट्रीय गान है। राष्ट्रीय पुरस्कार है। राष्ट्रीय खेल है। राष्ट्रीय पशु है। राष्ट्रीय पक्षी है। राष्ट्रीय पार्टियां भी है। बस एक राष्ट्रीय वाहन नहीं है। लगता है यह कमी भी अब जल्द पूरी हो जाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर को जो नई पहचान दी है उसके बाद बुलडोजर मध्यप्रदेश, राजस्थान, नई दिल्ली और कश्मीर में भी तहलका मचा रहा है। जिस तेजी से बुलडोजर दौड़ रहा है उसे देखते हुए यदि बुलडोजर राष्ट्रीय वाहन घोषित हो जाए तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

सूर्योदय

उदय : 5.19 प्रात:

अस्त : 6.14 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,942,931,740

भारत : 1,405,099,818

बाजार

सेंसेक्स : 57356.61

निफ्टी : 17200.80

गोल्ड : 52,860 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,450 प्रति किग्रा

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	41.0	24.0
जमशेदपुर	44.0	25.0
रामगढ़	43.4	27.8
डालटनगंज	44.0	24.0

आज का दिवस

विश्व ग्राफिक्स दिवस

विश्व ग्राफिक्स दिवस 27 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन की स्थापना इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ग्राफिक डिज़ाइन एसोसिएशन (इकोग्राडा) द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 27 अप्रैल, 1963 को हुई थी। विश्व ग्राफिक्स दिवस जिसे विश्व ग्राफिक डिजाइन दिवस भी कहा जाता है, दुनिया में संचार डिजाइन और इसकी भूमिका को पहचानने का एक मौका है। ग्राफिक्स ऐसे दृश्य प्रदर्शन को कहते हैं जो किसी दीवार, कपड़े, कागज़, पत्थर, कंप्यूटर स्क्रीन या अन्य सतह पर ज्ञान, मनोरंजन, सन्देश, मार्गदर्शन, पहचान या अन्य किसी ध्येय से बनाया गया हो। मानवों में यह क्षमता है कि वे चित्रलेखों को देखकर उन से अर्थ भाप पाते हैं।

20 दिनों में खत्म हो जायेगा कोयला

बिजली संकट : हांफने लगे देश के कई थर्मल पावर प्लांट

नयी दिल्ली। देश के कई राज्यों में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर होने से बिजली संकट गहराता जा रहा है। राजधानी दिल्ली समेत 11 राज्यों में अब तक के सबसे उच्च स्तर पर है। देश के चार राज्यों में फिलहाल आठ से 10 दिन का कोयला ही मौजूद है। जबकि अन्य आठ राज्यों के थर्मल पावर प्लांटों में कोयले का स्टॉक बहुत गंभीर स्तर पर पहुंच गया है।

जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल से ही पावर प्लांट्स में कोयले की कमी हो रही है। 10 दिन में लगातार छह हजार मेगावाट बिजली की कटौती हो रही है। इससे राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, उत्तराखंड और आंध्र प्रदेश सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में भयंकर गर्मी के पूवार्नुमानों, सभी औद्योगिक इकाइयों के कोविड पूर्व स्तर पर लौटने और कोयले की स्थिति देखकर कम से कम 15 राज्यों में गंभीर बिजली संकट की आशंका जतायी जा रही है। सेंट्रल पावर अथॉरिटी के अनुसार, देश में 173 पावर प्लांट्स हैं, इनमें फिलहाल नौ चल नहीं रहे हैं। जबकि 14 आयातित कोयले से चलते हैं। बाकि 150 में से 85 के पास महज 7-10 दिन का ही कोयला बचा हुआ है। 105 के पास भंडारण क्षमता का 25 फीसदी कोयला है। इनमें 50 के पास 10 फीसदी से कम कोयला है। आयातित कोयले से चलने वाले 14 पावर प्लांट्स में से 11 कोयला भंडार क्षमता के 0 से 19 फीसदी तक ही हैं। ऐसी ही स्थिति पिछले साल सितंबर-अक्तूबर में पैदा हुई थी।

उत्तर से दक्षिण तक व झारखंड में भी कोयले की कमी

देश में सबसे ज्यादा परेशान फिलहाल यूपी, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के पास कुछ दिनों का कोयला बचा हुआ है। इसमें यूपी और पंजाब के पास 7-10 दिन का, हरियाणा के पास 8-12 दिन, जबकि राजस्थान के पास 17 दिन का स्टॉक बचा है। राजस्थान के सातों थर्मल पावर प्लांट, उत्तर प्रदेश में चार में से तीन पावर प्लांट, महाराष्ट्र के सात में से छह पावर प्लांट और आंध्र प्रदेश के तीन थर्मल पावर प्लांट में कोयले का स्टॉक बहुत क्रिटिकल स्तर पर है। इसके अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के भी पावर प्लांट में भी कोयले की भारी कमी बतायी जा रही है।

15 राज्यों में गंभीर बिजली संकट की आशंका

कोयले की आपूर्ति ज्यादा, पर बिजली की मांग उससे भी ज्यादा

कोल इंडिया का कहना है कि इस बार देश के सभी पावर प्लांट्स को कोयला आपूर्ति अप्रैल 2021 से 14.2 फीसदी ज्यादा हुई है। पिछले वर्ष इन्हीं दिनों में एक अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल के बीच रोज 14.3 फीसदी बिजली की आपूर्ति हुई थी, जबकि इस बार 16.4 लाख टन आपूर्ति हुई है। पिछले साल अप्रैल में 413 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादन हो रहा था। इस वर्ष 543 करोड़ बिजली उत्पादन हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि देश के अधिकांश थर्मल पावर प्लांट इन दिनों कोयले की कमी से जूझ रहे हैं। निजी क्षेत्र के 54 में से 28 पावर प्लांट में कोयला खत्म होने की कगार पर ही है। कोयला उत्पादन भले ही बढ़ा हो, लेकिन पावर प्लांट तक नहीं पहुंच पा रहा है। कोयला पावर प्लांट्स तक पहुंचने के लिए 453 रैक रोज चाहिए, लेकिन 412 रैक की मौजूद हैं। तीनों मंत्रालयों की समीक्षा से पहले तो महज 379 रैक ही कोयला ढो रहे थे।

सरकार एक्शन में, मंत्रियों की हुई हाई लेवल मीटिंग

देश के अधिकांश पावर प्लांट्स में कम होते कोयले को लेकर ऊर्जा मंत्रालय, कोयला और रेलवे मंत्रालय इससे निपटने में जुट गये हैं। सोमवार को भी बढ़ती पावर डिमांड को लेकर ऊर्जा मंत्री आरके सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। इसमें इसमें कोयला ढुलाई के लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म प्लान पर चर्चा हुई। मीटिंग में कोयला और बिजली उत्पादन से जुड़ी सरकारी कंपनियां भी शामिल रहीं। इसके अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात समेत कई राज्य सरकारों के प्रतिनिधि भी वर्चुअल तौर पर मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बैठक में कहा कि इस संकट के समय में केंद्र और राज्यों को बेहतर तालमेल के साथ काम करने की जरूरत है। साथ रेल मंत्रालय से अतिरिक्त रैक की मांग भी की।

रेलवे भी आया एक्शन में

रेल मंत्रालय ने भी इस बैठक में एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। इसमें बताया गया कि कैसे कम समय में रेलवे पहले की तुलना में ज्यादा कोयला सप्लाई कर रहा है। बैठक में रेलवे को पावर प्लांट तक जल्दी कोयला पहुंचाने के लिए भी कहा गया। इस पर रेलवे का कहना है कि रेलवे ने अपने नेटवर्क के माध्यम से कोयले के परिवहन में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की शुरुआत कर दी है। इससे बिजली संयंत्रों में कोयले की तेजी से आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। भारतीय रेलवे द्वारा सितंबर 2021 और मार्च 2022 के बीच 32 फीसदी अधिक कोयले की ढुलाई हुई है। रेलवे के मुताबिक, अप्रैल 2022 के बाद भी माल ढुलाई में 10 फीसदी की वृद्धि आई है। साल 2021-22 में भारतीय रेलवे ने कोयले के परिवहन में रिकार्ड 11.1 करोड़ टन की वृद्धि की है। इस बढ़ोतरी के साथ रेलवे ने 65.3 करोड़ टन कोयले की ढुलाई की है।

झारखंड में बिजली की समस्या पर बोले मुख्यमंत्री हेमंत

पूरे देश में है क्राइसिस

रांची। झारखंड में बिजली की समस्या विकराल होती जा रही है। कई इलाकों में घंटों बिजली नहीं मिल पा रही है। इस मामले को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी सिंह ने भी उठाया। इसपर 26 अप्रैल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे देश में बिजली की क्राइसिस है। इस समस्या से निपटने के लिए विभाग को अतिरिक्त पैसे उपलब्ध करा दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी कहर बरपा रही है। यह उम्मीद से अधिक है। कोई भी चीजें अचानक आती है तो कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। कोरोना को लेकर ही देख लें। पूरी दुनिया अस्त-व्यस्त हो गई। चाहे आप कितनी भी तैयारी कर लें अचानक कभी-कभी ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले पर वे लगातार नजर रखे हुए हैं। यहां समस्या है। अन्य राज्यों में भी समस्या है। मशीनें वर्तमान वातावरण में बहुत लोड लेकर चल नहीं पा रही हैं। उसे भी रेस्ट देने की जरूरत पड़ती है। दो घंटे की समस्या होती है। अगर प्लांटों के साथ जोर जबरदस्ती करते हैं तो महीनों की समस्या हो सकती है। यह तो तकनीकी विषय है।

सीएम ने कहा कि जहां तक बिजली की उपलब्धता की बात है तो पूरे देश में इसकी कमी है। क्राइसिस की वजह से बाजार में भी बिजली की खरीद नहीं कर पाते हैं। इसलिए हम लोगों ने आज विभाग को और अतिरिक्त पैसे उपलब्ध करा दिए हैं, ताकि पहले से ही जो कंपटीशन की बिजली खरीदी में है, उससे पहले हिस्सा लेकर इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रधानमंत्री आज करेंगे मुख्यमंत्रियों से संवाद

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दोपहर 12 बजे वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश में कोविड-19 से संबंधित स्थिति पर चर्चा करने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत करेंगे। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण देशभर में कोरोना की स्थिति पर प्रस्तुति देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में आगामी त्योहार ईद, अक्षय तृतीय, भगवान परशुराम जयंती और वैशाख बुध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये सभी त्योहार संयम, पवित्रता, दान और सौहार्द के पर्व हैं। उन्होंने कहा कि इन पर्वों को खूब उल्लास और सौहार्द के साथ मनाइए। इन सबके बीच, आपको कोरोना से भी सतर्क रहना है।

चंद्रशेखरन बने रहेंगे चेयरमैन

नयी दिल्ली। टाटा समूह की कंपनियों की प्रमोटर और होल्डिंग कंपनी टाटा संस के शेयरधारकों ने चेयरमैन के तौर पर एन चंद्रशेखरन की फिर से नियुक्ति को अनुमति दे दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि कंपनी के शेयरधारकों ने अगले पांच साल के लिए चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी है। हालांकि, इसका सबसे बड़ा शेयर धारक शापूरजी पालोनजी समूह मतदान में शामिल नहीं हुआ। इस साल फरवरी में टाटा संस के बोर्ड ने कार्यकारी चेयरमैन के तौर पर पांच और वर्षों के लिए यानी फरवरी 2027 तक के लिए एन चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी थी। इसके बाद अब इस पर शेयरधारकों को फैसला लेना था। सोमवार को हुई शेयरधारकों की बैठक में दूसरे कार्यकाल के लिए चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के लिए 50 फीसदी से अधिक मतों की आवश्यकता थी, क्योंकि यह सामान्य प्रस्ताव था। टाटा ने इस प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया। इसके साथ ही सूत्रों ने यह भी कहा कि पूर्व चेयरमैन सायरस मिस्त्री का शापूरजी पालोनजी परिवार चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति और जेपी मोर्गन इंडिया के चेयरमैन लियो पुरी की टाटा संस के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर नियुक्ति के लिए हुए मतदान से दूर रहा। बता दें कि शापूरजी पलोनजी समूह टाटा संस में 18.4 फीसदी का हिस्सेदार है।

बेरोजगारी | भारत में अभी 90 करोड़ लोग बेरोजगार

45 करोड़ ने छोड़ दी जॉब की तलाश

नयी दिल्ली। भारत में बढ़ती बेरोजगारी सबसे बड़ी चिंता है। एक बड़ी संख्या में लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, लेकिन उनकी तलाश का अंत नहीं हो पा रहा है। हैरानी की बात ये है कि भारत में ऐसे लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, जो नौकरी की तलाश में भी नहीं हैं, क्योंकि उनमें से अधिकांश सही तरह की नौकरी नहीं मिलने से निराश हैं। एक निजी शोध संगठन सीएमआईइ यानी सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के नये आंकड़ों के अनुसार, 45 करोड़ से अधिक भारतीय नौकरी की तलाश में ही नहीं हैं। सीएमआईइ के आंकड़ों में कहा गया है कि लीगल वर्किंग उम्र के 90 करोड़ भारतीयों में से आधे से अधिक (अमेरिका और रूस की कुल आबादी के बराबर) नौकरी नहीं चाहते हैं। 2017 और 2022 के बीच, समग्र श्रम भागीदारी दर 46 प्रतिशत से गिरकर 40 प्रतिशत हो गयी। लगभग 2.1 करोड़ श्रमिकों ने काम छोड़ा और केवल 9 प्रतिशत योग्य आबादी को रोजगार मिला। सीएमआईइ के मुताबिक, भारत में अभी 90 करोड़ लोग रोजगार के योग्य हैं और इनमें से 45 करोड़ से ज्यादा लोगों ने अब काम की तलाश भी छोड़ दी है।

सिर्फ 9 फीसदी महिलाओं के पास है काम

सीएमआईइ के महेश व्यास ने कहा, महिलाएं श्रम बल में इतनी संख्या में शामिल नहीं होती हैं, क्योंकि नौकरियां अक्सर उनके लिए सुटेबल नहीं होती हैं। उदाहरण के लिए, पुरुष काम के लिए पहुंचने के लिए ट्रेन बदलने को तैयार हैं। महिलाओं के ऐसा करने के लिए तैयार होने की संभावना कम है। यह बहुत बड़े पैमाने पर हो रहा है। महेश व्यास ने कहा, कई प्रोफेशन ऐसे हैं, जिनमें महिलाओं की हिस्सेदारी नाममात्र की है। यही कारण है कि योग्यता के बावजूद सिर्फ प्रतिशत महिलाओं के पास काम है या वे काम की तलाश जारी रखे हुए हैं।

वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान (क्यू.आर.एम.पी) योजना

पिछले वित्तीय वर्ष में रू. 5 करोड़ तक के सकल वार्षिक टर्नओवर वाले छोटे उद्यमों के लिए व्यापार सरल बनाने की दिशा में कदम

क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र करदाता जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा इस योजना का विकल्प चुन सकते हैं

करदाता इंटरफेस पर लॉग इन करें

Services>Returns> Opt-in for quarterly return पर जाएं

वर्तमान में क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठा रहे करदाताओं को योजना के लिए पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है

- ☑ तिमाही में सिर्फ एक बार जी.एस.टी. स्टेटमेंट/रिटर्न फॉर्म जी.एस.टी.आर.–1 और फॉर्म जी.एस.टी.आर.–3 बी में फाइल करें
- ☑ तिमाही के पहले दो महीनों में फिक्स्ड सम विधि (पहले से भरा हुआ चालान) अथवा स्वयं–मूल्यांकन विधि (ITC को सम्मिलित करके वास्तविक करदेयता) द्वारा मासिक कर का सरलतापूर्वक भुगतान करने की सुविधा
- ☑ योजना को अपनाना/छोड़ना सरल
- ☑ फ्लेक्सिबल इनवॉयस दाखिल करने की सुविधा का लाभ उठाएं
- ☑ हर तिमाही में एक बार ITC और कर का स्वयं–मूल्यांकन

क्यू.आर.एम.पी योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिसूचना सं. 82/2020–केंद्रीय कर और परिपत्र सं. 143/13/2020-जीएसटी दोनों दिनांक 10.11.2020 को देखें

वित्तीय वर्ष 2022–23 की पहली तिमाही के लिए क्यू.आर.एम.पी योजना का विकल्प चुनने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2022 है

जीएसटी रिटर्न दाखिल करना हुआ तीव्र, आसान और सहज

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
@cbic_india @cbicindia www.cbic.gov.in

davp 15502/13/0003/2223

रांची आरपीएफ लगातार कर रहा सराहनीय कार्य : एसी

संवाददाता

रांची : रांची के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एसी पवन कुमार ने कहा कि आरपीएफ लगातार बेहतर और सराहनीय कार्य कर रहा है। यह कार्य लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत एक महिला और उसके दो बच्चों को बचाया गया है। आरपीएफ को रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर एक सूचना मिली थी कि एक महिला दो बच्चों के साथ लापता हो गई है, जो अपने घर तिरुलडीह से ट्रेन से रांची रेलवे स्टेशन जा रही है। तलाशी के दौरान दो छोटे बच्चों वाली एक महिला नए एफओबी के पास प्लेटफार्म नंबर एक के शेड के नीचे बैठी मिली।

पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रीता देवी बताया। वह सरायकेला-खरसावा की रहने वाली थी। इसके बाद महिला को आरपीएफ पोस्ट मुरी लाया गया और महिला आरपीएफ कर्मचारियों की सुरक्षा में रखा गया। इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी गई, जिस पर उसके भाई उमेश कुरी ने आरपीएफ पोस्ट मुरी पहुंचे और सत्यापन के बाद महिला तथा उसके दो बच्चों के साथ उचित कार्यवाही के बाद उसके भाई को सौंप दिया गया। उन्होंने इस काम के लिए आरपीएफ मुरी को धन्यवाद दिया।

नाबालिग लड़के को बचाया

रांची आरपीएफ के अधिकारी और कर्मचारियों की ओर से नियमित जांच के दौरान रांची स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर एक नाबालिग लड़के को अकेले घूमते हुए देखा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम और पता मो. जुल्फिकार बताया। वह गोड्डा जिले के बसंतारा थाना क्षेत्र के बसीपुर मोहम्मद साजन के पुत्र है।

उसने यह भी बताया की वह अपने घर जाना चाहता था लेकिन वह उनसे संपर्क नहीं कर पा रहा है। वह किसी संपर्क नंबर को भी याद नहीं कर पा रहा था। सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे चाइल्ड लाइन रांची को सौंप दिया गया।

नन्हे फरिश्ते टीम ने किया बेहतर कार्य

ऑपरेशन आहट के तहत नन्हे फरिश्ते टीम ने झारखंड की बच्ची को दिल्ली में बेचने से बचाया है।आरपीएफ टीम को गाड़ी संख्या 12873 हटिया आनंद बिहार की चेकिंग के दौरान कोच संख्या 52 बर्थ संख्या एक के पास एक नाबालिग लड़की डरी-सहमी हुई दिखी। उससे पूछताछ करने के समय एक लड़का आया और बोला कि मैं इसके साथ हूं।

उन्होंने बताया कि संदेह होने पर लड़का और नाबालिग लड़की को ट्रेन से उतार कर पुनः पूछताछ किया गया तो लड़का अपना नाम बदल बदल कर बताने लगा। कड़ाई से पूछने पर लड़के ने अपना नाम शेख अपु बताया। इसके पास से रियल मी मोबाइल, रेलवे ई टिकट, 1200 रुपये जब्त किया गया। वह गुमला के बसिया का रहने वाला है ।

नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर दिल्ली में घरेलू कामकाज एवं अन्य कार्य के लिये ले जा रहा था। लड़की को दिल्ली में शंकर नाम के व्यक्ति को देना था। नाबालिग लड़की देने के एवज में उसे 20 हजार मिलता। इसकी सूचना पर बसिया थाना उप निरीक्षक मंटू कुमार और विनय हेम्ब्रम अपने स्टाफ के साथ रांची पहुंचे। उन्हें नाबालिग लड़की और शेख अपु को सौंप दिया गया।

एक नजर

स्थानीय व नियोजन नीति पर संयुक्त मोर्चा की बैठक

रांची : आदिवासी मूलवासी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय एवं नियोजन नीति को लेकर प्रेस क्लब में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डा करमा उरांव ने की। इस दौरान बैठक में कई निर्णय और प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए उरांव ने बताया कि स्थानीय एवं नियोजन नीति को लेकर निकट भविष्य में विधान सभा अध्यक्ष, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर स्मार पत्र सौंपेगी। साथ ही राज्य के आदिवासी मूलवासी के रक्षा और आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक विचार विमर्श करेगी। बैठक में अंतु तिर्की, बलकू, एलएम उरांव, शिवा कच्छप, संजय तिर्की सहित कई लोग मौजूद थे।

वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल और सीएम को मांग पत्र सौंपा

रांची : झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने मंगलवार को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अलग-अलग मांग-पत्र सौंपा गया। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु की ओर से यह मांग-पत्र सौंपा गया। इस संबंध में साहु ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि 40 प्रतिशत आबादी वाले वैश्य समाज के साथ दोयम दर्जे की नीति अपनाना बंद करें और बराबरी का अवसर प्रदान करे। राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव-2022 में ओबीसी का आरक्षण समाप्त करके 40 प्रतिशत आबादी वाले वैश्य समाज को गांव-पंचायतों में प्रतिनिधि नहीं बनने देने और विकास एवं रोजगार योजनाओं से दूर रखने की गहरी साजिश की है। इसलिए राज्य सरकार अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करते हुए ओबीसी को तत्काल 27 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था करे।

शराब बेचेंगे राज्य के पढ़े लिखे युवा : संजय पोद्दार

रांची : भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय पोद्दार ने कहा कि झारखंड के एमटेक, ग्रेजुएट, इंटर और मैट्रिक पास युवा अब सरकार का शराब बेचेंगे। पोद्दार ने मंगलवार को कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने सत्ता में आने के पूर्व हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन सरकार के लगभग ढाई साल से ज्यादा समय हो चले हैं, एक भी नियुक्ति नहीं हुई है। दूसरी ओर अब युवाओं से शराब बिकवाने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार यहां के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। यही नहीं यहां के पढ़े लिखे बच्चों के शिक्षा का भी अपमान करने का काम कर रही है, जो सरासर गलत है। सरकार यहां के पढ़े-लिखे बच्चों को शराब की दुकान में सेल्समैन के रूप में काम करवाना चाहती है। आने वाले समय में यहां के युवा इस सरकार को सबक सिखायेंगे।

रघुवर ने बेटे और करीबियों को टाटा समूह की कंपनियों में नौकरी दिलायी : सुप्रीयो

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के बयान पर पलटवार किया है। पलटवार करते हुए झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि रघुवर दास ने बेटे और करीबियों को टाटा समूह की कंपनियों में नौकरी दिलाया है। भट्टाचार्य मंगलवार को बरियातू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यही नहीं सीएम के प्रेस सलाहकार को रघुवर दास की सरकार ने स्टोन क्रशर का लाइसेंस दिया था। भट्टाचार्य ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर प्रेसवार्ता के दौरान कई गंभीर आरोप लगाया है।

झारखंड में वर्षों से बिजली की स्थिति ऐसी क्यों : साक्षी

रांची : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी सिंह ने सोमवार की रात ट्वीट कर पूछा है कि एक टैक्स पेयर होने के नाते जानना चाहती हूं कि आखिर झारखंड में कई सालों से बिजली की स्थिति ऐसी क्यों है। सोमवार की रात घंटों बिजली कटी रही, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। उल्लेखनीय है कि झारखंड में स्थापित पावर प्लांटों से कुल क्षमता प्रतिदिन 4826 मेगावाट बिजली उत्पादन करने की है। फिलहाल रोजाना 4246 मेगावाट बिजली उत्पादित भी हो रही है लेकिन राज्य को इसमें से मात्र 1246 मेगावाट बिजली की मिल रही है।

बिजली कटौती के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार : दीपक

रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने झारखंड में अभूतपूर्व बिजली कटौती के लिए राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला है। प्रकाश ने मंगलवार को कहा कि झारखंड में अभूतपूर्व बिजली कटौती के लिए राज्य की सरकार जिम्मेवार है। प्रकाश ने कहा कि पिछले दिनों राज्य के दौरे पर आए केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने साफ कहा कि देश में पर्याप्त मात्रा में बिजली है। बिजली चाहिए तो समय पर पैसे का भुगतान तो करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं कर रही है। प्रकाश ने कहा कि दूसरी तरफ बिजली सब्सिडी को लेकर कई जगहों से एक अलग प्रकार की ही शिकायत प्राप्त हो रही है। सरकार द्वारा अप्रैल 2022 से प्रतिमाह 400 यूनिट बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए ही बिजली सब्सिडी की घोषणा की गई है। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि विभाग द्वारा दस से 15 दिन विलम्ब से उन्हें बिजली बिल देने के कारण बिजली सब्सिडी के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।

संक्षिप्त

जल्द होगा स्कूलों के समय में बदलाव : शिक्षा मंत्री

रांची : राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों में एक बार फिर कक्षाओं के संचालन में बदलाव हो सकता है। राज्य में अब सभी सरकारी और निजी स्कूल में कक्षाएं सुबह छह से लेकर साढ़े दस बजे तक चलेंगी। इस संबंध में राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने मंगलवार को कहा कि जल्द ही शिक्षा विभाग इस बारे में अधिसूचना जारी करेगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला बढ़ती गर्मी और बच्चों को सेहत को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

अर्बन हाट रांची का निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा करें : मुख्यमंत्री

संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में लगभग पांच वर्षो से बंद पड़े अर्बन हाट रांची के री-कंस्ट्रक्शन मास्टर प्लान की पीपीटी प्रेजेंटेशन रखी गई। नगर निगम रांची द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण दी गई।

पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को अवगत कराया गया कि अर्बन हाट रांची का निर्माण कार्य 30 अगस्त, 2016 को प्रारंभ हुआ था लेकिन किसी कारणवश निर्माण कार्य लगभग पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ा था। वर्तमान सरकार के निदेर्शानुसार अर्बन हाट रांची का री-कंस्ट्रक्शन कार्य प्रारंभ करने की योजना है। इस निमित्त नगर निगम रांची द्वारा री-कंस्ट्रक्शन मास्टर प्लान ऑफ अर्बन हाट तैयार कर ली गई है।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अर्बन हाट रांची के निर्माण के लिए पहले से ही 10 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। नए मास्टर प्लान के तहत अर्बन हाट रांची को दिल्ली हाट के तर्ज पर बनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने पीपीटी प्रेजेंटेशन देखते हुए निर्देश दिया कि अर्बन हाट रांची में राज्य के क्षेत्रीय हस्तकला सहित विभिन्न कारीगरों को अधिक से अधिक रोजगार मिले इसका पूरा ध्यान रखा जाए। मौके पर मुख्यमंत्री ने नगर निगम रांची के अधिकारियों को अर्बन हाट निर्माण कार्य को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्बन हाट रांची का निर्माण कार्य एक तय समय सीमा के अंतर्गत पूरा करें।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, नगर आयुक्त मुकेश कुमार, अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन, चीफ इंजीनियर राकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस सदस्य बनाने का दावा पूरी तरह से सत्य से परे : आलोक दूबे

संवाददाता



रांची : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सदस्यता को लेकर मीडिया को दिये रिपोर्ट कार्ड में 7.50 लाख सदस्य बनाने का ऐतिहासिक दावा पेश किया जो पूरी तरह से सत्य से परे है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि यह दावा राजेश ठाकुर ने संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल के समक्ष दिल्ली में पांच अप्रैल की बैठक में भी किया था। हालांकि, संगठन प्रभारी ने 25 लाख के छोटे से लक्ष्य पर आपत्ति दर्ज कराया था और सदस्यता की प्रगति पर भी नाराजगी जताई थी। इतना ही नहीं 12 अप्रैल से संवाद सम्मेलन को भी केसी वेणुगोपाल ने सिर्फ इसलिए रोक दिया कि सदस्यता अभियान पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है लेकिन इसके बावजूद प्रदेश अध्यक्ष ने सदस्यता अभियान को गंभीरता से नहीं लिया।

उन्हीं के दावे के अनुसार 25 लाख के लक्ष्य में मात्र 7.50 लाख ही हो पाया। अगर इसे अलग अलग किया जाए तो फार्म भरकर चार लाख 70 हजार सदस्य बनाए गये। पिछले वर्ष 2017-18 में 5.50 से अधिक सदस्य सिर्फ फार्म भरकर बनाए गये थे, जबकि पिछले साल छह विधायक थे। इस बार 18 विधायक एवं पार्टी सत्ता में भी है। फिर भी संगठन का विस्तार करने में प्रदेश अध्यक्ष पूरी तरह से विफल और फ्लॉप रहे।

उन्होंने कहा कि डिजिटल मेम्बरशिप की अगर बात करें तो प्रदेश अध्यक्ष के गृह जिले बोकारो में मात्र 644 सदस्य बने हैं, जबकि 80 फीसदी से अधिक पार्टी के मंत्री, विधायक और सांसदों ने मिलकर बनाया है। देश में लगभग तीन करोड़ डिजिटल मेम्बरशिप में झारखंड का योगदान 2.13 लाख ही है।

दूबे ने कहा कि चुनाव प्राधिकरण आयोग के द्वारा 15 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद मेम्बरशिप को लॉक कर दिया है। फिर भी मेम्बरशिप फार्म लिए जा रहे हैं। ऐसी जानकारी आज स्वंय प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया है। ऐसे में ये कहा जा सकता है प्रदेश अध्यक्ष अलोकतांत्रिक कार्य कर रहे हैं और इस बाबत इनके ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी हो सकती है।

पांच माह में कांग्रेस ने झारखंड में साढ़े सात लाख नये सदस्य बनाये : राजेश ठाकुर

संवाददाता

रांची : प्रदेश कांग्रेस ने पिछले पांच महीने में झारखंड में साढ़े सात लाख नये सदस्य बनाया है। इसमें दो लाख 80 हजार सदस्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। यह बात प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि 15 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन हम इसे पूरा नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि अभियान में कुछ देरी हुई है लेकिन राज्य गठन के 22 साल बाद पार्टी की यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। संवाद गैप नहीं हो, इसलिए पार्टी प्रेस वार्ता कर मीडिया को सदस्यता अभियान की जानकारी दे रही है।

उन्होंने कहा कि पहली बार जनजागरण के माध्यम से सभी जिलों का दौरा कर कार्यकताओं के भावनाओं को समझने को मौका मिला। नये प्रभारी की सोच के साथ हुए चिंतन शिविर में गुटबाजी को दरकिनार कर राज्य के विकास को गति देने का फैसला किया गया। प्रमंडलीय स्तरीय संवाद कार्यक्रम से पंचायत और बूथ स्तर के कार्यकताओं से भावना को समझने का प्रयास किया गया। राजेश ने कहा कि अभियान की सफलता को देखकर जिला और प्रखंड स्तरीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। अब तक 7.50 (इसमें 2.8 हजार डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा) लाख सदस्यता फॉर्म भरा गया है। प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा आदि मौजूद थे।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम

किसान भागीदारी प्राथमिकता का आयोजन

संवाददाता

रांची : स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्रए चतरा में दिन मंगलवार को किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 30 अप्रैल तक चलेगा।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रखण्डों के करीब 300 किसान शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डां. रंजय कुमार सिंह ने किसानों को बताया कि यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय एवं संबद्ध मंत्रालयों यथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, पशुपालन मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और सहकारिता मंत्रालय की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में देश भर में बड़ी संख्या में किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने और प्रचार करने के लिए क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। यह आयोजन 30 अप्रैल तक किया जायेगा। उन्होने कहा कि इस अभियान की अवधि के दौरान कृषि विज्ञान केन्द, चतरा के द्वारा जिले के किसानों के लिए क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे। साथ ही इस अभियान के दौरान देश की आजादी के 75 साल में हरित क्रांति और खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता समेत कृषि विकास के क्षेत्र में पहुंचे मील के पत्थर पर भी प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में ऑनलाईन के माध्यम से किसानों ने मा्ननीय कृषि मंत्री भारत सरकार के संबोंधन को सुना। कार्यक्रम में कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने देश भर के कृषि विज्ञान केन्द्रों के कई कृषि वैज्ञानिकों एवं किसानों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के उपरांत कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के वैज्ञानिक धर्मा उरॉव, डॉ वीपी राय एवं इंजि विनोद कुमार पाण्डेय के द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने अपने समस्या को वैज्ञानिकों के बीच रखा एवं उसका निदान किया गया। संवाद के द्वारा वैज्ञानिक धर्मा उरॉव ने किसानों को ज्वार, बाजरा, मडुआ, तेहन फसल एवं आईसीएआर द्वारा विकसित किस्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्रए चतरा के मो जुनैद आलम, अभिजित घोष, अभिषेक घोष, नवल किशोर, लालमन ठाकुर, बसंत ठाकुर, नेपाल ठाकुर, रूपलाल कुमार भोक्ता आदि उपस्थित थे।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने ओपी चौधरी को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

संवाददाता

रांची : राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर स्व. ओपी चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। उन्होंने नम आंखों से अपने पुराने कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता ओपी चौधरी को अंतिम विदाई दी।

इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता भावुक होकर रो पड़े। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि इस दुख की घड़ी में क्या कहना है तो मंत्री कुछ कह नहीं पाए और रोने लगे।

उल्लेखनीय है कि साकची निवासी ओपी चौधरी बहुत दिनों से लीवर के रोग से ग्रसित थे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने रिम्स में उनके इलाज का इंतजाम कराया था लेकिन बेहतर इलाज के लिए उन्हें हैदराबाद के एआईजी हॉस्पिटल भेजा था ताकि लीवर का ट्रांसप्लांट हो सके लेकिन इलाज के क्रम में सोमवार की रात उनके निधन की सूचना मिली।

मंत्री बन्ना गुप्ता की पहल पर आज मोक्ष वाहन की व्यवस्था की गई, जिससे पार्थिव शरीर को जमशेदपुर स्थित निवास स्थान के लिए भेजा गया। ओपी चौधरी के निधन से जमशेदपुर में शोक का माहौल है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पहुंचे रांची

रांची : राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो मंगलवार को रांची पहुंचे। वह राज्य के रसूखदार पूर्व नौकरशाह से जुड़ी संस्था के चिल्ड्रेन होम में सात वर्षीय बच्ची के साथ यौन हिंसा और मामले को दबाने का प्रयास की जानकारी मिलने पर रांची पहुंचे है।

यह मामला धुर्वा थाना क्षेत्र के कुटे स्थित रेनबो फाउंडेशन इंडिया की ओर से संचालित रेनबो होम का है। पूर्व में यहां सात वर्षीय आदिवासी बच्ची के साथ चिल्ड्रेन होम के गार्ड द्वारा यौन हिंसा किया गया। साथ ही इसे दबाने का प्रयास भी किया गया है।

जानकारी के अनुसार एक सामाजिक कार्यकर्ता ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग से इसकी शिकायत की थी और कहा था कि बीते 7 अप्रैल को नाबालिग बच्ची के साथ चिल्ड्रेन होम के गार्ड के द्वारा यौन हिंसा किया गया। साथ ही चिल्ड्रेन होम के मैनेजर और सीडब्ल्यूसी द्वारा मामला को छुपाया गया, जो कि पॉस्को अधिनियम 19 की उप धारा 2 के तहत दंडनीय अपराध है। इस तरह की शिकायत मिलने के बाद राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने इस पर संज्ञान लिया है।

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने मंगलवार को ट्वीट करते हुए कहा है कि आज रांची झारखंड में हूं। यहां एक चिल्ड्रेन होम में बच्चे के साथ स्टाफ द्वारा यौन हिंसा और उसके बाद उसको दबाने का मामला प्रकाश में आया है। बालगृह उसी रसूखदार पूर्व नौकरशाह से ही संबंधित संस्था का है, जहां बच्चों का उपयोग धरना, प्रदर्शन और अराजक गतिविधियों में किया जाता है।

नगर निगम ने कचरा उठाने वाली कंपनी को हटाया, खुद उठायेगा कचरा

संवाददाता

रांची : रांची नगर निगम ने शहर में डोर टू डोर कचरा उठाने वाली कंपनी सीडीसी को टर्मिनेट कर दिया है। टर्मिनेट करने की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बस हस्ताक्षर होना बाकी है। कुछ दिनों के लिए शहर में कचरा उठाने की जिम्मेदारी निगम स्वयं लेगा। बाद में टेंडर निकालकर नई कंपनी को काम दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से वेतन भुगतान को लेकर सीडीसी के कर्मचारी लगातार हड़ताल पर जा रहे थे, जिससे शहर में कचरा उठाव में देरी हो रही थी। शहर की जनता इससे काफी परेशान हो रही थी।इसके बाद निगम ने यह फैसला लिया है।

इस संबंध में सहायक नगर आयुक्त रजनीश कुमार ने कहा कि डोर टू डोर कचरा उठाने में अनियमितता बरतने पर सीडीसी कंपनी को टर्मिनेट कर दिया गया है। यह तीसरी कंपनी है, जिसे निगम ने टर्मिनेट किया है। तत्काल शहर में कचरे का उठाव निगम स्वयं करेगा। बाद में टेंडर निकाल कर किसी अन्य कंपनी को काम दिया जाएगा।

तीव्र रफ्तार ऑटो ने वृद्ध महिला को मारी टक्कर, मौत

▸▸ कांटा टोली के समीप सुबह साढ़े पांच बजे की घटना

वरीय संवाददाता

रांची : राजधानी में चलनेवाली ऑटो चालकों की तीव्र रफ्तार अब सड़क पर पैदल चलनेवालों के लिये जानलेवा साबित हो रही है। ऐसी ही एक घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे कांटा टोली से डंगरा टोली चौक के समीप घटी। तीव्र रफ्तार से आ रही ऑटो की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। वहीं महिला को कुचलने वाला ऑटो चालक दुर्घटना के बाद तेजी से भाग निकलने में सफल रहा। आसपास के लोगों के अनुसार घटना की जानकारी तत्काल एंबुलेंस व पुलिस को दी गई लेकिन एंबुलेंस घटनास्थल पर काफी देर से पहुंची थी। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतका आसपास की रहनेवाली थी,जो सड़क पर छोटे-मोटे कार्य कर अपना जीवन यापन करती थी।

यौन शोषण के फरार आरोपी को भेजा गया जेल

वरीय संवाददाता

रांची : धुर्वा थाना की पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी अभियुक्त राजन तिर्की को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी अभियुक्त सिठियो नया बस्ती,धुर्वा का रहनेवाला है।

इस संबंध में धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वर्ष 2020 में पीड़ित महिला के द्वारा आरोपी राजन तिर्की के खिलाफ शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ कांड संख्या 106/20 दर्ज की थी। आरोपी दो वर्षो से फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है।

एक नजर

पायल सोनी को किया गया सम्मानित

रांची : प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारतीय सेवा सम्मान 2022 कार्यक्रम में समाजसेवा में बेहतर योगदान के लिये पायल सोनी को पीएससी रेलवे बोर्ड,रेल मंत्रालय के चेयरमैन रमेश चंद्र रत्न व रांची के विधायक सीपी सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यसभा भाजपा सांसद सैयद जफर इस्लाम,पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

टाइटन बंधन घड़ियों की नयी रेंज पेश

रांची : शादियों के इस सीजन में टाइटन, आधुनिक घड़ियों के पेयर वाली शानदार बंधन रेंज लेकर आ रहा हैं। इस साल टाइटन ने स्लीक डिजाइन में कपल्स वॉचेज का बेहतरीन कलेक्शन पेश किया है, जो आज के फैशन के प्रति सजग उपभोक्ताओं को खूब लुभायेगा। इस कलेक्शन की सभी कपल्स वॉचेज बेहद आरामदायक और स्टाइलिश हैं, जो बड़े कैम्बर्ड डायल और मिनरल ग्लास से बनी हैं। कलेक्शन की घड़ियां कई रंगों के पैलेट्स में उपलब्ध है। वैडिंग वॉच को फैशनेबल कलर पैलेट के साथ शानदार गोल्ड लुक देती है। बंधन का हर पेयर अनूठे टेक्सचर के साथ भव्य लुक देता है। इस कलेक्शन की घाड़ियां शादियों के सीजन में उपहार देने के लिए भी बेहतरीन हैं। बंधन कलेक्शन झारखंड समेत देश भर में वर्ल्डस ऑफ टाइटन स्टोर्स, हेलियोस, सभी मुख्य डिपार्टमेंटल स्टोर्स और अधिकृत डीलरों के पास उपलब्ध है। इसकी रेंज की कीमत रु 8495 से रु 19,390 के बीच है। ऑननलाईन भी यह कलेक्शन खरीद सकते हैं।

प्रणामी भक्तों ने निवारणपुर के आदिम छात्रावास में बांटा भोजन

रांची : संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की ओर से मंगलवार को निवारणपुर स्थित आदीम जाती सेवा मंडल के बच्चों के बीच भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 बच्चों को अल्पाहार दिया गया। अल्पाहार में वेज चोमीन, पनीर चिल्ली, क्रिम रोल, चिप्स, समोसा, बिस्किट, मिक्चर और विभिन्न प्रकार के खाने के समान माधो कांत अग्रवाल की स्मृति मे उनके बडे भाई अंजनी अग्रवाल एवं उनके परिवार के सौजन्य से दिया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच लस्सी का भी वितरण किया गया। आज की भोजन एवम अल्पाहार वितरण का कार्य माधो कांत अग्रवाल के बडे भाई अंजनी अग्रवाल बहन हेमा अग्रवाल, राधिका अग्रवाल एवं आरव अग्रवाल के हाथो वितरण कराया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, धीरज कुमार गुप्ता, आलोक सिंह आदि काई लोग उपस्थित थे।

ग्रामीण विकास सचिव से मिले प्रशिक्षु अधिकारी

ग्रामीण विकास विभाग सचिव डॉ मनीष रंजन से मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। यह उनकी डॉ मनीष रंजन से शिष्टाचार भेंट थी।

एकादशी व त्रिपुष्यकर योग में हुई बलालय प्रतिष्ठा

संवाददाता

रांची : जगत्नियन्ता और सृष्टि के रचयिता भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का बाल- आलयम् अनुष्ठान सम्पन्न करवाने के लिये दक्षिण के कांचीपुरम से श्री श्रीवत्स भट्टर अपनी टीम के साथ रांची पहुंच गये हैं। श्रीभट्टर कांचीपुरम के प्रसिद्ध श्रीवरदराज भगवान मन्दिर के मुख्य अर्चक हैं और आप दक्षिणात्य पद्धति से तथा शास्त्रोक्त विधि से अनुष्ठान करवाने के विशेषज्ञ हैं।

आज सायं 6.00 बजे विशेष शुभ मुहूर्त में बाल-आलयम् अनुष्ठान की प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले आचार्यवर्यण, भगवत् प्रार्थना और यजमान संकल्पम् हुआ। इसके बाद विश्वकसेन - आराधनम्, पुण्याहवाचनम्, मृतका - सग्रहणम्, अंकुरार्पणम् और रक्षा -बन्धन प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद मंत्रों के द्वारा कलाकर्षण से पेरूमाल विमान (मुख्य गर्भगृह का गुंबज) गरुड़जी विमान, राजगोपुरम एवं गरुड़-स्तम्भ से सर्वशक्तिमान भगवान के प्राण तत्व को आकर्षित करके घट में स्थापित किया गया।

इस तरह भगवान के प्राणयुक्त- घट और बाल - आलयम् बिम्ब का विधि- विधान से पूजन किया गया, मंत्रों के माध्यम से घट और बाल - बिम्ब की प्राण प्रतिष्ठा की गई। अंत में शयन आरती हुई और सर्व - सामर्थ्यवान भगवान जगतजननी महालक्ष्मी के साथ शयन विश्राम के लिये चले गये।

यजमान संकल्पम रामअवतार नारसरिया संग शारदा नारसरिया के द्वारा किया गया और सारा कार्यक्रम श्रीश्रीवत्स भट्टर, सत्यनारायण गौतम, गोपेश जी आचार्य एवं श्रीनारायण दास के द्वारा शास्त्रोक्त विधि से संपन्न कराया गया। कल प्रातः बाल आलयम् बिम्ब का महा सम्प्रोक्षणम् सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे।

खादगढ़ा बस स्टैंड से पांच नाबालिग रेस्क्यू, एक गिरफ्तार

गिरीडीह का रहनेवाला है आरोपी तस्लीम अंसारी

▸▸ पांचो नाबालिग को बस से रायपुर ले जाने की थी तैयारी

वरीय संवादाता

रांची : राजधानी रांची के कांटा टोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से पांच नाबालिग बच्चियों को पुलिस ने रेस्क्यू किया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में एक मानव तस्कर को भी गिरफ्तार की है। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी मानव तस्कर तस्लीम अंसारी गिरीडीह जिला का रहनेवाला है। वहीं पुलिस ने सभी नाबालिग को चाइल्ड लाइन टीम को सौंपी है।

जानकारी के अनुसार लोअर बाजार थाना अंतर्गत खादगढ़ा टीओपी के प्रभारी मंटू सिंह की नजर खादगढ़ा बस स्टैंड में पांच नाबालिग बच्चियों के साथ एक 65 वर्षीय व्यक्ति पर पड़ी। उन्होंने शक होने पर जब उस व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपना नाम तस्लीम अंसारी बताया और काफी हड़बड़ा गया। संतोषजनक जवाब नही मिलने पर उन्होंने पांचो नाबालिग सहित बुजुर्ग व्यक्ति को टीओपी लेकर पहुंचे और सख्ती से जब पूछताछ की तो बताया कि सभी बच्चियों को मानव तस्करी के उद्धेश्य से रायपुर लेकर जा रहा था। सभी बस का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने मामले की जानकारी फौरन ही वरीय पदाधिकारियों को दी,जिसके बाद सूचना मिलते ही सीडब्लूसी की टीम के मौके पर पहुंचने पर पांचो नाबालिग को सौंपा गया। इस मामले में मंगलवार को खादगढ़ा बस स्टैंड के प्रभारी मंटू सिंह के बयान पर एएचटीयू थाना में आरोपी मानव तस्कर तस्लीम अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

वार्ड 49 में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

रांची : वार्ड पार्षद जमीला खातून लगातार अपने वार्ड 49 को मॉडल वार्ड बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।इसी कर्म मे मंगलवार को वार्ड 49 की पार्षद जमीला खातून ने मणिटोला गौस नगर स्तिथ शिबली रहमान के घर से गौस नगर मस्जिद तक लगभग 700 फीट नाली और स्लैब निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर पार्षद जमीला खातून ने बताया वार्ड 49 के सभी गली मोहल्ले कॉलोनी के रोड,नाली और स्लैब का निर्माण कार्य युद्ध स्तर से करवाया जा रहा है ताकि आम दिनो मे और विशेष कर बरसात के दिनो में आम नागरिकों को किसी तरह की दिक्कत का सामना करना ना पड़े साथ ही आने वाले समय मे जिस भी गली मोहल्ले का रोड नाली का काम बच गया है वहा भी जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा।पार्षद ने बताया की वार्ड की जनता के साथ आप की अपनी पार्षद जमीला खातून हमेशा खड़ी है। मौके पर हाजी मंजूर, मो मुबारक खान, मो वसीम जफर, मो हाजी अखबर, अब्दुल मन्नान, अकीब अख्तर, मो आलम, आसिफ खान, परवेज आलम, मरगूब इल्मी आदि लोगो मौजूद थे।

राज्यपाल के परिसहाय बने श्रीकांत सुरेशराव खोत्रे

रांची : आईपीएस श्रीकांत सुरेशराव खोत्रे राज्यपाल के परिसहाय बनाए गए हैं। राज्यपाल के परिसहाय (पुलिस) के पद के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रेषित भारतीय पुलिस सेवा के तीन अधिकारियों के पैनल में राज्यपाल ने श्रीकांत सुरेशराव खोत्रे के नाम पर अपनी सहमति प्रदान की है। खोत्रे 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले 2010 बैच के आईपीएस वाई एस रमेश को राज्यपाल का परिसहाय बनाया गया था। जिस पर

राज्यपाल ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी और कहा था कि उनकी बिना अनुमति के ही उनके परिसहाय की नियुक्ति की गई है। इसके बाद वाईएस रमेश को जैप एक का कमांडेंट बनाया गया था।

भीषण जल एवं बिजली संकट के कारण जनता बेहाल : मारू

रांची : राज्य सभा के पूर्व सांसद अजय मारु ने कहा है कि राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में भीषण बिजली संकट उत्पन्न हो गयी है। भीषण गर्मी में बिजली संकट के कारण आम आदमी परेशान है। शहरी क्षेत्र में जहां पांच से छह घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्र में आठ घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। गर्मी एवं बिजली संकट के कारण छोटे-छोटे बच्चे बेहाल हैं। उन्होंने कहा कि बिजली के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का संकट भी उतपन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति युद्ध स्तर पर करने की पहल करनी चाहिए। बिजली संकट के कारण छोटे छोटे उद्योगों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिसके कारण डीजल की खपत बढ़ रही है। मारू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बिजली एवं पानी की आपूर्ति लगातार करने के लिए सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

ब अदालत, आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, रांची

प्रेस नोटिस

रांची सर्वे अपील–91 / 1999

योगेन्द्र महतो बनाम् मनोज महतो एवं अन्य

नोटिस बनाम्

1. मनोज महतो व कांतलाल महतो, दोनों का पिता–स्व० महेश्वर महतो, दोनों का निवास–मौजा–बड़कीटांड़, पो०–लोटा, थाना–सिल्ली, जिला–रांची (प्रतिवादी)।

वजरिये इस प्रेस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आयुक्त न्यायालय, रांची सर्वे अपील–91 / 1999 योगेन्द्र महतो बनाम् मनोज महतो एवं अन्य में आप लम्बी अवधि से अनुपस्थित है। इस वाद की अगली सुनवाई तिथि–05.05.2022 को रखी गयी है। उक्त तिथि को आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर अभिलेख में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर वाद में आदेश पारित कर दिया जायेगा।

यह नोटिस आयुक्त के आदेश से मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर द्वारा जारी की गयी।

अवर सचिव,
न्याय शाखा,
आयुक्त कार्यालय,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, रांची।

PR 269010 (District) 22-23 (D)

गुमला के बाद पश्चिमी सिंहभूम में भी खुला एसआरएमसी केंद्र

दुमका में भी शुरू होगा एसआरएमआइ केंद्र

संवाददाता

रांची : प्रवासी श्रमिकों के सुरक्षित और जिम्मेदार प्रवासन के लिए पश्चिमी सिंहभूम में सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल माइग्रेशन केंद्र की शुरुआत जिले के श्रम अधीक्षक द्वारा 26 अप्रैल 2022 को किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों के अलावा राज्य श्रमिक संस्थान स्थित सेरमी की टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के सदस्य एवं जिले के श्रमिक मित्र भी उपस्थित थे। यह केंद्र जिला श्रम एवं रोजगार कार्यालय के तत्वावधान में जिलास्तरीय सहायता प्रकोष्ठ के रूप में जिले के श्रम अधीक्षक एवं रोजगार अधिकारी के पर्यवेक्षण में कार्य करेगा। इसके जरिये पश्चिमी सिंहभूम में अंतरराज्यीय प्रवासियों और उनके परिवारों की पहचान करने की दिशा में काम होगा, ताकि ऐसे श्रमिकों एवं कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह कार्य उपायुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर किया जायेगा। साथ ही, श्रमिकों और कामगारों के पंजीकरण की भी सुविधा केंद्र में दी जाएगी। इनके लिए शिविर का आयोजन भी समय-समय पर करने की योजना है।

बताते चलें कि गुमला में गत 20 अप्रैल 2022 को राज्य के पहले एसआरएमसी केंद्र का शुभारंभ हुआ था। गुमला के बाद पश्चिमी सिंहभूम में भी एसआरएमसी केंद्र शुरू हो चुका है। इन दोनों जिलों के अलावा जल्द ही दुमका में भी एसआरएमआइ केंद्र की स्थापना की जायेगी।

समाहरणालय, सिमडेगा
(पंचायत शाखा)

त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022

प्रेस विज्ञप्ति

त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन–2022 के सफल क्रियान्वयन के निमित्त राज्य निर्वाचन आयोग, रांची के द्वारा सिमडेगा जिला हेतु सामान्य एवं व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है।

आम ग्रामीण जनता को सूचित किया जाता है कि त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन–2022 के सफल क्रियान्वयन के निमित्त आप अपना सुझाव एवं शिकायत, सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक महोदय को दे सकते हैं। इनका नाम, पदनाम एवं सम्पर्क नम्बर निम्नवत है :–

क्र०सं०	नाम एवं प्रेक्षक कोड	पदनाम	मोबाईल नं०	आवासन	दैनिक कार्य का स्थान
1	दिलेश्वर महतो, G-12/2022/GEP(P)	सामान्य प्रेक्षक	9431271077	परिसदन सिमडेगा	परिसदन सिमडेगा समाहरणालय मिलने का समय अपराह्न 04.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक (कार्य दिवस अवधि में)
2	श्री फिरदौस रजा खाँ, E-05/2022S/GE(P)	व्यय प्रेक्षक	7903366499	परिसदन सिमडेगा	परिसदन सिमडेगा समाहरणालय मिलने का समय अपराह्न 03.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक (कार्य दिवस अवधि में)

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा

PR269017 (Simdega)22-23*D

उपायुक्त ने पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता

रांची : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के मतदान की तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह उपायुक्त छवि रंजन बुंडू पहुंचे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी पंचायत सह उपायुक्त ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संचालन को लेकर की गई तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार बारी-बारी से विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर पदाधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

प्रथम चरण में मतदान के बाद मतदान पेटियों को बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में ही रखा जाना है। बालिका उच्च विद्यालय बुंडू में स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। सुरक्षा में किसी तरह की चूक ना हो इसे लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह उपायुक्त ने बताया कि पोलिंग पार्टियों का डिस्पैच मोरहाबादी से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव बनाकर राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा।

इस दौरान प्रथम चरण में होने वाले मतदान के निर्वाचन क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

ईस्टर्न जोनल काउंसिल की 12वीं स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

कोल कंपनियों से बकाया भुगतान पर दिया बल

संवाददाता

रांची : ईस्टर्न जोनल काउंसिल के 12हवें स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री अजय कुमार सिंह एवं गृह विभाग के अपर सचिव श्री ए. दोड्डे ने झारखंड सरकार का पक्ष रखा।

बैठक में प्रधान सचिव द्वारा अनुरोध किया गया कि सीसीएल, बीसीसीएल, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा झारखंड की जमीन पर माइनिंग का कार्य कई वर्षों से किया जा रहा है, परंतु उनके द्वारा झारखंड सरकार को विगत वर्षों का रेंट और सलामी नहीं दिया जा रहा है। इस राशि को झारखंड सरकार को जल्द दिया जाए। उन्होंने मयूराक्षी डैम के पानी का संयुक्त नियंत्रण झारखंड एवं पश्चिम बंगाल को दिए जाने पर तथा झारखंड को अधिक मात्रा में पानी दिए जाने का भी अनुरोध किया। साथ ही मयूराक्षी डैम के पानी के नियंत्रण के संबंध में गठित ज्वाइंट कंट्रोल मेकैनिज्म में झारखंड को सम्मिलित करने हेतु अनुरोध भी किया।

बैठक में पेंशन से संबंधित मामलों का समाधान गृह विभाग, भारत सरकार के सहयोग से करने का निर्णय लिया गया । वहीं बिहार स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तहत संपत्ति एवं दायित्व को द्विपक्षीय रूप से हल करने की बात कही गयी।

संक्षिप्त

श्मशान घाट की जमीन पर कब्जे का प्रयास

मांडर : मलती गांव स्थित हिन्दू शमशान घाट (मसना) की जमीन पर कब्जे के प्रयास पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को मांडर सीओ को आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार पूर्वजों के जमाने से उक्त शमशान घाट में बच्चों को दफनाया जाता रहा है। जिसपर कब्जे की नीयत से भूमाफियाओं ने रात को जेसीबी चलाकर समतल कर दिया है। भूमाफियाओं की इस हरकत से गांव के लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग करते हुये आवेदन की प्रतिलिपि थाना प्रभारी को भी दी है।

ट्रांसफार्मर जल जाने से लोग दो सप्ताह से अंधेरे में

मांडर : एनएच 75 के किनारे स्थित मांडर बस्ती के लोग ट्रांसफार्मर के जल जाने से करीब दो सप्ताह से अंधेरे में हैं। बताया जा रहा है कि थाना चौक के निकट सड़क किनारे के तमाम बड़े व्यवसायिक संस्थान व दुकान में भी इसी ट्रांसफार्मर से बिजली की आपूर्ति होती थी। जिसके चलते बस्ती के ग्रामीणों के साथ यहां के दुकानदार भी भारी परेशानी में हैं। ग्रामीणों के अनुसार बिजली के अभाव में कई तरह की दिक्कत का सामना तो वह कर ही रहे हैं। भीषण गर्मी से उनका जीना मुहाल हो गया है।

विक्षिप्त व्यक्ति को हाथी ने पटक कर मार डाला

तमाड़ : तमाड़ थाना क्षेत्र के बारूकाण्डे जंगल में हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को पटक कर मार डाला। मृतक का नाम लवोधन मुंडा बरलंगा टोला कमारहपा का निवासी बताया जा रहा है।मृतक के बारे में बताया जाता है कि वह स्कूल में ठहरा हुआ रहता था। ग्रामीण बताते है की उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नही थी। घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दिन के करीब तीन बजे हाथियों का झुंड बारूकाण्डे गांव समीप आ पहुंचे थे। वहीं ग्रामीण अपने स्तर से हाथियों को जंगल की तरफ खदेड़ रहे थी। इस दौरान मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति हाथियों के करीब जा पहुंचा। जहाँ एक हाथी ने उसे सुढ़ पर लपेट कर जमीन पर पटक दिया। वही व्यक्ति के सर को पैरों तले रौंद दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव जंगलों में ही पड़ा हुआ था। बताया जाता है की हाथियों का झुंड शव के आस पास ही मौजूद थे। क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। उन्हें वहीं ग्रामीण जान माल के साथ भय के वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया

संवाददाता

रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय के आकार क्लब द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में जंक वॉर्स का ऑनस्पॉट मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मॉडल प्रदर्शनी में तृतीय स्थान सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट मॉडल ग्रुप को प्राप्त हुआ जबकि द्वितीय स्थान पर रीयूज आफ मैकेनिकल एनर्जी टू इलेक्ट्रिकल एनर्जी मॉडल ग्रुप रहा एवं प्रथम स्थान अर्थरन पॉट एयर कूलर ग्रुप को प्राप्त हुआ।

छात्रों के प्रतिभा एवं सृजनशीलता को देखते हुए विशिष्ट आकर्षण पुरस्कार बायोएंजाइम मॉडल ग्रुप को दिया गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने छात्रों के कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा शुभकामनाएं प्रेषित की।

उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों की महत्ता, उपयोगिता तथा उपलब्धता पर न केवल प्रकाश डाला अपितु उसके संरक्षण, संवर्धन एवं विवेकपूर्ण उपयोग हेतु सभी को प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम का संचालन सिविल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर सागर षड़ंगी ने किया तथा अतिथियों का स्वागत अभिभाषण सिविल इंजीनियरिंग की सहायक प्राध्यापिका डॉ आदित्य सिंह ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता सिविल इंजीनियरिंग के सहायक प्राध्यापक डॉ जीवा चिदंबरम ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, प्रो श्रीधर बी दंडिन, प्रो संजीव बजाज, डॉ नित्या गर्ग, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ मेघा सिन्हा, प्रो राजीव रंजन, डॉ वी एन लक्ष्मी, डॉ अमृता सरकार, डॉ पंकज कुमार, डॉ उत्सव विशाल, डॉ संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

चंडीगढ़ की राम कथा में शामिल हुए झारखंड के राज्यपाल

- विजय कौशल जी महाराज राजभवन में कर रहे हैं राम कथा

संवाददाता

रांची : झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने मंगलवार को चंडीगढ़, राजभवन, पंजाब में संत विजय कौशल जी महराज द्वारा प्रस्तुत श्री राम कथा अमृत वर्षा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित भी मौजूद थे।

इस अवसर पर बैस ने अपने संबोधन में कहा कि जब भी धार्मिक स्थलों व कार्यक्रमों में जाता हूँ तो मैं वहाँ कथा, भजन, कीर्तन आदि सुनना पसंद करता हूँ, न कि भाषण देना। भजन, कीर्तन, कथाओं को सुनने से मन को सुकून तो प्राप्त होता ही है, चित को एक अलग प्रकार की शांति की अनुभूति प्राप्त होती है।

राज्यपाल बैस ने कहा कि जो कण-कण में बसे हैं, वही राम है। श्रीराम के जीवन की अनुपम कथाएं महर्षि वाल्मिकी जी ने बड़े ही सुंदर ढ़ंग से रामायण में प्रस्तुत किया है। इसके अतिरिक्त गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस रच कर जन-जन के हृदय तक श्रीराम के विचारों व आदर्शों को पहुंचाने का सफल कार्य किया।

करुणा, त्याग और समर्पण की मूर्ति भगवान राम ने विनम्रता, मयार्दा, धैर्य और पराक्रम के उदाहरण संसार के सामने प्रस्तुत किया। भगवान राम को दुनिया में एक आदर्श पुत्र के रूप में माना जाता है। भगवान श्री राम सिर्फ एक आदर्श पुत्र के साथ आदर्श पति, आदर्श भाई, आदर्श मित्र, आदर्श शिष्य और आदर्श राजा भी थे। उनके लिए जन-सेवा सर्वोपरि था। वे प्रजा के हर सुख-दुःख में उनके साथी थे। इसलिए प्रजा भी उनसे उतना ही प्रेम करती थी। भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक हैं। शबरी के जूठे बेर खाकर, उन्होंने सबके सामने एक आदर्श रखा कि सच्चे प्रेम के आगे बड़े से बड़े व्यक्ति को झुकना पड़ता है। साथ ही, इसमें अस्पृश्यता का समाज से उन्मूलन करने का संदेश निहित है। निषाद राज से घनिष्ट मित्रता जाति विभेद को दूर करने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार वेदों व शास्त्रों ने मानव के बेहतर भविष्य संबंधी कई मंत्र दिये, उसी प्रकार रामायण ने मानव जीवन को बेहतर जीवन जीने के तरीके सिखाए हैं। जो व्यक्ति रामायण में लिखी बातों व श्री राम के आदर्श को आत्मसात कर ले, वह अपने जीवन में आए समस्त दुखों से लड़ने की क्षमता रख सकता है। रामायण, रामचरितमानस ऐसे पवित्र ग्रंथ है जो रामकथा के माध्यम से विश्व समुदाय के समक्ष मानव जीवन के उच्च आदर्शों और मयार्दाओं को प्रस्तुत करते हैं। इन ग्रन्थों में भारत की आत्मा के दर्शन होते हैं। रामकथा सर्वदा लोकप्रिय बनी रहेगी। रामकथा की लोकप्रियता सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्वव्यापी है। भारत ही नहीं विश्व की अनेक लोक-भाषाओं और लोक-संस्कृतियों में रामायण और भगवान राम के प्रति सम्मान और प्रेम झलकता है।

एक नजर

मास्टर ट्रेनरों को दिया गया पंचायत चुनाव का प्रशिक्षण

खूंटी : उपायुक्त के निर्देश पर बालिका आदर्श विद्यालय खूंटी में मंगलवार को मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में कुल 36 मास्टर ट्रेनरों को चुनाव का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग की वरीय पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार ओझा, विश्वानन्द तिवारी, अशोक नवीन एवं नीरज कुमार पाठक ने पंचायत चुनाव कराने से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान का समय प्रातः सात बजे से अपराह्न तीन बजे की जानकारी देते हुए बैलेट बॉक्स की तैयारी, मतदान की पूरी प्रक्रिया, टेंडर बैलट, स्क्रूटनी, चुनाव कराने के लिए मिली सामग्री का मिलान, इलेक्टोरल रोल में आर्डर का मिलान, मतपत्र लेखा, सीलिंग मटेरियल समेत अन्य बातों की जानकारी दी गयी। साथ ही निर्वाचन कार्य से संबंधित विषय पर मुख्य रूप से मतदाता सूची और चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त हस्त पुस्तिका से संबंधित नियमों को लेकर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

भारतीय पत्रकार संघ की महानगर कमेटी का शपथ ग्रहण

रांची : भारतीय पत्रकार संघ रांची महानगर कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि नई पीढ़ी पत्रकारिता के गुणों को कायम रखेगी, यही कामना है। संघ के प्रदेश महासचिव वरिष्ठ पत्रकार किसलय ने कहा कि झारखंड में पत्रकार और पत्रकारिता दोनों के उत्थान में संघ की अग्रणी भूमिका रहेगी। स्वागत भाषण प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने दिया। महानगर अध्यक्ष सैय्यद रमीज ने धन्यवाद ज्ञापन किया, नयी कमेटी जिन्हें शपथ दिलायी गयी अध्यक्ष सैय्यद रमीज जावेद, उपाध्यक्ष संदीप नाग, सचिव राज वर्मा, संगठन सचिव नैयर शाहिद और कोषाध्यक्ष मनोरंजन सिंह शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में चंदन, एहशान, हेमंत सूत्रकार, आसिफ, असफर, अमीरूल होदा, कौशल कुमार, विशाल भारद्वाज, पुजा भारती, मोहन कुमा, शाहिद रहमान शामिल हैं।

कब आयेंगे हिंदपीढ़ी के अच्छे दिन : खालिद उमर

रांची : शहर की सफाई व्यवस्था दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। पूरा शहर जैसे कचरे के डब्बे में तब्दील हो गया है। शहर के किसी भी कोने में चले जाएं हर बाजार में कूड़े कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। उक्त बातें वार्ड नंबर 23 हिंदपीढी के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता खालिद उमर ने कही। उन्होंने कहा कि हिंदपीढ़ी में आज भी लोग बुनियादी सुविधाओं से मेहरूम है। बिजली का पोल गिरा पड़ा है। सही से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है हर तरफ कूड़े का अंबार लगा हुआ है। कब होगा हिंदपीढ़ी का कायाकल्प। सामाजिक कार्यकर्ता खालीद उमर ने कहा कि अभी रमजान चल रहा है ईद आने में 1 सप्ताह बचा हुआ है अगर इसी तरह से गन्दगी रहती है तो यहां के लोगों को काफी परेशानी होगी। उन्होंने रांची नगर निगम अपील की है कि त्योहार के आने से पहले सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर दें। इसके लिए पूरे हिन्दपीढी वासी निगम का आभारी बना रहेगा। खालिद ने कहा कि रोजाना पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है टैंकर से पानी दिया जा रहा है इससे लोगों को कुछ राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि पानी में प्रेशर में नहीं है किसी को पानी मिल रहा है तो किसी को नहीं मिल पा रहा है उन्होंने कहा कि अभी पानी की किल्लत है जिस तरह से टैंकर से पानी भेजा जा रहा है इसी तरीका से पानी टैंकर से भेजते रहें ताकि लोगों को आसानी हो। उन्होंने कहा कि हिंदपीढ़ी के अच्छे दिन कब आएंगे।

अर्जुन मुंडा और समीर उरांव आदिवासी समाज को बना रहे हैं बेवकूफ : राजेश कच्छप

रांची : जय आदिवासी केंद्रीय परिषद ,आदिवासी छात्र मोर्चा एंव आदिवासी इंडिजिनस धर्म समन्वय समिति भारत,सरना आदिवासी 22 पड़हा सदमा,ओरमांझी के द्वारा संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस प्रेस वार्ता में शामिल खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद समीर उरांव आदिवासी समाज को बेवकूफ बनाने और ठगने का कार्य कर रहे हैं। सिरोम टोलीसरना स्थल में हुये मुख्यमंत्री द्वारा निर्माण का शिलान्यास का विरोध करना राजनीतिक और संघ के विचारधारा से प्रेरित है। वहीं जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की महिला अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि समीर उरांव और अर्जुन मुंडा का आदिवासियों की संस्कृति धर्म से कोई वास्ता नही है,जब सरना मसना समाजिक जमीन लूट होता है तो इन दोनों नेताओं की चुप्पी लगी रहती है।

श्याम मित्र मंडल में एकादशी संकीर्तन का किया गया आयोजन

संवाददाता

रांची : श्री श्याम मित्र मंडल रांची के तत्वाधान में मंगलवार को वरुधिनी एकादशी के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी संकीर्तन का आयोजन किया गया।

मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही भक्तों का दर्शन हेतु मंदिर में आना लगा रहा। मंदिर की नियमित मंगलाआरती, भोग, श्रृंगारआरती तथा विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे बाबा के पट मंगल कर दिए गए। दोपहर 3:30 बजे से मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्यों ने कोलकाता से आए विभिन्न प्रकार के मालाओं से जिसमे बेली, गुलाब, डालियां, रजनीगंधा,का बाबा का दिव्य मनोहारी श्रृंगार किया।

इसके पूर्व बाबा को केसरिया वस्त्र (बागा) धारण कराकर गुलाब रूह की मालिश की गई। नारसरिया ने बताया कि संध्या 4:30 बजे बाबा का दरबार दर्शन

पूजन के लिए खोल दिए गए। मधुश्री (बैंगलोर) के द्वारा बाबा को श्रृंगार सेवा एवं सुशील पोद्दार (सुरुचि) के द्वारा पंचमेवा की सेवा अर्पित की गई।

मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल (मोनू) ने बताया कि मंडल के वरिष्ठ सदस्य अनुज मोदी ने अपने परिवार के साथ बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर पेड़ा, मेवा, रबड़ी, फल, पान आदि का भोग समर्पित कर झारखंड के खुशहाली के लिए बाबा श्याम से प्रार्थना की। अग्रवाल (मोनू) ने बताया कि इसके बाद संगीतमय भजन कीर्तन का कार्यक्रम मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में हुआ।

दूसरे चरण के लिए 587 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

रांची : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के लिए मंगलवार को 587 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। दूसरे चरण के लिए ईटकी, नगड़ी, बेड़ो, लापुंग और कांके प्रखंड में विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थी पर्चा दाखिल किया है। दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के सातवें दिन रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों में दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की कुल संख्या 587 रही। नगड़ी में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 87, मुखिया के लिए 24, ईटकी में मुखिया के लिए 12, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 37 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन दाखिल किया। बेड़ो में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 92 जबकि मुखिया के लिए 40 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। पंचायत समिति सदस्य के लिए बेड़ो के लिए 16, लापुंग के लिए 05, इटकी के लिए 10, नगड़ी के लिए 13 एवं कांके के लिए 48 अभ्यर्थियों ने पर्चा भरा। जिला परिषद के लिए अपर समाहर्ता कार्यालय में बेड़ो के लिए तीन, लापुंग के लिए दो, इटकी के लिए चार, नगड़ी के लिए छह एवं कांके के लिए 26 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा। नगड़ी में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 87, मुखिया के लिए 24 और कांके में मुखिया के लिए 72 ने उम्मीदवारों नामांकन दाखिल किया। दूसरे चरण के लिए रांची जिला के ईटकी, नगड़ी, कांके, लापुंग और बेड़ो में नाम निर्देशन की अंतिम तारीख 27 अप्रैल है।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना से मिला एएनएम व जीएनएम के विद्यार्थियों का प्रतिनिधिमंडल

रांची : एएनएम और जीएनएम के विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात की। युवा कांग्रेस नेता कुमार रौशन के नेतृत्व में पहुंचे विद्यार्थियों ने मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मंत्री को एएनएम जीएनएम कोर्स के परीक्षा में हो रहे देरी की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कहा कि परीक्षा नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों ने बताया कि परीक्षा का फॉर्म भर दिया गया है। इसके अलावा एडमिट कार्ड भी आ गया है। लेकिन परीक्षा की तिथि रातों- रात स्थगित कर दी गई।

विद्यार्थियों ने कहा कि आठ माह बीत जाने के बाद भी परीक्षा नहीं लिया गया। फाइनल ईयर के छात्रों का कोर्स तीन वर्ष से बढ़कर चार वर्ष हो गया। मौके पर मंत्री ने गंभीरता पूर्वक प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुना। उन्होंने कहा कि सक्षम पदाधिकारी से बात कर इस मामले पर तत्काल हल निकाला जायेगा। सरकार युवाओं और छात्रों के मसले पर काम करेगी। प्रतिनिधिमंडल में सूरज कुमार, मनीषा कुमारी, हिमांशु मिश्रा, प्रतिभा कुमारी आदि शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि एएनएम और जीएनएम के विद्यार्थियों ने सोमवार को रांची के सदर अस्पताल परिसर स्थित झारखंड नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल (जेएनआरसी) के कार्यालय में तालाबंदी की थी। इसके बाद काफी संख्या में पहुंचे विद्यार्थी धरना पर बैठ गये थे।

रातू में गांजा बेचने वाले गिरोह सक्रिय

थाना से कुछ दूरी पर भी होता है गांजा का कारोबार

- शाम होते ही ब्लॉक चौक में दिखने लगता है असर
- खरीदार 15 साल के बच्चे से लेकर 50 साल के अधेड़
- आटो चालको को होम डिलेवरी की जाती है गांजा

आयुष ठाकुर

फाइल फोटो

रातू : रातू थाना से महज कुछ ही दुरी पर एक घर में खुलेआम बिक रहा है गांजा। स्थानीय लोगो द्वारा इसकी शिकायत कई बार रातू थाना से की गई।रातू पुलिस गांजा विक्रेता को एकाध बार पकडी भी इसके बावजुद विक्रेता पर कोई असर नही। अब तो एक दुकान पर होती है खरीद बिक्री। गांजा विक्रेता में पुलिस का भी कोई खौफ नही दिखता।शाम होते ही ब्लौक चौक में गांजा पीने वालो की हरकत देखते ही बनती है।इसके अलावे रातू बडा तालाब,एतवार बाजार के पास मैदान में गांजा पीने वाले देर रात तक देखे जा सकते है।सबसे बडी बात तो यह है कि गांजा के खरीदार 15 साल के बच्चे से लेकर 50 साल के अधेड होते है।गांजा विक्रेता को अक्सर देखा जाता है आटो चालको को काठीटांड चौक में डिलेवरी देते हुए। इसके अलावे एक गांजा विक्रेता फन कैसल पार्क के सामने बगीचा में दिन भर सक्रिय रहता है।स्थानीय लोगो का कहना है कि क्षेत्र में जो चोरी,छिनतई की घटना बढी है उसमें भी गांजा पीने वालो का हाथ है।

गांजा खरीदने के लिए छोटे-छोटे बच्चे दुकानो में चोरी करने से बाज भी नही आते।गांजा बेचने वाले के बगल वाले घर में रहने वालो ने बताया कि कई बार रात में उनके घर में आवाज देकर गांजा की मांग की जाती है।जिसकी शिकायत उनलोगो ने कई बार रातू थाना में की है।कई बार देखा जाता है कि अखबार में खबर छपने के बाद गांजा बेचने की जगह बदल दी जाती है।स्थानीय लोगो ने रातू पुलिस से गांजा बिक्रेताओ पर कारवाई की मांग की है।

ऑटो से 171 किलो डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची : खूंटी पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर ऑटो से भारी मात्रा में डोडा बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति सिप्रियन हेमरोम को मौके पर गिरफ्तार की है। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी अभियुक्त पश्चिमी सिंहभूम के बंदगांव थाना क्षेत्र का रहनेवाला है।

इस संबंध में खूंटी एसपी अमन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम व डोडा का ऑटो से तस्करी की जा रही है। उक्त सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,खूंटी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने मुरहू थाना क्षेत्र के लुदमकेल गांव के समीप छापामारी कर एक व्यक्ति को डोडा लदे ऑटो के साथ गिरफ्तार की है। पुलिस ने ऑटो से कुल 171 किलो चार सौ ग्राम डोडा बरामद की है। पुलिस ने ऑटो (जेएच01एयू-9517) जब्त की है। पुलिस टीम में पुअनि विक्रांत कुमार(थाना प्रभारी,मुरहू) सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में हुआ पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह

1994 बैच से भी छात्र पहुचें, साझा की पुरानी यादें

संवददाता

हजारीबाग : हजारीबाग विभावि के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग मे पूर्ववर्ती छात्रो का मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डा सुरेन्द्र बरीई ने किया । 2015 के बाद विभाग मे पहली बार पुरानै छात्रों के साथ मिलन समारोह आयोजित हुआ। मिलन समारोह मे 1994 से लेकर अभी तक बैच के वर्तमान विधार्थी पहुचे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुर्व विभागाध्यक्ष डा प्रकाश कुमार थे। मुख्य अतिथि को विभागाध्यक्ष ने शॉल पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य मे कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर निकले छात्र देश दुनिया में अच्छाई सच्चाई को स्थापित करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। दर्शनशास्त्र के छात्र देश के उच्च पदों पर कार्यरत होकर सेवा दे रहे हैं। उन्होंने दर्शन को जीवन में अपनाने की अपील की। मुख्य अतिथि ने दर्शनशास्त्र विभाग के जर्नल को शोधकताओं के बीच वितरन किया। रिसर्च जर्नल की प्रतियां शोध छात्रों और शिक्षकों के बीच वितरण किया गया। उन्होंने आगे कहा कि विदेशों में हर वर्ष एलमुनाई मीटिंग आयोजन होता है। हम पीछे है। हमे आगे आकर हर वर्ष इसे आयोजित करना चाहिए। इसके बाद सभी छात्रों ने अपने पुराने बैच की यादो को अपने वक्तव्य मे बताया। विभाग की प्रोफेसर यामिनी सहाय ने नैतिकता और दर्शनशास्त्र विषय पर प्रकाश डाला। विभाग के शोधकताओं छात्रों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दर्शन सामाजिक चेतना के रूपों में से एक है। इसे छात्र अपनाये। उन्होंने दर्शन की महत्ता पर चर्चा की। योग विभाग के निदेशक डा अरुण भंडारी ने कहा कि दर्शन मे योग और लॉजिक की बहुत महत्त्व है। इसके बिना दर्शन की कल्पना नही की जा सकती है 1994 बैच के छात्रा रही ज्योति सिन्हा जो अभी वनांचल कालेज मे दर्शनशास्त्र की व्याख्याता है।एव 2014 से लेकर 2022 बैच तक के सभी छात्रों ने अपनी यादों को ताजा किया।सभी छात्रों को दर्शनशास्त्र विभाग की तरफ से सम्मानित किया गया और प्रमाण पत्र दिया गया।

मंच संचालन शोधकर्ता सौरभ सुमन ने किया। कार्यक्रम मे शिक्षकों के रूप में डीन राजेश कुमार, विभागाध्यक्ष डा सुरेन्द्र बरीई, डा अमित सिंह, डा यामिनी सहाय, योग विभाग के निदेशक डा अरुण भडारी, विजय कुजूर, शोधकर्ता अनिल रविदास, आइसा प्रवीन, अमित रंजन, टीचिंग अस्सिटेंट नीशू कुमारी, पुनम, उपस्थित थै। छात्रों मे गंगा कुमार, जनातूल फिरदौस, सुनीता कुमारी , डा रजनी गोस्वामी, राजेश कुमार, पुजा सोनी, प्रियंका श्री, अंजलि कुमारी, आशीष कुमार, नेहा चौबे, रश्मि कुमारी, मो फजल, बीरेन्द्र मेहता, राजेश कुमार, मीसीका सिन्हा, करन यादव, नाजिया प्रवीन, मनोज कुशवाहा, शबनम प्रवीन, दीवाकर कुमार, खुशबु, मनीषा, देवभरत वर्मा, सुनील, रौशन, शैलेन्द्र, सोनू कुमार सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

कृषि विज्ञान केंद्र मांडू में किसान मेले का आयोजन

संवाददाता

रामगढ़ : कृषि विज्ञान केंद्र मांडू, रामगढ़ में मंगलवार को राष्ट्रीय अभियान के तहत किसान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिसीवर किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार के नरेंद्र सिंह तोमर, के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस संबंध में केंद्र के प्रभारी दुष्यंत कुमार राघव ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन भारत में अवस्थित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम के तहत माननीय कृषि मंत्री भारत सरकार ने वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों में आयोजित कार्यक्रम में आए किसानों से बातचीत कर उनके अनुभव को जाना एवं भारत सरकार द्वारा दी जा रही किसानों को लाभ के विषय में जायजा लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र में किसानों को कृषि उपयोगी छोटे बड़े यंत्रों का प्रदर्शन कर उनके विषय में किसानों को अवगत कराया गया। साथ ही केंद्र में उपलब्ध उन्नत किस्म के बीज तथा फल के पौधों का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत ने किसानों को भारत सरकार द्वारा दी जा रही उसके लाभ के बारे में बताया। डॉ. धर्मजीत खेरवार ने किसानों को बायोफोटीफाईड फसलों एवं उसके किस्मों की महत्व एवं भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। फल एवं सब्जियों में पाए जाने वाले विभिन्न पोषक तत्वों के बारे में एवं उनके महत्व को बताया । केंद्र के सनी कुमार ने किसानों को पठारी क्षेत्र में मोटे अनाज फसलों जैसे मडुवा, ज्वार, बाजरा, कोदो, गुंदली आदि की खेती एवं उनके फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । कार्यक्रम में सनी आशीष बालमुचू, शशिकांत चौबे समेत 230 से अधिक किसान उपस्थित थे।

झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज हजारीबाग शाखा की आम सभा

संवाददाता

हजारीलाल : 26 अप्रैलः स्थानीय कचहरी परिसर कोषागार के समीप स्थित झारखंड पेंशनर कल्याण समाज की आम सभा संपन्न हुई। आमसभा को राज्य से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। आम सभा में सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक शंभू प्रसाद सिंह, अध्यक्ष राम लखन पंडित एवं सचिव अखौरी जयंत सिन्हा को चयनित किया गया। आम सभा में उपाध्यक्ष महेश्वर राम एवं देवनंदन मंडल को चयनित किया गया। संयुक्त सचिव के पद पर मोहम्मद अब्दुल सत्तार एवं दिलीप कुमार गुप्ता को चयनित किया गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष के पद पर रामचंद्र प्रसाद, अंकेक्षक रविंद्र राय, संगठन मंत्री हरिहर सिंह, अजित कुमार सिन्हा एवं महादेव महतो को चयनित किया गया। इस आमसभा में आठ उप शाखा के अध्यक्ष और सचिव को सदस्य बनाया गया। इस आशय की जानकारी झारखंड पेंशनर कल्याण सभा हजारीबाग शाखा के प्रथम पर्यवेक्षक अमरनाथ झा एवं पर्यवेक्षक योग नारायण झा ने दी।

गोला झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

रामगढ़ : झारखंड सरकार के उद्योग विभाग द्वारा संचालित झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम आईटीआई गोला में देश के प्रतिष्ठित टीवीएस ग्रुप की कंपनी ब्रेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जमशेदपुर द्वारा केंपस प्लेसमेंट ड्राइवर का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों जैसे रामगढ़ हजारीबाग बड़कागांव के फिटर और वेल्डर ट्रेड से पास हुए अभ्यर्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थान के ट्रेनिंग ऑफिसर अतुल सौरभ ने बताया कि टूल रूम गोला में आईटीआई के फिटर वेल्डर मशीनिस्ट और टर्नर का इस वर्ष से आरंभ किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न शॉर्ट टर्म कोर्स भी कराया जा रहा है जिससे लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान होगा। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से आए अधिकारियों ने संस्थान में स्थित संसाधनों की काफी सराहना की। संस्थान के पूर्ण तरह से संचालित ना होने और अपने छात्र ना होने के बावजूद अपना प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन सराहनीय बात है। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान इंस्ट्रक्टर अभिषेक तिवारी अभिषेक कुमार बलराम मौजूद रहे।

सुमन गिरी को गणमान्य लोगों ने दी बधाई

बड़कागांव : गोसाई बलिया निवासी भाजपा नेता सुमन गिरी को अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने खुशी जाहिर किया एवं बधाई दिया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से महासंघ के प्रदेश प्रभारी पंकज कुमार मिश्रा, मिथिलेश कुमार पांडे , अध्यक्ष विवेक मिश्रा, अविनाश चौबे, पत्रकार उग्रसेन गिरी, बिजय कुमार तिवारी, रामावतार पाण्डेय, मदन पाण्डेय, सचिदानंद पाण्डेय, संजय सिंह, फुलचंद गिरी, महेन्द्र गोस्वामी, प्रमेश गिरी, दीलीप गिरी, मनीष पांडेय, बसंत नारायण तिवारी, बिनय पांडेय, मोतीलाल गिरी, परमानंद पाण्डेय, राजेश गिरी, कमलेश भारती, दिनेश्वर दुबे, लालमोहन गोस्वामी सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

इंदौर स्टेडियम का निर्माण ठेकेदार से कराने का आरोप

चतरा : टंडवा में माननीय का तांडव। तीन महीना पूर्व टंडवा पशु बाजार मेला में जिला परिषद मद से समुदाय भवन निर्माण होना था। जिसके लिए संवेदक को कार्य आबंटित किया गया था। माननीय के दलालों व गुर्गे सफेदपोश द्वारा सामुदायिक भवन का भूर्ण हत्या कर अपना निजी लाभ को ले तीन करोड़ 59 लाख लागत से इंडौर स्टेडियम का निर्माण अपना खास ठेकेदार से करवाने का आरोप। जिससे माननीय के दो गुर्गे के जुगलबंदी से समुदाय भवन को दरकिनार करने का आरोप। स्टेडियम कार्य आवंटन कंपनी के ऊपर टंडवा के कई वन क्षेत्रों में वनों का कटाई व अतिक्रमण का लग चुका है गंभीर आरोप। आक्रोश ग्रामीणों ने कहा समुदाय भवन दरकिनार करने वाले माननीय व गुर्गे के तांडव से माननीय को चुनाव में भुगतना होगा जनता का जनादेश। समुदाय भवन निर्माण से श्मशान घाटों का होता विकास।

ब्रीफ न्यूज

पुस्तकालय भवन बने 8 साल हो गए परंतु नहीं खुला, जानवरों एवं शराबियों का अड्डा बना

बड़कागांव : बड़कागांव तहसील कचहरी के समीप पुस्तकालय भवन का निर्माण हुए लगभग 8 वर्ष हो गए हैं परंतु अब तक पुस्तकालय का शुभारंभ नहीं हो पाया है जिसके कारण भवन में बने खिड़की दरवाजे जर्जर हो गए हैं । देखरेख के अभाव में भवन की हालत इतनी खराब हो गई है कि भवन शराबियों एवं जुआरियों का अड्डा बन गया है। इतना ही नहीं भवन प्रांगण जानवरों अड्डा एवं चारागाह भी बन गया है। मामले को लेकर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कजरू साव एवं इंटक जिला महासचिव राजेश गुप्ता ने कहा कि उक्त सरकार द्वारा पुस्तकालय का निर्माण करा कर अच्छी पहल की गई थी । पुस्तकालय का निर्माण कर छात्र छात्राओं को सुविधा देने की पहल होनी चाहिए। सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। ताकि पुस्तकालय में शिक्षाविद लोगों को अनेक प्रकार की पुस्तकें पढ़ने को मिले।

जनता दरबार में डीसी के समक्ष कई मामले

हजारीबाग : हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को उपायुक्त वेश्म में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुनी। जनता दरबार में लगभग दो दर्जन से अधिक मामलों के आवेदन आए तथा संज्ञान में आए सभी मामलों को तत्संबंधी पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए आवेदन अग्रसारित किया। जनता दरबार में ,जमीन विवाद संबंधी,ऑनलाइन दाखिल खारिज,पीएम आवास,रूके पेंशन संबंधी,रोजगार सेवक, सड़क दुर्घटना में मृत्यु के उपरांत मुआवजा संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी को कार्रवाई कर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।

मृतक शिक्षक के पत्नी को मिला सहयोग

चतरा : सिमरिया प्रखंड के पगार निवासी दिवंगत पारा शिक्षक जगलाल राम की पत्नी को शिक्षक संघ ने 50 हजार की राशि सौंप कर आर्थिक सहयोग किया है। यह सहयोग सहायक अध्यापक संघ सिमरिया के द्वारा किया गया है। संघ के प्रखंड अध्यक्ष फणीश्वर यादव के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल पगार गांव पहुंची और दिवंगत राम के परिजनों से मुलाकात की। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि दिवंगत जगलाल राम कुशल स्वभाव के व्यक्ति थे। वे निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य किया करते थे। उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। प्रखंड अध्यक्ष ने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि संघ उनके परिवार के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता व सहयोग करता रहेगा। शिष्टमंडल में प्रखंड सचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मंटू कुमार श्रीवास्तव, जिला महासचिव ध्रुवनाथ शर्मा, राज्य प्रतिनिधि रूपक कुमार अंबष्ट, बालकेश्वर प्रसाद, गौतम कुमार, दिलीप कुमार, केदार प्रसाद, महेंद्र कुमार ठाकुर, कुणाल किशोर सिंह, प्रसिद्ध सिंह, प्रदुमन कुमार साहू शामिल थे।

सीएन कालेज में एनसीसी कैडेटों ने लगाए पौधे

रामगढ़ : एनसीसी कमांडिंग आफिसर मुख्यालय हजारीबाग के निर्देश पर छोटानागपुर महाविद्यालय रामानगर में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी आफिसर डॉ. राजेश कुमार दीवान के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों द्वारा महाविद्यालय परिसर में नए पौधे लगाए गए। साथ ही लगे पेड़-पौधों की सेवा करते हुए इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय से एनएच तक पूरे मार्ग की साफ-सफाई की गई। मौके पर प्राचार्य डॉ. कैलाशपति पांडेय, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, प्रो. श्यामल कुमार सिन्हा, डॉ. अवधेश मिश्रा, डॉ. शशिकांत वाजपेयी, विवेकानंद पांडेय, प्रेमशंकर महतो आदि मौजूद थे।

अनाथ नाबालिग लड़की की जबरन शादी कराने का प्रयास

पुलिस की पहल पर अब आगे पढ़ेगी-लिखेगी अंजली

संवाददाता

रामगढ़ : ओपी क्षेत्र के हेहल गांव स्थित मल्हार कॉलोनी में रहने वाली अनाथ अंजली की जबरन शादी कराने की कोशिश का मामल प्रकाश में आया है। तेनुघाट के खखंडा से भागकर बरकाकाना ओपी पहुंची अंजली ने पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए बचाने की गुहार लगायी। उसने बताया कि उसकी उम्र 13 वर्ष है और वह पढ़ना लिखना चाहती हैं। जबकि उसकी दूर की रिश्ते बहन उसकी शादी करने पर उतारू है। अंजली ने बताया कि वह हेहल बिरहोर कॉलोनी की रहने की रहनेवाली है। उसके पिता बुधवा उरांव और मां का निधन हो गया है। बगल की एक महिला उसका पालन पोषण कर रही है।

इधर विगत कुछ माह पूर्व रिश्ते में बहन लगनेवाली एक महिला किरण देवी उसे पढ़ाने लिखाने की बात कह अपने साथ ले गई। वहां उसे दाई के काम में लगा दिया। अंजली पैसे भी लेती रही। इधर कुजू निवासी राजू बिरहोर से उसका विवाह कराया जाने लगा। छेका के बाद उसे युवक के घर कुजू भी भेज दिया गया। जहां से भागकर अंजली बरकाकाना ओपी पहुंची और पुलिस से बचाने की अपील की। मामले में ओपी प्रभारी ने कहा कि नाबालिग का विवाह गैरकानूनी है। पुलिस की पहल पर लड़की का पालन करनेवाली महिला को अंजली की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बीएम मेमोरियल स्कूल में 12 से 18 वर्ष के बच्चों को दिया गया वैक्सीन

संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल में 12 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए वैक्सीनेशन कैंप लगाकर 56 बच्चों को कोरोना वैक्सीन का डोज दिया गया। वेक्सीन लेने के समय बच्चों में काफी उत्साह देखी गई। मौके पर उपस्थित विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने कहा कि कोरोना को हराने के लिए वैक्सीन लेना अति आवश्यक है और जिस प्रकार से बच्चों में वेक्सीन लेने की उत्साह देखी जा रही है, यकीनन हमारा देश कोरोना के खिलाफ जंग जीत सकेगा। वहीं प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि सभी देशवासियों व बच्चों को कोरोना का टीका लेना चाहिए ताकि हम लोग कोरोना को हरा सके। मौके पर मुख्य रूप से एएनएम आरती कुमारी, स्वास्थ्य कर्मी विद्यालय के शिक्षक चेयरमैन रंजीत कुमार, आचार्य कैलाश कुमार, प्रीति कुमारी, एरिका टोप्पो, विनोद नायक, अमीन अंसारी, संदीप शर्मा, अंजू कुमारी, सोनू कुमार, मनीषा कुमारी, रश्मि बेदिया, अनु कुमारी और विकास ठाकुर सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मंडा पर्व पर छाऊ नृत्य कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

रामगढ़ : गोला प्रखंड क्षेत्र के बेटुल कलां गांव में मंगलवार सुबह को शिव भक्ति का महा पर्व मंडा पर्व धूमधाम से संपन्न हो गया। इस दौरान छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पंचायत की मुखिया मुन्नी किशोर महतो, जिप सदस्य कपीलदेव मुंडा व आजसू नेता दिनेश महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। छऊ नृत्य पश्चिम बंगाल के सीमा महतो महिला छऊ नृत्य टीम व सरायकेला खरसावां झारखंड के मदनदास महली की टीम के द्वारा धार्मिक ग्रंथों पर आधारित एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

जिसे देखने के लिए आसपास के हजारों महिला पुरुष शामिल हुए। सुबह शिव भक्तों के लिए फुलखुंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिवभक्तों ने दहकते अंगारों में चलकर शिवभक्ति का अटूट परिचय दिया। बताया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सुरेंद्र महतो, गोपाल महतो, बालकनाथ महतो, देवचंद महतो, योगेंद्र महतो, अशोक महतो, महेश बेदिया, लोकेश्वर महतो, भरत महतो, खुसीलाल महतो, जयराम महतो आदि सराहनीय योगदान रहा।

पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को सहयोग करने का निर्देश

रामगढ़ : दुलमी प्रखंड के सीरु बुधबाजार में मंगलवार को पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेसी युवा कार्यकताओं की बैठक अध्यक्षता महेंद्र ओहदार की अध्यक्षता में हुई। व संचालन छोटन कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेसी युवा नेता सुधीर मंगलेश उपस्थित थे। इस दौरान 20सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेसी युवा नेता श्री मंगलेश ने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को कहा कि पंचायत चुनाव में पार्टी समर्थित उम्मीवार के पक्ष में काम करने के लिए जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है। उन्होंने पंचायत चुनाव में अपने कार्यकर्ता की जीत के लिए काम करने का आह्वान किया। मौके पर रविकांत महतो प्रमानद सिंह क्युमुद्दिन अंसारी इमाम अंसारी सिकेन्दर कुमार लिलेश्वर महतो सुरज कुमार अनुप कुमार उतम कुमार तहिर कुमार मोहित पटेल भुनेश्वर महतो प्रेम मुंडा रामप्रसाद महतो हेमलाल महतो करमू कुमार जाहिर खान प्रमोद आर्या शुभम कुमार बबलू कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

संपादकीय

कोरोना की चौथी लहर की आहट

भारत में लगभग शतप्रतिशत टीकाकरण हो जाने के कारण कोरोना वायरस का खतरा अब बहुत कम हो गया है लेकिन नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ में कोरोना की चौथी लहर की आहट सुनाई दे रही है। जिसके कारण इन दोनों राज्यों में एक बार फिर कोरोना गाईड लाईन का पालन करना अनिवार्य कर दिया गया है। एक बार फिर से मास्क लगाना आवश्यक हो गया है और दो गज की दूरी का भी पालन करना जरूरी हो गया है। कोरोना की संभावित चौथी लहर देश के अन्य राज्यों में भी दस्तक दे सकती है। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि कोरोना को लेकर आवश्यक सावधानी बरती जाएं। गौरतलब है कि देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या कम हो जाने के कारण केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना को लेकर जो गाईड लाईन जारी की थी उसे उसने हटा दिया था। इसके बाद देश के लगभग सभी राज्यों में मास्क पहनना जरूरी नहीं रह गया था और न ही दो गज की दूरी का पालन करना आवश्यक रह गया था। सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, शैक्षणिक संस्थानों और सिनेमा हालों में भी लगाई गई सारी पाबंदियां हटा ली गई थी लेकिन अब कोरोना की चौथी लहर की आशंका को मद्देनजर रख कर एक बार फिर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कोरोना को लेकर नई गाईड लाईन जारी कर सकता है। फिलहाल तो सिर्फ दो राज्यों में एहतियाती कदम उठाएं गए है लेकिन आगे चल कर अन्य राज्यों में भी जहां कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ेगी वहां भी ऐसी पाबंदियां लग सकती है। राज्य सरकारे और केन्द्र सरकार अपने स्तर पर इसे लेकर कदम उठाएंगी लेकिन लोगों को भी जागरूकता का परिचय देना चाहिए। अभी और कुछ समय तक सभी लोगों को घर से बाहर निकलने पर मास्क का उपयोग करना चाहिए और यथासंभव दो गज की दूरी का भी पालन करना चाहिए। खासतौर पर छोटे बच्चों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरते जाने की सख्त जरूरत है क्योंकि अभी तक छोटे बच्चों के लिए कोरोना का टीका नहीं बन पाया है। अभी भी बड़ी संख्या में लोगों को कोरोना का बूस्टर डोज नहीं लग पाया है जिन लोगों को बूस्टर डोज नहीं लगा है वे जल्द से जल्द बूस्टर डोज जरूर लगावाएं ताकि कोरोना की संभावित चौथी लहर का मुकाबला किया जा सकें।

लघुकथा

कश्मीर में लोकतंत्र की वापसी?

पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में कल प्रधानमंत्री ने जम्मू में ऐसी परियोजनाओं का शिलान्यास किया है, जिनसे जम्मू-कश्मीर की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। 20 हजार करोड़ रु. सरकार लगाएगी और 38 हजार करोड़ रु. का निवेश पिछले दो साल में हो चुका है। प्रधानमंत्री के साथ दुबई और अबू धाबी के निवेशक भी उस समारोह में उपस्थित थे। इस निवेश से कश्मीर के लोगों की सुविधाएं बढ़ेंगी और लाखों नए रोजगार भी पैदा होंगे। जम्मू के पल्ली गांव में 500 किलोवॉट के सोलर प्लांट का शुभारंभ करके उन्होंने सारे देश को संदेश दिया है कि भारत चाहे तो अगले कुछ ही वर्षों में बिजली, ईंधन और तेल के प्रदूषण से मुक्त हो सकता है। बनीहाल से क़ाजीगुंड तक की सुरंग जैसे कई निर्माण-कार्य संपन्न होंगे, जिनके परिणामस्वरुप आवागमन और यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा। केंद्र सरकार आजकल जम्मू-कश्मीर के लिए पहले की तुलना में ज्यादा योगदान कर रही है। उसके कुल खर्च का 64 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार देती है। देश के बहुत कम राज्यों को इतनी बड़ी मात्रा में केंद्र सरकार की मदद मिलती है। पंचायत राज दिवस के दिन जम्मू-कश्मीर के लिए की गई इन घोषणाओं का स्वागत है लेकिन यह बड़ा सवाल भी विचारणीय है कि देश में पंचायतों को हमने अधिकार कितने दिए हैं? पंचायतों को ताकतवर बनाने का अर्थ है– सत्ता का विकेंद्रीकरण! क्या केंद्र और राज्यों की सरकारें इसके लिए सहर्ष तैयार हैं। जम्मू-कश्मीर में लोगों की शिकायत यह भी है कि अगस्त 2019 में उसका जो विशेष दर्जा खत्म किया गया था, उसे केंद्र सरकार कब तक अधर में लटकाए रखेगी? प्रधानमंत्री और गृहमंत्री दोनों ने आश्वासन दिया था कि उसे राज्य का दर्जा फिर से वापस किया जाएगा। गुपकर गठबंधन ने उस विशेष दर्जे की मांग जोरों से की है। उसने 2020 के जिला विकास परिषद के चुनावों में स्पष्ट विजय भी हासिल की थी। उसे यह शिकायत भी है कि विधानसभा में जम्मू की 6 सीटें बढ़ाकर कश्मीर को हल्का किया जा रहा है। कश्मीरी नेताओं का वर्तमान प्रतिबंधों से दम घुट रहा है, इसमें शक नहीं है लेकिन कश्मीर में पहले के मुकाबले इस समय शांति और व्यवस्था बेहतर है, यह भी सत्य है। आतंकी घटनाएं भी कभी-कभी होती रहती हैं लेकिन बड़े पैमाने पर इधर कोई आतंकी घटना की खबर नहीं है। इसका श्रेय मुस्तैद उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और उनके योग्य अफसरों को है लेकिन जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति तभी बनेगी, जब लोकतांत्रिक प्रक्रिया वहां बाक़ायदा शुरु हो जाएगी। अब जम्मू-कश्मीर बाहरी लोगों के लिए भी खुल गया है। वे वहां अन्य प्रांतों की तरह जाकर रह सकते हैं। गर्मियों में पर्यटकों की संख्या बढ़ जाने से लाखों लोगों की आर्थिक राहत भी बढ़ी है। इसके अलावा पाकिस्तान में शहबाज़ शरीफ की सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह सीमा-पार आतंकवाद पर सख्ती से काबू करेगी और कश्मीर के सवाल पर भारत सरकार के साथ सार्थक संवाद भी करेगी। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीरियों को जो यह संदेश दिया है कि आपके माता-पिता और उनके माता-पिता ने जैसी तकलीफें सही हैं, वैसी आपको अब नहीं सहनी पड़ेंगी, अपने आप में दिल को छूनेवाला है। उम्मीद है कि ऐसा माहौल कश्मीर में शीघ्र ही बन सकेगा। कश्मीर में लोक-कल्याण तो बढ़ गया है लेकिन लोकतंत्र की वापसी भी उतनी ही जरुरी है।

भारत में तेजी से बढ़ता विदेशी निवेश और विश्वास

प्रेम शर्मा

देखा जाए तो हमें पाकिस्तान के साथ तौलने का पश्चिमी तराजू अब शायद टूट चुका है। हमें विश्व-राजनय में अपनी वाजिब जगह और मजबूती, दोनों को कायम रखना है। एक और ताजा मामला देखें, तो एक अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने पाक-अधिकृत कश्मीर की यात्रा की, जिस पर भारत ने आपत्ति जताई, इसके बाद अमेरिकी सरकार को स्पष्ट करना पड़ा कि डेमोक्रेट सांसद की यात्रा से बाइडन सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। दुनिया में अभी कोई ऐसा देश नहीं है, जो भारत को रूस का पुराना साथी होने के नाते कठघरे में खड़ा कर दे। भारत बहुत संभलकर चल रहा है। वह न तो रूस के खिलाफगया है, न ही यूक्रेन के विरोध में खड़ा दिखा है।

भारत के साथ विदेशों के रिश्ते तेजी से बढ़ रहे है। जापान के प्रधानमंत्री फिमियो किशिदा ने अभी मार्च में ही भारत दौरे के दौरान अगले 5 साल में भारत में 3.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का ऐलान किया था। अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जिस तरह से साल के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने देने की प्रतिबद्धता दिखाई है। वह आने वाले समय में दोनों देशों संबंधों को नई उंचाई देगा। भारत की वैश्विक कूटनीति और बदले हुए माहौल का परिणाम है कि भारत के प्रति विदेशों का विश्वास बढ़ रहा है। पिछले एक साल में भारत में निवेश करने वाले दस प्रमुख राष्ट्रों की चर्चा करने से पता चलेगा कि भारत से दोस्ती के लिए अधिकाधिक राष्ट्र आतूर है। पिछले मार्च 2021 से दिसम्बर 2021 के बीच दस राष्ट्रों ने भारत में भारी भरकम निवेश कर यह जता दिया है कि भारत तेजी से उभरता हुआ आर्थिक राष्ट्र है। इन दस माहों में सिंगापुर 86760 करोड़, अमरीका 55811 करोड़, मारिशस 48815 करोड़, केमैन आइसलैण्ड 20302 करोड़, नीदरलैण्ड 19723 करोड़, ब्रिटेन 10661 करोड़, जापान 6814 करोड़, यूएई 6277 करोड़, जर्मन 4326 करोड़ और साईप्रस 1037 करोड रूपये का भारी भरकम निवेश कर चुका है। कई अन्य राष्ट्र भारत में निवेश कर रहे है या फिर इच्छुक है। खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में कह चुकी है कि भारत सर्वाधिक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) प्राप्त करने वाला देश बना हुआ है।

अब बॉत करे जापान के प्रधानमंत्री और फिर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के बारे में तो निश्चित ही इन दो राष्ट्राध्यक्षों की युक्रेन और रूस के युद्ध के बीच भारत की यात्रा कई मायने में महत्वपूर्ण है। इन यात्राओं से भारत के दूश्मन देश चीन और पाकिस्तान में हलचल है। भारत और ब्रिटेन के बीच जो नजदीकी देखी गई है, उसे वर्षों तक याद किया जाएगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का भारत दौरा यह सिद्ध करता है कि ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहता है, साथ ही, रक्षा मामलों में भी भारत के साथ सहयोग बेहतर करने को लालायित है। हो सकता है, ब्रिटेन की यह कोशिश इसलिए भी हो कि रूस पर भारत की निर्भरता कम हो जाए, लेकिन तब भी भारत जिस तरह से अपना हित देखते हुए मजबूती से आगे बढ़ रहा है, वह मानीखेज है। खास कामयाबी यह कि ब्रिटेन भारत को एक ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंस जारी करेगा, जिससे रक्षा खरीद आपूर्ति में कम समय लगेगा। इसके अलावा ब्रिटेन लड़ाकू जेट बनाने में भी भारत की मदद करेगा। हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ाने की दिशा में भी वह मदद करना चाहता है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य क्षेत्र में ब्रिटेन ने भारत में निवेश बढ़ाने की बात भी की है। इतना ही नहीं, दोनों देश इसी साल के अंत तक एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता भी करने वाले हैं। इस तरह का समझौता पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन अगर ब्रिटेन इस दिशा में अब बढ़ रहा है, तो भारत की बढ़ी हुई अहमियत को हम नजरंदाज नहीं कर सकते। भारत सीमाओं पर चीन की दखलदॉजी और पाकिस्तान द्वारा कश्मीर घाटी पर घुसपैठ पर लगता विराम भी इस बॉत का संकेत है कि वैश्विक शांति के लिए विश्व के अनेक राष्ट्र भारत के साथ खड़े है। भारत के रूस, इजराइल, जापान, कनाडा, फ्रांस, नेपाल और भूटान से संबंध जगजाहिर है।

अमेरिकी विदेश मंत्री हों या रूसी विदेश मंत्री या चीनी विदेश मंत्री या अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, ये तमाम यात्राएं भारतीय शक्ति का प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बोरिस जॉनसन के बीच जो गर्मजोशी देखी गई है, उस पर न केवल भारतीय कूटनीतिज्ञों, बल्कि दुनिया की भी नजर होगी। दोनों ही नेता परस्पर संबंध विस्तार के लिए व्यग्र नजर आ रहे हैं, तो दुनिया के बदलते हालात की भी इसमें भूमिका है। कूटनीतिज्ञ भी इस बात को रेखांकित करते हैं कि विश्व की राजनीति में आज भारत का जो महत्व है, वह पहले नहीं था। पहले अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भारत व पाकिस्तान के साथ एक समान व्यवहार के लिए बाध्य दिखते थे। शीतयुद्ध के दौर में दोनों देशों को एक ही तराजू पर रखकर चलने की वैश्विक कोशिश ने भारत को कई बार बहुत निराश किया है। हम अपना पक्ष रखते तो थे, लेकिन उससे लाभ नहीं ले पाते थे।

अमेरिकी विदेश मंत्री हों या रूसी विदेश मंत्री या चीनी विदेश मंत्री या अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, ये तमाम यात्राएं भारतीय शक्ति का प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बोरिस जॉनसन के बीच जो गर्मजोशी देखी गई है, उस पर न केवल भारतीय कूटनीतिज्ञों, बल्कि दुनिया की भी नजर होगी। दोनों ही नेता परस्पर संबंध विस्तार के लिए व्यग्र नजर आ रहे हैं, तो दुनिया के बदलते हालात की भी इसमें भूमिका है। कूटनीतिज्ञ भी इस बात को रेखांकित करते हैं कि विश्व की राजनीति में आज भारत का जो महत्व है, वह पहले नहीं था। पहले अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भारत व पाकिस्तान के साथ एक समान व्यवहार के लिए बाध्य दिखते थे। शीतयुद्ध के दौर में दोनों देशों को एक ही तराजू पर रखकर चलने की वैश्विक कोशिश ने भारत को कई बार बहुत निराश किया है। हम अपना पक्ष रखते तो थे, लेकिन उससे लाभ नहीं ले पाते थे। अब ऐसा लगता है कि दुनिया खुद आगे बढ़कर भारत साथ दोस्ती करना चाहती है। देखा जाए तो हमें पाकिस्तान के साथ तौलने का पश्चिमी तराजू अब शायद टूट चुका है। हमें विश्व-राजनय में अपनी वाजिब जगह और मजबूती, दोनों को कायम रखना है। एक और ताजा मामला देखें, तो एक अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने पाक-अधिकृत कश्मीर की यात्रा की, जिस पर भारत ने आपत्ति जताई, इसके बाद अमेरिकी सरकार को स्पष्ट करना पड़ा कि डेमोक्रेट सांसद की यात्रा से बाइडन सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। दुनिया में अभी कोई ऐसा देश नहीं है, जो भारत को रूस का पुराना साथी होने के नाते कठघरे में खड़ा कर दे। भारत बहुत संभलकर चल रहा है। वह न तो रूस के खिलाफ गया है, न ही यूक्रेन के विरोध में खड़ा दिखा है। यह संतुलन भारतीय विदेशी कूटनीति का नया सशक्त पहलू है। हर हाल में भारत को अपना हित देखते हुए चलना है। वैश्विक स्तर पर अब यह चर्चा हो रही है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है, कोई भी देश भारत को सिर्फ बाजार मानकर न चले। संबंधों का विस्तार उन्हीं देशों के साथ होना चाहिए, जिनको हमारी पीड़ाओं का भी अंदाजा हो। भारत की विदेश नीति के इन महत्वपूर्ण आधार स्तंभों जैसे असंलग्नता की नीति, निः शस्त्रीकरण में विश्वास, सहअस्तित्व अथवा पंचशील, अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव, सहयोग एवं मित्रता, साधनों की शुद्धता पर आधारित, रंगभेद का विरोधत्र विश्व शांति मे विश्वास, नस्लवाद का विरोध ने हमें वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाया है।

जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही

योगेश कुमार गोयल

मलेरिया होने पर प्रायः तेज बुखार होता है, जो 103 से 105 डिग्री तक हो सकता है। सिरदर्द, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी होना, अत्यधिक ठंड लगना, कमजोरी इत्यादि मलेरिया के अन्य प्रमुय लक्षण हैं। इन लक्षणों को लंबे समय तक नजरअंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है। वैसे तो मलेरिया के लक्षण प्रायः 24 से 48 घंटे में ही नजर आ सकते हैं लेकिन कई बार लक्षण सामने आने में ज्यादा समय भी लग सकता है। मलेरिया की जांच से ही पता चल पाता है कि मरीज किस तरह के मलेरिया से ग्रसित है और उसी के आधार पर विभिन्न दवाओं से उसका इलाज शुरू किया जाता है। साधारण मलेरिया होने पर सही इलाज से मरीज 3-5 दिनों में ही ठीक हो सकता है लेकिन यदि सीवियर फैल्सीपेरम मलेरिया हुआ तो समय पर और सही इलाज नहीं कराने पर मरीज की मौत भी हो सकती है।

मलेरिया दिवस प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को अलग-अलग विषय के साथ मनाया जाता है। हर साल मलेरिया से होने वाली लाखों लोगों की मौत को देखते हुए ही लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा 25 अप्रैल 2008 को 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाने की शुरुआत की गई थी। दरअसल मच्छरों के काटने से होने वाली जानलेवा बीमारी मलेरिया के कारण प्रतिवर्ष लाखों लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। जागरूकता के अभाव में आज भी मलेरिया से मरने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है। यूनिसेफ द्वारा मलेरिया दिवस की थीम तय करने का उद्देश्य किसी भी प्रकार से विश्व को मलेरिया से मुक्त करना है। तय की जाने वाली थीम पर दुनिया भर के चिकित्सक, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ वर्ष भर कार्य करते हैं। वर्ष 2022 के लिए विश्व मलेरिया दिवस की थीम है 'मलेरिया रोग के बोझ को कम करने और जीवन बचाने के लिए नवाचार का उपयोग करें' जबकि 2021 की थीम थी 'जीरो मलेरिया लक्ष्य की ओर बढ़ना है'। विगत दो दशकों में हुए तीव्र वैज्ञानिक विकास और मलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए गए वैश्विक कार्यक्रमों के कारण जानलेवा बीमारी मलेरिया के आंकड़ों में कमी तो आई है किन्तु अभी भी इस पर पूर्ण रूप से नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में मलेरिया के बीस करोड़ से भी ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से कई लाख लोगों की मौत हो जाती है। माना जाता है कि यह बीमारी सबसे पहले चीन में पाई गई थी, जहां गंदगी से यह बीमारी पनपने के कारण उस समय इसे 'दलदली बुखार' कहा जाता था। वैसे 'मलेरिया' इतालवी भाषा के शब्द माला एरिया से बना है, जिसका अर्थ है 'बुरी हवा'। मलेरिया एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लास्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो ये परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है। मलेरिया बुखार पांच



प्रकार का होता है, लास्मोडियम फैल्सीपैरम, सोडियम विवैक्स, प्लाज्मोडियम ओवेल मलेरिया, प्लास्मोडियम मलेरिया तथा प्लास्मोडियम नोलेसी। प्लास्मोडियम फैल्सीपैरम में पीड़ित व्यक्ति एकदम बेसुध हो जाता है और इस बुखार में निरन्तर उल्टियां होने से व्यक्ति की जान भी जा सकती है। सोडियम विवैक्स में मच्छर बिनाइन टर्शियन मलेरिया पैदा करता है, जो 48 घंटों के बाद अपना असर दिखाना शुरू करता है। प्लाज्मोडियम ओवेल मलेरिया का यह रूप बिनाइन टर्शियन मलेरिया उत्पन्न करता है। प्लास्मोडियम मलेरिया एक प्रकार का प्रोटोजोआ है, जो बेनाइन मलेरिया के लिए जिम्मेदार होता है। इस रोग में क्वार्टन मलेरिया उत्पन्न होता है, जिसमें मरीज को हर चौथे दिन बुखार आ जाता है। रोगी के यूरिन से प्रोटीन निकलने लगते हैं और शरीर में प्रोटीन की कमी होकर सूजन आ जाती है। प्लास्मोडियम नोलेसी दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाने वाला एक प्राइमेट मलेरिया परजीवी है। इस मलेरिया से पीड़ित रोगी में सिरदर्द, भूख नहीं लगना जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक कई मलेरिया बहुत खतरनाक होते हैं, जिससे मरीज की मौत हो जाती है। भारत में रेजिस्टेंट मलेरिया का जोन है, इसके अलावा फैल्सीपेरम मलेरिया तो और भी ज्यादा खतरनाक होता है, जिसमें रक्तचाप कम हो सकता है, किडनी और लिवर फेल हो सकते हैं तथा मरीज कोमा में जा सकता है। इसमें मरीज को शीघ्र उचित इलाज नहीं मिले तो उसकी मौत भी हो सकती है। मलेरिया होने पर प्रायः तेज बुखार होता है, जो 103 से 105 डिग्री तक हो सकता है। सिरदर्द, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी होना, अत्यधिक ठंड लगना, कमजोरी इत्यादि मलेरिया के अन्य प्रमुय लक्षण हैं। इन लक्षणों को लंबे समय तक नजरअंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है। वैसे तो मलेरिया के लक्षण प्रायः 24 से 48 घंटे में ही नजर आ सकते हैं लेकिन कई बार लक्षण सामने आने में ज्यादा समय भी लग सकता है। मलेरिया की जांच से ही पता चल पाता है कि मरीज किस तरह के मलेरिया से ग्रसित है और उसी के आधार पर विभिन्न दवाओं से उसका इलाज शुरू किया जाता है। साधारण मलेरिया होने पर सही इलाज से मरीज 3-5 दिनों में ही ठीक हो सकता है लेकिन यदि सीवियर फैल्सीपेरम मलेरिया हुआ तो समय पर और सही इलाज नहीं कराने पर मरीज की मौत भी हो सकती है।

इसलिए बेहद जरूरी है कि मलेरिया की जांच और इलाज में कोताही न बरतें। गर्मी और मानूसन के दौरान मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ जाती है, इसलिए आमतौर पर मलेरिया इन्हीं मौसम में सबसे ज्यादा होता है। वैसे मलेरिया के मच्छर अधिकांशतः उन्हीं जगहों पर पनपते हैं, जहां गंदगी होती है या गंदा पानी जमा होता है। इसलिए मलेरिया की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि अपने घरों में तथा आसपास गंदगी और गंदा पानी एकत्र न होने दें।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वह साथ पुराना

वह साथ पुराना याद आया, संगी-साथी संग मस्ती भी। वह हाथ खिलौना याद आया, टूटी-फूटी वह बस्ती भी। वह गाँव - खेत-खलिहान सभी, रिश्ते-नाते-पहचान सभी वह ताल-तलैया याद आए, वह बचपन के अरमान सभी। जैसा था मैं पहले वैसा, फिर दिखने को मन करता है। फिर कलम उठाई हाथों ने, फिर लिखने को मन करता है। **- अमित शिवकुमार दुबे**

धरती की पीड़ा



धरती की पीड़ा सुनो, धरती है बेहाल गर्मी भीषण पड़ रही, फिर भी काटें डाल फिर भी काटें डाल, खत्म कर दी हरियाली बिन माली का बाग, कोन करता रखवाली जल का देख अभाव, धरा की रुह कलपती सूख गये तालाब, आज रोती है धरती। **- शालिनी शर्मा**

खास पाती

आज कुछ आंसू पलकों की



आज कुछ आंसू पलकों की कोरों पे आके थम से गए है जैसे आंखों पे वजनदार पत्थर जम से गए हैं मुस्कुराते हुए अचानक इक़ खामोशी छा गयी है जी चाहता है खुदको कैद कर लूं खुद के जिस्म की चारदीवारी में किसी से कुछ न कहूँ, किसी की कुछ न सुनूं, बस अंदर ही अंदर खामोशी से चीख लूं इक़ बार अंतर्मन अजीब बेचैनी लिए कुछ भीगे से अरमान मेरे कंपकपाते होंठों पे आके ठहर गए हों जैसे तुम्हारी स्मृतियां गूंजती है हृदय में जैसे कोई अंतर्नाद फिर होता है खुद से इक़ शांत विवाद और करती हैं सांसे-सांसों से संवाद हाँ अब और मुझसे झेला न जाएगा हंसी और खामोशी का खेल खेला न जाएगा अब खामोशी से चीखना है मुझे हाय आजादी की तलबगार जिस्म की चारदीवारी में कैद भीगी सी यह रूह मेरी! **- सोनिया राय**

हल्दी चढ़ने वाली अमलतास झूमे

हल्दी चढ़ने वाली अमलतास झूमे सिक्कों से लदी डाली टहनी पत्ते झूमें मेहंदी लगाई घाघरा हरा घूमें गुलमोहर मांग भरे धरती शर्माए गगन सारे दुख हरे धरती है सकुचाई गगन बजाता है जी भरकर शहनाई गुलमोहर छाया है कण कण रूप सजा सिंदूर छिटकाया है झरने की नम आंखें छू लो नभ बेटी खोलो अपनी पांखें धरती से अम्बर तक गूंजे शहनाई आ मिलो सितंबर तक। **- ज्योत्सना सक्सेना**

पांव छोलागे रद्दा रेंगत फेर डेहरी



पांव छोलागे रद्दा रेंगत फेर डेहरी के छांव नहीं बसगे सरी दुनिया कहिथें फेर हमर गांव नहीं पुरवइया तो आथे-जाथे फेर वोकरो आस नहीं बिच्छल हे माया-ठगनी इंकर तो बिसवास नहीं बस पिरोहिल के डेरा म एको जगा मिल जातीस तब मुक्ति के कोरा म जीव हमरो खिल जातीस। **- कवि सुशील भोले**

किताबो की तरह बहुत सी

किताबो की तरह बहुत सी बातो को सहेजा है हमने खामोश रहना भी, किताबो से सीखा है हमने छुपा लिए है कुछ अनकहे जज्बात कविता मे कभी पीढिया पढेगी शायद, सोचा है हमने मेरे बाद इसका मोल कौन समझेगा इसलिए पुस्तकालय मे उसे दे दिया है हमने। **- मेनका त्रिपाठी**

दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान



दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती पर हमला हुआ है, गोली, पत्थर चले हैं, आगजनी हुई है, जिसमें पुलिसवाले भी घायल हुए हैं. ये मामूली हमला नहीं है बल्कि दिल्ली के भविष्य का ट्रेलर है. जहांगीरपुरी बांग्लादेशी घुसपैठियों से संक्रमित है. एनआरसी लाओ दिल्ली बचाओ। **- विजय पाण्डेय**

जानती हूँ अच्छी तरह से नहीं



जानती हूँ अच्छी तरह से, नहीं हूँ मैं शकुन्तला, फिर भी संभाल रखी है मैने, तुम्हारी दी हुई अँगूठी जानती हूँ अच्छी तरह से, नही हो तुम दुश्यन्त, कि नही पहचानते हो, अपना ही दिया हुआ, प्रीति चिन्ह.......अब, फिर भी प्रतीक्षारत हूँ, कि आओगे एक दिन, और पहचान ही लोगे, मेरी स्मृतियों की कोख में, पल रहे अपने भारत को कि आओगे एक दिन, और पहचान ही लोगे, समय के सिंह मुख में, अपने ही दन्त चिन्ह, गिन रहे अपने बालक को। **- ममता अमर**

मेरा गंवाया चैन वो हर ख्वाब

मेरा गंवाया चैन वो हर ख्वाब चाहिए मुझे मेरे हर खत का जवाब चाहिए कैसे मै मान लूं तुमको भी मोहब्बत थी मुझे मेरे हर आंसू का हिसाब चाहिए। **- कृष्णा प्रवीण शुक्ला**

QUIZ TIME

1) भारतीय रेल में तृतीय श्रेणी कब से समाप्त कर दी गई है?
2) वर्ष 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव में सीटों की कुल संख्या कितनी थी?
3) उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन का प्रावधान किस अनुच्छेद में किया गया है?
4) जलवायु परिवर्तन से होने वाले खतरे से निपटने में सहायता के लिये ग्रीन क्लाइमेट फंड की स्थापना कब की गई?
5) आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 में किसे प्लेयर ऑफद टूर्नामेण्ट से नामित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1974 (2) 40 (3) अनुच्छेद 124 (4) 2010 (5) एलिसा हीली, ऑस्ट्रेलिया

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1526 - मुगल शासक बाबर, इब्राहिम लोदी को पराजित कर दिल्ली का बादशाह बना। 1662 - नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये। 1748 - मुगल शासक मुहम्मद शाह का दिल्ली में निधन। 1878 - कलकत्ता विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय शिक्षा क्षेत्र में महिलाओं की पात्रता को मंजूरी दी। 1908 - लंदन में चौथे ओलंपिक खेलों का शुभारंभ। 1941 - जर्मनी की सेना ने एथेंस (यूनान) पर कब्जा किया। 1942 - अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में तूफान के कारण 100 लोगों की मौत 1960 - नयी दिल्ली में नेशनल डिफेंस कॉलेज की स्थापना। 1961 - अमेरिकी अंतरिक्ष केंद्र नासा ने गामा किरणों के अध्ययन के लिए पृथ्वी की कक्षा में उपग्रह एक्सप्लोरर 11 को स्थापित किया। 1961 - सिएरा लियोन ने ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की। 2011 - अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने जन्मदिन को लेकर हुए विवाद के बाद सार्वजनिक तौर पर अपना जन्म प्रमाण पत्र जारी किया।

परीक्षा को लेकर डीईओ ने की सीएस के साथ बैठक

10 परीक्षा केंद्रों पर 3501 परीक्षार्थी होंगे शामिल

संवाददाता

गढ़वा : जिला शिक्षा पदाधिकारी मयंक भूषण ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा को लेकर गोविंद हाई स्कूल के सभागार में सभी सीएस के साथ बैठक कर आगामी 30 अप्रैल को होने वाले परीक्षा को शांतिपूर्ण कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर सभी सीएस को दिशा निर्देश दिए। बैठक की जानकारी देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य चंद्रबली ने बताया कि 30 अप्रैल को जिले के दस परीक्षा केंद्रों पर जिले के 3501 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर दंडाधिकारी और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए 10 केंद्र बनाए गए हैं। रंका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर रंका, रमकंडा, भंडारिया और चिनिया प्रखंड के 518 परीक्षार्थी शामिल होंगे, गोविंद हाई स्कूल परीक्षा केंद्र सदर प्रखंड के 552 छात्र शांति निवास परीक्षा केंद्र पर बिशुनपुरा कांडी और डंडा प्रखंड के 258, रामा साहू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर बरडीहा मझिआव प्रखंड के 235 छात्र शामिल होंगे। वही नगर हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर नगर उंटारी रमना, सगमा के 343, अंबालाल बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर डंडई और धुरकी प्रखंड के 267, हाई स्कूल भवनाथपुर परीक्षा केंद्र पर भवनाथपुर प्रखंड के 377, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर परीक्षा केंद्र पर केतार प्रखंड के 252 और हाई स्कूल झगड़ा खार परीक्षा केंद्र पर खरौंधी प्रखंड के 301 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा को लेकर जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से परीक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले हैं परीक्षार्थी प्रवेश पत्र ऑनलाइन माध्यम से ू.दंअवकंलं.हवअ.पद से डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बाद सभी छात्र अपने प्रधानाध्यापक प्रति हस्ताक्षर करा कर ही परीक्षा केंद्र शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन सभी छात्रों को अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से प्रति हस्ताक्षरित प्रवेश पत्र परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र पर जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें परीक्षा में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थी और उनके अभिभावक प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निदेर्शों का अध्ययन कर उसका अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक और सभी सीएस उपस्थित थे।

पंचायत चुनाव : प्रेक्षक की अध्यक्षता में बैठक 29 को

संवाददाता

मेदिनीनगर, पलामू : त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 प्रथम चरण के जिला परिषद सदस्यों के साथ 29 अप्रैल 2022 को प्रेक्षक (सामान्य) बैठक करेंगे। प्रेक्षक (सामान्य) की अध्यक्षता में बैठक जिला परिषद सदस्य के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता के कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। जिला परिषद सदस्य के निर्वाचित पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह ने जिला परिषद सदस्य के सभी अभ्यर्थियों को ससमय बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। विदित हो कि त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 के सफल संचालन हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक पलामू पहुंचे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मेदिनीनगर के लिए अनिल कुमार यादव (झा0प्र0से0) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनसे पुराना परिसदन कमरा नंबर-2 में शाम 3 से 5 बजे तक मिला जा सकता है। वहीं हुसैनाबाद अनुमंडल के लिए अशोक कुमार (रा0व0से0) सामान्य प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। इनसे नया परिसदन कमरा नंबर-1 में सुबह 7 से 8 बजे तक मिला जा सकता है। छतरपुर के लिए सुनील कुमार (रा0व0से0) सामान्य प्रेक्षक हैं। इनसे मिलने का समय नया परिसदन के कमरा नंबर-3 में सुबह 7 से 8 बजे तक निर्धारित है। मेदिनीनगर के लिए राज्य कर पदाधिकारी शमिक कुमार व्यय प्रेक्षक हैं। इनसे न्यू परिसदन कमरा नंबर-4 में सुबह 7 से 8 बजे तक मिलने का समय निर्धारित है। हुसैनाबाद अनुमंडल के लिए राज्य कर पदाधिकारी पवन कुमार केडिया व्यय प्रेक्षक के रूप में पलामू पहुंचे हैं। इनसे मिलने का समय सुबह 7 से 8 बजे तक एवं स्थान न्यू परिसदन कमरा नंबर-2 निर्धारित है। छतरपुर अनुमंडल के लिए राज्य कर पदाधिकारी अक्षय कुमार व्यय प्रेक्षक के रूप में पलामू पहुंचे हैं। इनसे मिलने के लिए स्थान पुराना परिसदन कमरा नंबर-3 एवं समय सुबह 7 से 8 बजे तक निर्धारित है। मेदिनीनगर, हुसैनाबाद एवं छतरपुर अनुमंडल निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित प्रत्याशी, मतदाता एवं आम जनता निर्धारित समय सारणी के अनुसार संबंधित प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते हैं। साथ ही प्रेक्षकों से उनके निर्धारित समयावधि में टेलीफोन नंबर 06562-230120 पर संपर्क किया जा सकता है।

सलैया पंचायत के नदी पर टोला के लोगों को चापाकल नसीब नहीं, नाले से बुझाते हैं प्यास

संवाददाता

हरिहरगंज पलामू : हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत के बघना गांव अंतर्गत नदीपर 15 घरो का टोला बसे दलित परिवार के लोगों के घरों में जब कोई मेहमान आता है, तो लोग स्वागत करने की जगह घर से पानी लाने निकल पड़ते हैं। इसका कारण यहां चापाकल का नहीं होना है। बोरिंग कराने के लिए यहां के लोगों के पास पैसे नहीं है। यही वजह है कि यहां के लोग गांव के बगल में नाले का पानी पीने को मजबूर हैं। जिस गंदे पाने का इस्तेमाल खाना पकाने सहित अन्य कार्यों के लिए किया जाता है। इसी नाले से जंगली जानवर भी प्यास बुझाते हैं। इस गर्मी के मौसम में यहां के लोग सिर पर बाल्टी, तसला लेकर पानी लाते है। नाले का पानी भी काफी गंदा है। मवेशियों को पानी पिलाने के लिए भी यही पानी का मुख्य स्त्रोत है। स्थानीय लोग बताते हैं कि जब कोई मेहमान किसी के घर में आता है, तो पानी के लिए करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर नाले से पानी ले जाते हैं। यहां जाकर पानी लेकर लौटते हैं, जीससे उनकी प्यास बुझती है। इसके अलावा कई बार ऐसी स्थिति बनी जब पानी के लिए लोग छटपटा कर रह जाते हैं। ऐसे में कई बार तो गंदा पानी पीना मजबूरी बन जाता है। जिसे कई तरह की बीमारी भी पैदा होती है। नाले का पानी सालों भर इस्तेमाल किया जाता है। स्थानीय पनपतिया कुंवर, अजय भुईया,केशवर भुइया आदि लोगो ने बताया कि यह समस्या सालों भर बनी रहती है। मुखिया अनीता देवी ने बताया कि बस्ती में सरकारी चापाकल नहीं होने से यहां के लोगों को काफी परेशानी होती है। पीएचडी के कर्मियों से बात कर चापाकल स्वीकृत करवाया गया था। लेकिन किन्हीं कारणों से नहीं लग पाया। जिसके लिए आज भी प्रयासरत हैं। आपको बताते चलें कि इस गांव के गर्भवती महिला भी धूप में पानी के लिए सिर पर बाल्टी लेकर जाती हैं। इस गांव में रहने वाले लोगों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं लेती। जो महिलाएं गर्भवती है उन्हें भी पानी के लिए दूरी तय करनी पड़ती है। इस चिलचिलाती धूप में सिर पर बर्तन रखकर नाले से पानी लेकर लौटना किसी भी बड़ी समस्या से कम नहीं है। मंगलवार को भी ऐसी ही महिला पुरुष पानी लेने के लिए चिलचिलाती धूप में जाती दिखी और फिर बर्तन में पानी भरकर वापस लौटी। मौके पर मदन चौधरी, बसंत भुइयां, कईल भुईयां, शिव भुईया ,मूसनी कुंवर, भुलाई भुईया ,जंजय भुईयां, मनीष भुईया आदि उपस्थित थे।

भाजपाई नहीं पचा पा रहे हैं विकास कार्य : मनोज

संवददाता

गढ़वा : झामुमो के गढ़वा जिला सचिव मनोज ठाकुर ने कहा है कि भाजपाई विकास कार्य को पचा नहीं पा रहे हैं। गढ़वा में हो रहे विकास कार्य को देखकर भाजपाई हताष एवं निराष हो गए हैं। सस्ती लोकप्रिय बनने की झूठी कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में राज्य में अमन चैन को हमेशा बिगाड़ने का प्रयास भाजपाईयों द्वारा किया जा रहा है। फिर भी इनको किसी भी प्रयासों का सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। श्री ठाकुर ने कहा कि बिजली, पानी को लेकर भाजपाई झूठ का रोना रो रहे हैं। वे लोग बतायें कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में गढ़वा में बिजली, कितने घंटे मिलती थी एवं पानी की समस्याओं का किस प्रकार से समाधान किया करते थे। भाजपा सरकार में मोबाईल भी चार्ज नहीं हो पाता था एवं पानी के नाम पर डोभा योजना लाकर भारी लूट की गई थी। इस योजना से आम अवाम् को कोई लाभ नहीं हुआ है। भाजपा सरकार के समय जब गढ़वा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए लोग त्राहि-त्राहि करते थे। कितने लोग गर्मी के मौसम में गढ़वा छोड़कर अन्य जगह चले जाते थे। कितनों घरों मे खाना नहीं बनता था। लोग स्नान एवं कपड़ा धोने के लिए तरसते थे। उस समय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर विधायक नहीं रहते हुए भी दो दर्जन टेंकरों से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी वितरण कराते थे। उस समय भाजपा के लोग असहाय बनकर देखते रहते थे। आज जबकि नियमित रूप से बिजली मिल रही है एवं पानी की कहीं कोई समस्या नहीं है और दो सप्ताह में शहरी जलापूर्ति का उद्घाटन होने वाला है। यह सब विकास कार्य भाजपा के लोगों को बर्दाष्त नहीं हो रहा है।

मुखिया का 82 व वार्ड का 98 पर्चा बिका

संवाददाता

केतार : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के मतदान को लेकर प्रखंड मुख्यालय परिसर में दूसरा दिन मात्र एक वार्ड सदस्य का नामंकन के साथ शुरू हुआ। ये नामांकन परती कुशवानी पंचायत के वार्ड 12 के रवि कुमार गुप्ता द्वारा कराया गया। जबकि मुखिया का नामांकन दूसरे दिन भी शून्य रहा। हालांकि प्रखंड के सभी सातो पंचायत से मुखिया का पर्चा कल 46 औ? आज 36 कुल मिलाकर 82 पर्चा बिक्री हो चुका है। जबकि वार्ड सदस्य का 41 कल और आज 57 कुल मिलाकर 98 बिक्री हुआ। हालांकि भीषण गर्मी के बावजूद भी प्रत्याशी काफी संख्या में प्रखंड कार्यालय पहुंच रहे है और नामांकन पत्र खरीद रहे है। इधर बीडीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि उम्मीदवार अपना नामांकन, अंतिम तिथि दो मई तक करा सकते हैं। प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करने निवार्ची पदाधिकारी के पास अधिकतम तीन व्यक्ति के साथ जा सकता है। प्रखंड मुख्यालय परिसर के बाहर खिड़की के तरफ बनाये गये काउंटर पर नामांकन पत्र की बिक्री शांतिपूर्ण ढंग से कराने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रसाशन पूरी तरह मुस्तैद थी।

नगर निगम क्षेत्र के विस्तार के बाद जुड़े ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव : मनोज

मेदिनीनगर पलामू : झामुमो के केंद्रीय सदस्य मनोज गुप्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करते हुए नगर निगम की समस्या पर विस्तार से चर्चा किया।सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री के साथ हुई मुलाकात के संबंध में श्री गुप्ता ने बताया की नगरनिगम में व्याप्त समस्या के निदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने आश्वसत किया है।उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विस्तार के बाद जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।सड़क,बिजली व पानी जैसी समस्या से भी नगरनिगम वासियों को दो चार होना पड़ रहा है।श्री गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भरोसा दिलाते हुए बहुत जल्द डालटनगंज नगरनिगम वासियों को बुनियादी सुविधाओं मुहैय्या कराने की बात कही है।श्री गुप्ता ने बताया कि जिले में बेहतरी के लिए हेमंत सोरेन की सरकार कृतसंकल्पित है और आने वाले दौर में पलामू का बेहतर स्वरुप सामने आऐगा।उन्होंने कहा कि पलामू में संगठन के विस्तार पर भी विशेष चर्चा हुई।

घर के सामने बारी में लगी आग, हजारों का नुकसान

हरिहरगंज पलामू : प्रखंड के रक्सेल तेंदुआ गांव के ओम कुमार उर्फ भोला जी के घर के सामने स्थित बारी में आग लगने से बांस बल्ली सहित हजारों रुपए मूल्य का नुकसान हुआ है। यह घटना मंगलवार की सुबह -10 बजे की बतायी जाती है। घटना के बारे में पीड़ित व्यक्ति ओम कुमार उर्फ भोला जी ने बताया कि किसी शरारती ने नुकसान पंहुचाने के उद्देश्य से मेरे खड़ी में आग लगा दी है। जिसमें बांस-बल्ली, पेड़ पौधा तथा सब्जी का फसल जलकर राख हो गए। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी शरारती तत्वों द्वारा इसी बारी में आग लगाकर हजारों की संपत्ति का नुकसान पहुंचाया गया था। भुक्तभोगी ने बताया कि आग तेजी गति से लगा, आग बुझाने का मौका भी नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी हरिहरगंज थाना को दे दी गयी है।

घर में लगी आग, भुक्त भोगी ने प्रसाशन से लगाई गुहार

हुसैनाबाद, पलामू : अनुमण्डल थाना क्षेत्र के महुदंड पंचायत के केमो प्रतापपुर गांव मे रामचंद्र यादव के घर में बिजली के तार मे शार्टसर्किट से आग लग गई इन दिनों आय दिन अनुमण्डल क्षेत्र में आग लगने की अलग अलग घटना लगातार घट रही हैं बतया जाता हैं इस घटना में भुक्तभोगी एक दम गरीब मजदूर व्यक्ति था खपड़ैल के मकान होने के कारण पानी से भी आग नही बुझ पा रही थी बहुत मसक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया परन्तु भुक्तभोगी के आधा से अधिक घर जल गया है। जिसमें घर में रखे चावल और गेँहू समेत कपड़ा सहित लगभग पचास हजार रुपया का नुकसान हुवा है। इधर भुक्तभोगी ने प्रशासन से मदत की गुहार लगाया हैं भुक्तभोगी निर्धन और गरीब हैं।

बेहतर संस्कारशाला का नाम है संत मरियम

संवददाता

मेदिनीनगर पलामू : शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। शिक्षा से ही मनुष्य महान बनता है और हर जगह सुशोभित होता है। कहा भी गया है विद्वान सर्वत्र पूज्यते। हम सभी बचपन से मृत्यु के अंतिम क्षणों तक अनेक माध्यम से कुछ न कुछ सीखते ही रहते हैं। अर्थात शिक्षा अनवरत जारी रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व, व्यवहार, चरित्र और विभिन्न गुणों को परिपूर्ण करने में विद्यालय का एक अहम रोल होता है। मेदिनीनगर मुख्यालय में भी बच्चों को शिक्षा से परिपूर्ण करने हेतु अनेक स्कूल संचालित है। परंतु जब बात एक बेहतर संस्कार,आदर्श,चरित्र निर्माण या दूसरे शब्दों में बच्चे के सर्वांगीण विकास की बात करें तो उपरोक्त तथ्यों पर संत मरियम विद्यालय का सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। जिले के विभिन्न स्कूलों को नजदीक से जानने के बाद यह पता चलता है कि वहां के चेयरमैन, प्रिंसिपल या निदेशक बच्चों के साथ व्यक्तिगत रूप से कोई लगाव नहीं रखते हैं। बस उन्हें स्कूल के रूप में सिर्फ व्यवसाय से मतलब होता है। परंतु संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव व्यस्तम दिनचर्या के बावजूद प्रतिदिन सुबह,दोपहर व सांयकाल का कुछ समय बच्चों के साथ व्यक्तिगत वातालर्ाप करते हैं। स्कूल में सभी कार्यों के निष्पादन हेतु ढेर सारी कर्मचारी विद्यमान है। परंतु वे खुद समस्याओं को जान कर उसमें सुधार हेतु प्रतिदिन निर्देश देते हैं। ताकि बच्चों को रत्ती भर भी कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। सुबह की शुरूआत आवासीय विद्यालय के बच्चों के साथ भजन-कीर्तन और संस्कारयुक्त बातों से करते हैं। साथ ही दोपहर में उन्हें पूरे मन से भोजन परोसते हैं। व्यक्तिगत तौर पर बच्चों से पूछ-पूछ कर खाना खिलाना खिलाते हैं। साथ ही बच्चों की पढ़ाई से संबंधित समस्याओं को सुनना और उसका समाधान करना, निदेशक श्री देव के दैनिक दिनचर्या में शामिल है। वे छोटे से छोटे बच्चे पर भी उनसे बेहद आत्मीय लगाव रखते हैं। सबसे सार्थक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि वे सभी बच्चों को व्यक्तिगत तौर पर नाम के साथ जानते हैं। साथ ही स्कूल के सभी छोटे बड़े सभी बच्चे इन्हें भैया कहकर बुलाते है। अपने अनुभव और समय को बच्चों के साथ साझा करते हुए वे बेहद आनंदित होते हैं। साथ ही सदैव प्रेरित करते हैं कि जीवन में जितने भी लोगों ने सफलता का परचम लहराया हैं, उन लोगों द्वारा मेहनत से कभी समझौता नहीं किया गया। अतः आप सभी खूब मेहनत कीजिए और परिवार,समाज व स्कूल के साथ-साथ देश के निर्माण में सशक्त भूमिका निभाया।

स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने संत मरियम रुपी एक छोटे से पौधों को एक बड़ा पेड़ बनाने में काफी मशक्कत और संघर्ष किया है। उनके संघर्षों का ही परिणाम है कि आज अपने बेहतर,उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के लिए संत मरियम की पहचान विशिष्ट विद्यालय के रूप में शहर में चिर परिचित है। यही कारण है कि आज पलामू प्रमंडल में संत मरियम विद्यालय किसी नाम का मोहताज नहीं है। यहां नामांकन के लिए अभिभावकों की एड़ी-चोटी एक करना पड़ता है।

ब्रीफ न्यूज

हरिहरगंज पीपरा में मुखिया के तीन, वार्ड सदस्य के चार नामांकन पत्र अयोग्य

हरिहरगंज पलामू : झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के नामांकन पत्रों की स्कूटनी के दूसरे दिन मंगलवार को हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से मुखिया एवं वार्ड सदस्य पद के लिये नामांकन करनेवाले प्रत्याशियों की नामांकन पत्रों का स्कूटनी की गयी। इस दौरान हरिहरगंज प्रखंड से 65 मुखिया उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। जिनमें तीन लोगों का पर्चा अयोग्य ठहराया गया। रद्द किए गए नामांकन पर्चा में सिमरवार पंचायत से चंदा देवी, कुलहिया पंचायत से पूजा कुमारी तथा रीता देवी का नाम शामिल है। वही निवार्ची पदाधिकारी सह सीओ वासुदेव राय ने बताया कि नामांकन पर्चा रद्द होने का कारण आरक्षित सीट होने के कारण जाति प्रमाण- पत्र झारखंड राज्य का होना चाहिए था। परंतु उन्होंने बिहार राज्य का जाति प्रमाण- पत्र प्रस्तुत किया था। इस कारण इनका नामांकन पर्चा रद्द किया गया है। इस संबंध में नामांकन पूर्व आवश्यक निर्देश चुनाव आयोग एवं प्रखंड निर्वाचन कार्यालय से दी गयी थी। जिसका पालन उन्होंने नहीं किया था। उधर पीपरा प्रखंड से 54 मुखिया उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। जिसमें सभी का नामांकन पत्रों की जांच के बाद सही पाया गया। जबकि वार्ड सदस्य के 167 प्रत्याशियों में 4 लोगों का नामांकन पर्चा गलत प्रमाण-पत्र देने के कारण रद कर दिया गया। इस मौके पर निवार्ची पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी उग्रनाथ बडाईक, विनोद कुमार आदि मौजूद थें।उधर समाचार लिखे जाने तक हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय में वार्ड सदस्यों का स्कूटनी कार्य जारी था।

मुखिया पद के लिए 29 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार में पंचायत चुनाव के दुसरे चरण दौरान मंगलवार को निर्वाचन पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के समक्ष विभिन्न आठ पंचायतों से 29 मुखिया प्रत्याशी ने मुखिया पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया । निर्वाचन पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि मुखिया पद के लिए नावा बाजार में 84 फोरम बिक्री हुआ है । जिसमें अभी तक 59 मुखिया प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल किया हैं । जिसमें अभी 25 प्रत्याशी बाकी है । वही नॉमिनेशन करने में कंडा पंचायत से नरेंद्र सिंह,पुर्व मुखिया जुगुल भुइंया,रेखा देवी,सुनील कुमार भुइंया,रितेश कुमार,संतोष सिंह के अलावा इटको पंचायत से मुखिया प्रत्याशी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता के पत्नी किरण देवी, रेशमा देवी,कनीज जैनब,किरण देवी के साथ कुंभी कला पंचायत से मीना देवी, रामचंद्र राम,राजू शरम, चंदन कुमार, रबदा पंचायत से पुर्व प्रमुख रेनू देवी,सुरजवंती देवी,तुकबेरा पंचायत से प्रमुख रविंद्र पासवान,पुंव मुखिया रिशू देवी,अरुण मेहता, संजय महतो, सोहदाग खुर्द पंचायत से राधा रानी देवी,बिमली देवी,सरवसती देवी, एवं बसना पंचायत से पुजा कुमारी ने अपने प्रस्तावक के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

मुखिया के लिए विनीता कुमारी ने भरा नामांकन

पांकी : पांकी प्रखंड में पंचायत चुनाव के लिए पांकी प्रखंड कार्यालय में पहला नामांक का सूड़ी पंचायत से विनीता कुमारी ने मुखिया पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया निर्वाचन पदाधिकारी अंचलाधिकारी निर्भय कुमार के समक्ष विनीता कुमारी ने पर्चा दाखिल किया। श्रीमती विनीता कुमारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताई की जनता एवं क्षेत्र की मूलभूत समस्या से पत्रकार ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हैं और हमारे पंचायत में अनेकों समस्याएं हैं। जिसका समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही इस संबंध में जानकारी देते हुए निवेदक समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि नामांकन के में सैकड़ों सैकड़ों संख्या में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे हैं।

3 प्रत्याशी ने पंचायत समिति पद के लिए किया नामांकन

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार में विभिन्न तीन पंचायतों से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए मंगलवार को जिला मुख्यालय मेदनी नगर में नामांकन पत्र दाखिल किया । नामांकन पत्र दाखिल करने में खास नावा बाजार से दैनिक अखबार पत्रकार बबलू गुप्ता के धर्म पत्नी अनामिका देवी, रजहारा पंचायत से उपेंद्र कुमार प्रसाद के धर्म पत्नी अनामिका कुमारी कुंभी कला पंचायत से बिंदेश्वर सिंह के धर्म पत्नी सतवंती देवी ने अपने सैकड़ों समर्थकों एवं प्रस्तावक के साथ जिला मुख्यालय मेदनीनगर में नामांकन पत्र दाखिल किया। उक्त मौके पर भोला राम ,केडी खान, लल्लन विश्वकर्मा, दिनेश चौहान, गुड्डू खान, आशा कुमारी, सुनीता देवी समेत सैकड़ों लोग मुख्य रूप से नामांकन में शामिल थे।

अभ्यर्थियों के नाम संवीक्षा समाप्त, वापसी की बारी

हुसैनाबाद, पलामू : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव प्रक्रिया अब लगभग मध्यम काल पहुँच चुकी हैं आज अभ्यर्थियों के नाम की संवीक्षा का कार्य समाप्त हुआ अब नाम वापसी और चुनाव चिह्यो के आवंटन के बाद जनता की फैसला की बारी होगी,आज अनुमण्डल क्षेत्र के तीन प्रखण्डों से कुल 7 पंचायत समितियों पदों पर दाखिल किए गए नामाकंन फर्म अस्वीकृत किया गया जिसमें हुसैनाबाद प्रखण्ड से 2 एवं हैदरनगर प्रखण्ड से 5 वहीँ हुसैनाबाद प्रखण्ड के 22 पंचायतों में मुखिया पद में दाखिल किए गए अभ्यर्थियों में कुल 4 फार्म को अस्वीकृत किया गया जिसमें सपना कुमारी,पति सुजीत राम, ग्राम सरहु पंचायत उर्दवार मंजुराहा, महेसरी देवी,पति रामराज रजवार,ग्राम इंटबाँध, पंचायत डंडिला, शारदा कुवंर, पति सुरेश राम,ग्राम कचरा, पंचायत कुर्मिपुर, देवन्ती देवी ,पति सुरेंद्र पासवान, ग्राम पंचायत झारगड़ा वहीँ ग्राम वार्ड सदस्य का कुल 6 नामांकन फार्म अस्वीकृत किए हैं जिसमे पतरा खुर्द वार्ड 13 पिंकी कुमारी, कोशी वार्ड 03 रामप्यारी देवी, बडेपुर वार्ड 12 संगीता देवी, बेलबिगहा वार्ड 5 प्रियंका देवी पथरा वार्ड 10 कुमारी देवी पोलडीह वार्ड 01 कोशल्या देवी का नाम शामिल है।

अनिता देवी ने जिला पार्षद सीट से किया नामांकन

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार के पूर्व जिला परिषद् सदस्य अनुज राम की धर्मपत्नी अनीता देवी ने मंगलवार को अपने निवास स्थान चनेया गांव से नगर भ्रमण करते हुए सैकड़ों समर्थको के साथ मेदनी नगर जिला मुख्यालय में नावा बाजार जिला परिषद् सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया । अनिता देवी ने नामांकन में जाने से पहले पत्रकारों को बताया कि जो काम मेरे पति अनुज राम के द्वारा पुरा नही किया गया है, वैसे काम को नावा बाजार क्षेत्र वासियों ने आशीर्वाद दिया तो मै उस काम को पुरा करुंगी। मौके पर पुर्व विधायक प्रत्याशी राजेन्द्र चौधरी, मुखिया प्रत्याशी इम्तेयाज आलम, आरिज आलम धर्मेन्द्र भुईयां, लाला भुईयां, पिंटू भुईयां ,अभिषेक पांडेय, विजय पांडेय , दिवाकर पांडेय, कन्हाई चौधरी, धनजय पांडेय ,गुडु ठाकुर, पैरवा देवी, वारिश आलम, श्रवण मिश्रा, संतोष भुईयां, उपेन्द्र चौधरी, विनय सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल थे ।

76 वार्ड सदस्यों ने किया नामांकन

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार प्रखड कार्यालय में मंगलवार को निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हजमा के समक्ष नावा बाजार प्रखड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से 76 वाड सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । नामांकन के दौरान लगातार काफी भीड़ हो रही है । भीड को देखते हुए समय परिवर्तन कर 3 बजे के जगह शाम 6 बजे तक नामांकन प्रक्रिया जारी है । निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा ने बताया कि भिड के देखते हुए ,समय में परिवर्तन कर सभी वार्ड सदस्यों की नामांकन लिया जा रहा है। मंगलवार तक कुल 165 वार्ड सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 51 प्रत्याशियों ने कराया नॉमिनेशन

संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा) : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मरकच्चो अंचल कार्यालय में मुखिया पद के लिए मंगलवार को हुवा 51 प्रत्याशीयों का नॉमिनेशन दाखिल ।जिसमें 27महिला प्रत्याशी और 24 पुरुष थे । वहीं इस दौरान मरकच्चो प्रखंड के पपलो पँचायत से चिंता कुमारी,मीणा देवी ,महूगांय पँचायत से सुनील यादव ,मरकच्चो मध्य पँचायत से उर्मिला देवी,चोपनाडीह पँचायत से मुमताज खातून, तेलोडीह पँचायत से मनिन्दर राम, रामजी राम, नारायण दास, अनिता देवी,मूर्कमनाई पँचायत से मुंद्रिका देवी और उषा देवी, नावाडीह एक पँचायत से राधा देवी, प्रमिला देवी और मधु कुमारी, और सिमरिया पँचायत से किरण देवी समेत 51 प्रत्याशियों ने मुखिया पद के लिए अपना नॉमिनेशन पर्चा दाखिल निवार्ची पदाधिकारी रामसुमन प्रसाद और सहायक निवार्ची पदाधिकारी अशोक कुमार, बिनोद कुमार सिन्हा, सहदेव महतो, डॉ अमरेंद्र कुमार के समक्ष सोमवार को किया। इस दौरान मुखिया प्रत्याशी के रूप में पपलो पँचायत के प्रत्याशी चिंता कुमारी ने अपने पँचायत के सैकड़ों कार्यकताओं के साथ जुलूस लेकर पूरे नावाडीह पँचायत का भृमण कर प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किए। इस दौरान नॉमिनेशन दाखिला कराने के पूर्व समर्थकों ने जुलूस का आयोजन कर पपलो पँचायत का मुखिया कैसा हो चिंता कुमारी जैसा हो , इंकलाब जिंदाबाद समेत बिभिन्न प्रकार के नारेबाजी कर प्रत्याशी को उत्साहित किए । वहीं इस मौकेपर नामांकन दाखिला के पश्चात सैकड़ों कार्यकताओं ने प्रत्याशी को फूलमाला देकर भव्य स्वागत किये । वहीं मध्य पँचायत के प्रत्याशी उर्मिला देवी ने कहा की भय भूख और भ्ष्टाचार्र मिटाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी और खाशकर बीते पांच वर्षों में जो हमारे पँचायत की जनता घुश्खोरी के चक्कर में परेशान रही थी उसे मैं जड़ से मिटाने का काम करूंगी । वही उत्तरी पँचायत के प्रत्याशी लालू यादव ने कहा की उत्तरी पँचायत में जब जनता का आशीर्वाद मुझे मिलेगा और मुखिया पद जब मै संभालूंगा तो यहां की जनता को हर प्रकार का सरकारी लाभ उन्हें बगैर घुस का कैसे मिले इसका पूरा पूरा प्रयास करूंगा और हमारे पँचायत की सारी जनता खुशहाल रहेगी। वहीं इस मौके पर अमन कुमार, किशोर सिंह , रविंद्र पांडेय, जितेंद्र पासवान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

रंजनी कुमारी ने दिया लैब टेक्नीशियन पद से इस्तीफा

भवनाथपुर : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर की लैब टेक्नीशियन पद से महिला समाजसेविका रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह को लिखित आवेदन सौंपकर स्वतंत्र होकर क्षेत्र की सेवा करने के उद्देश्य से अपना त्यागपत्र सौंपी। रंजनी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गढ़वा जिला अंतर्गत भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य पद भवनाथपुर क्षेत्र संख्या 03 से प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने जा रही हैं। रंजनी ने लैब टेक्नीशियन पद से इस्तीफा के बाद स्वतंत्र होकर क्षेत्र का सेवा करने का संकल्प ली।

मुखिया पद के लिए 78 फॉर्म बिक्री

भवनाथपुर : प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मुखिया पद पर चुनाव लड़ने की होड़ मची है। अब तक मुखिया पद के लिए मंगलवार तक 78 फॉर्म की बिक्री हो चुकी है। वहीं वार्ड सदस्य के लिए 110 फार्म बिक्री हुआ है। प्रखंड़ के नौ पंचायत में मुखिया का चुनाव दिलचस्प होने जा रहा है। मंगलवार को एक मुखिया प्रत्याषी ने नामांकन किया। कैलान पंचायत से मुखिया प्रत्याशी सुकनी देवी ने समर्थकों के साथ नामांकन करने प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने अपना नामांकन निर्वाचित पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया।

ब्रीफ न्यूज

नावाडीह पंचायत से मुखिया उम्मीदवार पिंकी देवी ने किया नामांकन दाखिल

डोमचांच (कोडरमा) : प्रखंड के नावाडीह पंचायत से मुखिया पद उम्मीदवार पिंकी देवी पति लक्ष्मी दास ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। बता दें कि डोमचांच प्रखंड मुख्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में मां देवप्रिया के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पिंकी देवी ने नामांकन के पूर्व अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ एकत्रित होकर ढोल बाजे गाजे के साथ प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मुखिया प्रत्याशी ने जनता का आभार प्रकट किया। आगे उन्होंने कहा की क्षेत्र का विकास करना घर घर तक विकास पहुंचाने का कार्य मनरेगा के तहत रोजगार मुहैया करवाने के साथ कहा कि ग्यारह साल मे केवल भ्रष्टाचार हुवा है जनता के हित मे कोई काम नहीं हुआ है ग्रामीणों ने जो कीमती समय हमारे लिए दिया उसकी मैं आभारी रहूंगी। नामांकन के दौरान सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

मुखिया उम्मीदवार राजेंद्र साव ने किया नामांकन

डोमचांच (कोडरमा) : प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत से मुखिया पद उम्मीदवार राजेंद्र साव ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। बता दें कि डोमचांच प्रखंड मुख्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में मां देवप्रिया के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। राजेंद्र साव ने नामांकन के पूर्व अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ एकत्रित होकर ढोल बाजे गाजे के साथ प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मुखिया प्रत्याशी ने जनता का आभार प्रकट किया। आगे उन्होंने कहा की क्षेत्र का विकास करना घर घर तक विकास पहुंचाने का कार्य करूंगा मनरेगा के तहत रोजगार मुहैया करवाने के साथ कहा कि ग्यारह साल मे केवल भ्रष्टाचार हुवा है जनता के हित मे कोई काम नहीं हुआ है ग्रामीणों ने जो कीमती समय हमारे लिए दिया उसकी मैं आभारी रहूंगाा। नामांकन के दौरान सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

पंचायत समिति से दीपक सिंह ने किया नामांकन

कोडरमा : कोडरमा डोमचांच प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत से पंचायत समिति पद उम्मीदवार दीपक कुमार सिंह ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। बता दें कि कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में एसडीओ मनीष कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दीपक सिंह ने नामांकन के पूर्व अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ एकत्रित होकर ढोल बाजे गाजे के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पंचायत समिति प्रत्याशी ने जनता का आभार प्रकट किया। कहा कि पुनः हमे पहली बार जनता समर्थन दे रही है। क्षेत्र का विकास करना घर घर तक विकास पहुंचाने का मेरी पहला प्रथमिकता होगी. आगे उन्होंने कहा की जरूरत मंद लोगों को कुछ नहीं मिल पाया साथ हीं उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जो कीमती समय हमारे लिए दिया उसकी मैं आभारी रहूंगा. मौके पर सुमन राणा, दिलीप साव, कृष्णा सिंह, राजेंद्र राणा, रोहित पासवान, राजेश राणा, प्रभाकर यादव यदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुखिया उम्मीदवार संजय कुमार ने किया नामांकन

डोमचांच (कोडरमा) : प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत से मुखिया पद उम्मीदवार संजय कुमार ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। बता दें कि डोमचांच प्रखंड मुख्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में मां देवप्रिया के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। संजय कुमार ने नामांकन के पूर्व अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ एकत्रित होकर ढोल बाजे गाजे के साथ प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मुखिया प्रत्याशी ने जनता का आभार प्रकट किया। आगे उन्होंने कहा की क्षेत्र का विकास करना घर घर तक विकास पहुंचाने का कार्य करूंगा मनरेगा के तहत रोजगार मुहैया करवाने को कहा। ग्रामीणों ने जो कीमती समय हमारे लिए दिया उसकी मैं आभारी रहूंगा।

जंगली हाथियों का उत्पात से लाखों का नुकसान

जयनगर (कोडरमा) : थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जंगली हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जंगली हाथियों ने पिछले कई दिनों से रात होते ही परसाबाद कटिया सहित कई गांव में प्रवेश कर किसानों का फसल के साथ-साथ अब घरों का नुकसान पहुंचा रहा है जिससे लोग का काफी नुकसान के साथ-साथ दहशत में रहते हैं। जंगली हाथी ने सोमवार की रात लतबेधवा तथा आरामुरगो गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने पहले आरामुरगो गांव में प्रवेश किया और काफी उत्पात मचाया। इस दौरान हाथी ने दुर्गा दास की मिट्टी के घर को अपने शुढ से मार-मार कर तोड़ दिया और घर में रखें चावल खाकर नष्ट कर दिया। इस दौरान घर में सोए हुए कई महिला व छोटे बच्चे बाल-बाल बच गए। वे लोग किसी तरह घर से निकल कर छत पर चढ़ा जान बचाया। फसल खा जाने से दूर्गा दास को लगभग 70 से ?80 हजार रुपए के नुकसान हुआ है। हरि सिंह का दुकान का दरवाजा से तोड़ दिया जिससे लगभग 50 से 60 हजार रुपैए का नुकसान हुआ है। इधर मुखिया सरिता सिंह ने जिला प्रशासन से तथा वन विभाग से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

डोमचांच प्रखंड मुख्यालय में 58 मुखिया प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा) : प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज हो चुकी है। इस बाबत डोमचांच प्रखंड मुख्यालय में कुल 58 मुखिया प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। जिसमें मुखिया प्रत्याशी में हरिशंकर ज्यादा मधुबन, मैनेजर सिंह बगरिडीह, सहाबुद्दीन जानपुर, सुनीता देवी धरगांव, असगर अली जानपुर, शीला देवी मत मसमोहना, गायत्री कुमारी कुंडी धनवार, बसंती देवी कुंडी धनवार, पिंकी देवी नवाडीह, पूजा देवी नावाडीह, अनीता देवी काराखुट, नीतू देवी बगड़ो, लीलावती देवी मसनोडीह, कुसुम देवी जानपुर, रेखा देवी बगडो, लीलावती देवी मसनोडीह, कुसुम देवी जानपुर, रेखा देवी बगड़ो, अनु देवी कुंडी धनवार, निजामुद्दीन बगरीडीह, पुष्पा देवी मसनोडीह, प्रवीण कुमार मधुबन, एहसान अंसारी बकरीडीह, राधा देवी काराखुट, गौरीशंकर यादव मधुबन, कुमुद देवी नावाडीह, प्रदीप पंडित जानपुर, रविंद्र मेहता फुलवरिया, नजरुल बकरीडीह, राजेंद्र साव पुरनाडीह, रेखा कुमारी कुंडीधनवार, महावीर राणा बच्छेडीह, दिनेश यादव मधुबन, रंजू देवी कराखुट, संगीता देवी कराखुट, बालेश्वरी देवी कराखुट, किरण देवी बच्छेडीह, भरत सिंह बागरीडीह, रानी देवी धरगांव, प्रियंका देवी ढोढाकोला, प्रियंका रानी बगड़ो, सुशीला देवी बेहराडीह, गीता यादव धरगाँव, देवन्ति देवी कराखुट, मोहम्मद कलामुद्दीन बच्छेडीह, मीना देवी मसमोहना, संजय कुमार पूणार्डीह, सुशीला देवी ढाब, अरुण कुमार राणा जानपुर, ममता देवी धरगांव, अरुणा देवी मसमोहना, वीणा देवी बच्छेडीह, सुनीता देवी खरखार, ईश्वर पुरनाडीह, पंकज साव पारहो, निरंजन कुमार आनंद जानपुर, भोलागिरी फुलवरिया, कंचन कुमारी मसनोडीह, राम लखन दास मधुबन, मकसूद सिंह पारहो, लक्ष्मण मेहता फुलवरिया बता दें कि डोमचांच प्रखंड मुख्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में मां देवप्रिया के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सिकंदर साव ने नामांकन के पूर्व अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ एकत्रित होकर ढोल बाजे गाजे के साथ प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मुखिया प्रत्याशी ने जनता का आभार प्रकट किया।

प्रथम चरण के लिए जिला परिषद सदस्य हेतु नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा संपन्न

मेदिनीनगर पलामू : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के नामांकन प्रक्रिया समाप्ति के पश्चात मंगलवार को जिला परिषद सदस्य हेतु दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गयी.इस दौरान कुल तीन महिलाओं का नामांकन प्रपत्र अयोग्य पाया गया. हुसैनाबाद से पिंकी देवी,कलावती देवी,व पीपरा से लालती देवी का नामांकन अयोग्य पाया गया.नामांकन अयोग्य व रद्द होने के संबंध में जिला परिषद सदस्य के निवार्ची पदाधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि इन तीनों प्रत्याशियों द्वारा जो जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया था वो बिहार राज्य से निर्गत किया गया था जो झारखंड राज्य में आरक्षण के लिए वैध नहीं पाया गया.इन तीनों प्रत्याशियों का नामांकन रद्द होने के पश्चात कुल 64 नामांकन वैध पाये गये हैं.

स्कूल का समय सुबह 6:00 से 10:00 तक हो : राकेश

मेदिनीनगर पलामू : झारखंड जनक्रांति मोर्चा के केंद्रीय संयोजक प्रखर समाजसेवी पलामू जिला के राकेश पासवान ने माननीय शिक्षा मंत्री श्री जगन्नाथ टाइगर जी को पत्राचार कर बच्चों का स्कूल प्रात: 6:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक करने की मांग की है। विदित है कि झारखंड में प्रंचड गर्मी होने की वजह से तापमान 45 डिग्री होने एवं जबरदस्त लहर लू चलने से कइयों की जान पर आफत हो गई है और कई काल के गाल में समा गए हैं अगर समय रहते सरकार सचेत नहीं रही तो यह गर्मी कोरोनावायरस का महामारी का स्वरूप ले लेगा। श्री राकेश पासवान ने शिक्षा मंत्री को पत्राचार करते हुए अभिलंब सरकारी स्कूलों को एवं प्राइवेट स्कूलों को सुबह 6:00 बजे से 10:00 बजे तक करने की मांग राज्य सरकार से किया है। ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ साथ स्वस्थ रहें और गर्मी लू से निजात पाएं।

रिना देवी ने पंचायत समिति में अपना नामांकन भरी

पाटन पलामू : आज पाटन प्रखंड के कांकेकला पंचायत के पंचायत समिति के सदस्य के रूप में अपना नामांकन भरी रीना देवी । मालूम हो कि कांके कला पूर्वी पंचायत समिति के सदस्य हेतु दुबारा रीना देवी ने आज पर्चा दाखिल किया । रीना देवी 2010 से 2015 तक अपने वार्ड का प्रतिनिधित्व की इसके बाद 2015 से वर्तमान मे इस पंचायत के पूर्वी का प्रतिनिधित्व कर रही है । इनके नामांकन के अवसर पर मुख्य रूप से मुमताज मियाँ, जसमुदीन मियां, सिकंदर पांडेय, सुनील पांडेय, काशिम मियां, चन्दकिशोर पांडेय, महेंद्र पांडेय, प्रियंका देवी, सरीता देवी आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

पंचायत समिति पद के लिए 107 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

संवाददाता

कोडरमा : कोडरमा त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 के मद्देनजर पंचायत समिति सदस्य पद के नामांकन हेतु अनुमंडल कार्यालय में पंचायत समिति सदस्य के लिए अभ्यर्थियों में भीड़ उमड पड़ी। आज पंचायत समिति सदस्य पद के लिए विभिन्न प्रखंडों से आये कुल 107 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। प्रत?ाशियों ने निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के सामने अपना नामांकन किया। जिसमें सर्वाधिक डोमचांच प्रखंड से 46 प्रत?ाशियों ने नामांकन दाखिल किया।पंचायत समिति सदस्य पद के नामांकन अबतक कुल 217 प्रत?ाशियों ने नामांकन दाखिल किया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्याशी ससमय आकर अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं, नामांकन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छुटे में सभी प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर ले।

उन्होंने कहा किपंचायत समिति सदस्य के लिए अब तक कुल 271 लोगों ने नामांकन पत्र करे किया है जिसमें से 217 प्रत्याशी नामांकन क्रय चुके हैं। जिसमें मरकच्चो प्रखंड से 79 डोमचांच प्रखंड से 77 और सतगांवा प्रखंड से 61 प्रत्याशी ने नामांकन किया है। प्रत्याशियों में 115 महिला व 102 पुरुष शामिल हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अनुमंडल कार्यालय के कर्मियों के द्वारा सक्रियता और मेहनत से कार्य करते हुए नामांकन प्रक्रिया को संपन्न कराया जा रहा है। जिसमें मुख्य था संजय कुमार, श्रवन कुमार, शैलेंद्र कुमार, लालधारी राम, संतोष कुमार, पह्लाद, दीपक, गोलू , दिनेश, उदय बख्शी शामिल है।

जिला परिषद् के लिए 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

कोडरमा : कोडरमा त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 हेतु जिला परिषद् सदस्य पद के लिए विभिन्न प्रखंडों से प्रत्याशियों द्वारा निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता श्री अनिल तिर्की के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया गया। आज जिला परिषद् सदस्य पद के लिए विभिन्न प्रखंडों से आये कुल 14 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। जिसमें 5 डोमचांच, 4 मरकच्चो और 5 प्रत्याशी सतगावां प्रखंड शामिल हैं। नामांकन किये गये प्रत्याशियों के नाम सुनील यादव, गुड़िया यादव, रबिया खातून, पुष्पा कुमारी, सकुन्ती देवी, साजदा खातून, कल्पना कुमारी शामिल है। बता दें कि जिला परिषद् सदस्य पद के लिए कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

धरगांव पंचायत से पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार कौशल्या देवी ने किया नामांकन

कोडरमा : कोडरमा डोमचांच प्रखंड के धरगांव पंचायत से पंचायत समिति पद उम्मीदवार कौशल्या देवी ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। बता दें कि कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में एसडीओ मनीष कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कौसाल्या देवी ने नामांकन के पूर्व अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ एकत्रित होकर ढोल बाजे गाजे के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पंचायत समिति प्रत्याशी ने जनता का आभार प्रकट किया। कहा कि पुन: हमे पहली बार जनता समर्थन दे रही है। क्षेत्र का विकास करना घर घर तक विकास पहुंचाने का मेरी पहला प्रथमिकता होगी. आगे उन्होंने कहा की जरूरत मंद लोगों को कुछ नहीं मिल पाया साथ हीं उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जो कीमती समय हमारे लिए दिया उसकी मैं आभारी रहूंगी । नामांकन के दौरान रामकृष्ण यादव, मुन्नी देवी यदि सैकड़ो समर्थक मौजूद थे।

अवैध महुआ शराब भट्ठी को पथरा पुलिस ने किया ध्वस्त

हरिहरगंज पलामू : हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी अजय कुमार राय ने मंगलवार को अवैध शराब चुलाई के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी अंतर्गत कटकोमा गांव समीप बटाने नदी किनारे चल रहे अवैध महुआ शराब के भट्ठी को ध्वस्त किया। हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि इस दौरान करीब 6 क्विंटल जावा महुआ तथा 75 लीटर महुआ से निर्मित शराब को नष्ट किया। इस दौरान ड्राम सहित शराब बनाने के कई उपकरण को भी नष्ट किया गया। साथ ही बताया कि अवैध महुआ शराब निर्माण में संलिप्त फरार कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। अभियान में पथरा ओपी प्रभारी अजय कुमार राय, एएसआई गंटूर उरांव सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

पंचायत चुनाव को ले एसपी ने की मैराथन बैठक

संवाददाता

मेदिनीनगर पलामू : आज दिनांक 26 अप्रैल के अपरान्ह में पुलिस अधीक्षक पलामू श्री चंदन कुमार सिन्हा ने पंचायत चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए मैराथन बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक के अलावे सीआरपीएफ के वरिष्ठ पदाधिकारी यथा सेकंड इन कमांड आशीष झा, उप समादेष्टा, सीआरपीएफ के सहायक समादेष्टा गण, कंपनी कमांडर, पलामू जिला के अपर पुलिस अधीक्षक अभियान श्री विजेंद्र कुमार मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विश्रामपुर सुरजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज, आलोक टूटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद, पूज्य प्रकाश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर अजय कुमार के अलावे जैप 4 के पुलिस उपाधीक्षक, बिनोद कुमार रवानी, जैप 8 के पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र चौधरी, जैप 7 के पुलिस उपाधीक्षक, आईआरबी के पुलिस उपाधीक्षक आदि शामिल हुए। मीटिंग को पुलिस उपमहानिरीक्षक पलामू क्षेत्र श्री राजकुमार लाकड़ा ने भी संबोधित किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस मीटिंग में सुरक्षा को लेकर सारे पहलुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया एवं पंचायत चुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए रणनीति बनाई गई। साथ ही पंचायत चुनाव में ?क्या करें क्या नहीं करें ,बारूदी सुरंग से बचने के उपाय को लेकर प्रशिक्षण आदि बिंदुओं पर भी ब्रीफिंग किया गया।

जनता की शिकायत एवं समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 1950 क्रियाशील

गढ़वा : त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन के निमित्त जिले वासियों की निर्वाचन संबंधी समस्याओं व शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर टोल फ्री नंबर 1950 क्रियाशील है। जिसपर जिलेवासी अपनी शिकायत व समस्याओं को दर्ज करा सकते हैं। यह हेल्पलाइन नंबर, हेल्पलाइन, शिकायत कोषांग एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग गढ़वा की ओर से मॉनिटर किया जा रहा है। जहां प्राप्त शिकायतों का नोडल पदाधिकारी की देखरेख में तत्काल समाधान भी हो रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने भी जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि बेझिझक अपने निर्वाचन संबंधी समस्याओं व शिकायतों को टोल फ्री नंबर 1950 पर दर्ज कराएं, यह नंबर 24 घंटे क्रियाशील है। यहां अतिशीघ्र आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

आचार संहिता का उल्लंघन करने पर होगी प्राथमिकी : बीडीओ

केतार : बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। जिससे पूरे क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दिया गया है। जिससे सार्वजनिक स्थल, भवन, सड़को में पोस्टर चिपकाना व बिना अनुमति के जुलूस निकालना प्रतिबंधित है। साथ ही धन, बल, भेंट, उपहार के माध्यम से किसी भी मतदाता को लुभाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। सभी से आदर्श आचार संहिता को अनुपालन करने की अपील किया। अन्यथा उल्लंघन की स्थिति में कठोर कार्रवाई/एफआईआर दर्ज किया जा सकता है।

बढ़ते खान दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए डालसा का निकला जागरूकता रथ

चलंत लोक अदालत को जज ने दिखायी हरी झंडी

संवाददाता

धनबाद : कोयला नगरी धनबाद में हुए कई खान दुर्घटनाओं के कारण हुई मौत ने लोगों को जहां स्तब्ध कर दिया । वहीं न्यायपालिका का भी ध्यान इस ओर खींचा लिहाजा झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर खान दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए जागरूकता रथ मंगलवार को सिविल कोर्ट से रवाना हुआ। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस मौके पर न्यायाधीश श्री शर्मा ने बताया कि खान दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक बनाने ,सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने ,तत्सम प्रवृत्त विभिन्न कानूनों की जानकारी देने के लिए चलंत लोक अदालत सह जागरुकता रथ के द्वारा 31 मई तक जिले के हर

कस्बे, मुहल्ले, गांव व ब्लॉक में जाकर लोगों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी जाएगी। लोगों को खान दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक बनाया जाएगा उन्हें सचेत किया जाएगा । मौके पर आए समस्याओं का तुरंत समाधान होगा। मौके पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने बताया कि आज जागरुकता रथ एग्यारकुंड ब्लॉक जाएगा। जहां डालसा के पैनल अधिवक्ता के के सिंह , विश्वजीत कुमार सिंह एवं पीएलभी अब्दुल कलाम , लोगों को विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक किया । सचिव श्रीमती बारला ने बताया कि 27 अप्रैल को पंचमोहली पंचायत, 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक कलिया सोल, 2 से 4 मई तक निरसा ब्लॉक ,5 मई से 7 मई तक बलियापुर ब्लाक के विभिन्न पंचायतें, 9 मई से 11 मई तक गोविंदपुर के विभिन्न पंचायतो, 12 से 16 मई बाघमारा ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों 17 से 18 मई तक टुंडी ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों, 19 मई से 20 मई तक पूर्वी टुंडी ब्लॉक और उसके विभिन्न पंचायतों ,21 मई को तोपचांची ब्लॉक 23 मई से लेकर 26 मई तक धनबाद ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों व शहरी क्षेत्रों ,27 मई से लेकर 28 मई तक झरिया ब्लॉक, 30 मई से लेकर 31 मई तक सिंदरी और धनबाद ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को विभिन्न कानूनों की जानकारी ,योजनाओं की जानकारी डालसा के पैनल अधिवक्ता ,पैरा लीगल वॉलेंटियर न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा दी जाएगी। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश तौफीकुल हसन ,सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक ,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान ,अवर न्यायाधीश राजीव त्रिपाठी बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता, विश्वजीत कुमार सिंह, केदारनाथ कर्मकार, दीपक शाह, विश्वजीत मिश्रा ,नीरज कुमार सिंह ,जमशेद काजी, अनंत कुमार उपाध्याय, अनिरुद्ध सिंह, विनोद कुमार, चिरंजीत प्रामाणिक, सुधीर कुमार सिन्हा ,जया कुमारी, विनोद कुमार उपाध्याय, गुलाम मुस्तफा, जय राम मिश्रा ,प्रीतम कुमार बंटी ,नीरज कुमार सिन्हा ,कुमार विमलेंदु ,मनोज कुमार रवानी ,अखिलेश कुमार मिश्रा ,अजय कुमार भट्ट, सुनील प्रसाद, पंचानन सिंह ,सुधीर कुमार सिन्हा ,जितेंद्र कुमार ,कामेश्वर प्रसाद ,नीरज कुमार, महेंद्र गोप, रंजन कुमार सिन्हा ,श्रीनिवास प्रसाद ,सतीश कुमार, पैरा लीगल वालंटियर शिवराज चौहान, राजेश कुमार सिंह ,गीता कुमारी, अलसा सहायक सौरव सरकार, अरुण कुमार ,संजय सिन्हा, अनुराग पांडे ,संतोष कुमार, सिविल कोर्ट के तमाम कर्मचारी, समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

डीपीएस चास के 20 विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में जीता स्वर्ण पदक

संवाददाता

बोकारो : विभिन्न ओलंपियाड में अपना लोहा मनवाते हुए डीपीएस चास के 20 विद्यार्थियों ने विभिन्न ओलंपियाडों में स्वर्ण पदक प्राप्त कर तथा 60 अन्य ने विशेष उपलब्धि प्रमाण पत्र प्राप्त कर न सिर्फ अपने स्कूल, बल्कि अपने राज्य का भी मान बढ़ाया है। ये पदक और प्रमाण पत्र, इन विद्यार्थियों को विभिन्न ओलंपियाडों में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए दिए गए। इन परीक्षाओं का आयोजन दिल्ली स्थित ख्यातिप्राप्त संगठन सिल्वर जोन फाउंडेशन द्वारा किया गया है। ये परीक्षाएं वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर जनवरी 2022 के महीने में आयोजित की गई थीं, जिनका परिणाम आज प्रकाशित किया गया। अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में अद्रिजा मुखर्जी, अन्विता नंदन, पवन कुमार गोराई, मिताक्षरा आर.एस., ने राज्य में प्रथम स्थान तथा स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि ऋद्धि समृद्धि आरएस, कुशाग्र आर्यन ने अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक अध्ययन ओलंपियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार, अखिल भारतीय हिंदी ओलंपियाड में कुशाग्र आर्यन मिताक्षरा आर.एस., दक्षेश गोस्वामी ने प्रथम स्थान तथा स्वर्ण पदक हासिल किया। चतुर्थ से नवम तक की कक्षाओं के लिए आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सूचना विज्ञान ओलंपियाड में प्रसून कुमार झा, मिताक्षरा आर एस, अन्विता नंदन, पवन कुमार गोराई ने स्वर्ण पदक और उत्कृष्टता का पदक हासिल किया। विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में दक्षेश गोस्वामी, अमय राज और सिद्धांत शंकर को राज्य रैंक 1 घोषित किया गया, जिसके लिए उन्हें स्वर्ण पदक दिए गए। गणित के अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में कुशाग्र आर्यन, अन्विता नंदन, मिताक्षरा आर.एस., रिद्धि समृद्धि और दक्षेश गोस्वामी ने स्वर्ण पदक और उपलब्धि प्रमाण पत्र प्राप्त किया, जिन्हें स्टेट टॉपर भी घोषित किया गया।

बिजली व पानी की व्यवस्था चरमरायी : ब्रजेन्द्र

संवाददाता

धनबाद : मंगलवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर धनबाद में चरमराई बिजली एवं पानी संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री से जिला में व्याप्त बिजली एवं पानी की समस्याओं के अविलंब निराकरण करने की मांग की,आगे उन्होंने कहा कि जिला में निरंतर गर्मी के मौसम में बिजली विभाग द्वारा लगातार 14-15 घंटा बिजली काटे जाने एवं सुचारू रूप से पानी की व्यवस्था नहीं होने पर लोगों में रोष व्याप्त है,धनबाद के लोग बिजली एवं पानी के संकट से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, जिला में उत्पन्न बिजली संकट के कारण लोगों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है,आमलोगों के साथ-साथ व्यवसाय को भी अतिरिक्त खर्च का वहन करना पड़ रहा है,धनबाद में बिजली एवं पानी का संकट उत्पन्न होने के

बावजूद बिजली विभाग एवं पेयजल आपूर्ति विभाग के अधिकारी लापरवाह एवं मूकदर्शक बनीं हुई हैं,भाजपा मानसिकता के ऐसे अधिकारी जानबूझकर जिला में बिजली संकट उत्पन्न कर झारखंड सरकार को बदनाम करने का काम कर रही है,इन लापरवाह अधिकारियों के कारण जिला में बिजली एवं पानी की संकट उत्पन्न हुई है,शहर से लेकर ग्रामीण एरिया के लोग इस बिजली एवं पानी संकट से त्राहिमाम कर रही है,शहर में दो-दो एजेंसी बिजली आपूर्ति करने का काम कर रही है,इसके बावजूद उक्त एजेंसी भी बिजली आपूर्ति करने में विफल रही है, ऐसे लापरवाह एजेंसियों को चिन्हित कर ब्लेकलिस्टेट करने की दरकार है।

जिला में बिजली एवं पानी जैसे महत्वपूर्ण मुलभुत समस्याओं के कारण लोगों में रोष व्याप्त है,बिजली के समस्याओं के साथ-साथ जिला में पानी की ज्वलंत समस्याओं से भी लोग त्रस्त हैं और इन समस्याओं के कारण लोग काफी दूरदराज से पानी ढोकर पानी की व्यवस्था करने के लिए मजबूर है,जनहित में लोगों के हर मूलभूत समस्याओं में कांग्रेस पार्टी का सरोकार रहा है एवं उनके हर समस्याओं में पार्टी लोगों के साथ खड़ा रहने का काम किया है,साथ-साथ लोगों के हर मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने में कांग्रेस पार्टी सदैव तत्पर रही है और आगे भी रहेगी,धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी,झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री से मांग करती है कि धनबाद जिला में व्याप्त बिजली एवं पानी की मूलभूत समस्याओं के निराकरण एवं समाधान करने के लिए ठोस पहल हो एवं जिला में लोगों को सुचारु रुप से बिजली एवं पानी मिल सके ताकि राज्य सरकार के प्रति लोगों को विश्वास जगे एवं बिजली एवं पानी की मूलभूत समस्याओं के अविलंब निराकरण किए जाने से लोगों को राहत मिल सके एवं धनबाद में व्याप्त बिजली एवं पानी जैसे मूलभूत समस्याओं का निराकरण अविलंब किया जाए।

मान्यताप्राप्त यूनियनों के रवैये के कारण डीवीसी मजदूर संघ अकेले लड़ेगा चुनाव : कौशिक

बोकारो थर्मल : डीवीसी में मान्यता प्राप्त यूनियनों का चुनाव 28 अप्रैल को होना है। सभी यूनियनों के द्वारा कामगारों को अपने पक्ष में करने एवं जीत को लेकर पुरजोर प्रयास किये जा रहे हैं। बीएमएस से संबद्ध डीवीसी मजदूर संघ भी पहली बार अकेले चुनाव लड़ रही है। मजदूर संघ के केंद्रीय महासचिव कौशिक बनर्जी ने चुनाव को लेकर कई मुद्दों पर संघ की मंशा को बेबाकी से रखने का काम मंगलवार को बोकारो थर्मल आगमन पर किया। महासचिव ने कहा कि मजदूर संघ सहित सात यूनियनें प्रबंधन के रवैये से परेशान होकर आंदोलन, भूख हड़ताल के लिए संगठित हुए थे। आंदोलन के बाद आयोजित वार्ता में इम्प्लाई फोरम के तरफ से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता था और ऐसा इसलिए किया जाता था, क्योंकि प्रबंधन के साथ कुछ निजी कार्यों मसलन ट्रांसफर पोस्टिंग से संबंधित मसले पर बात करनी होती थी। कहा कि पांच वर्ष पूर्व उनकी पहल से इम्प्लाई फोरम का गठन किया गया था, जिसमें पांच यूनियनें शामिल थी। विगत चुनाव भी उन्होंन साथ ही मिलकर लड़ा था और तीसरा स्थान पाया था। उनकी कोशिश रहती थी कि प्रबंधन के समक्ष वार्ता में सदैव कर्मियों के हित का फैसला जल्दी हो और उसे लागू भी जल्दी किया जा सके। 7वें पे कमीशन के फ्रेंच बेनिफिट के लिए भी एक कमेटी बनी, जिसकी रिपोर्ट एक महीने के अंदर प्रबंधन को देनी थी, जिस पर कुछ बातों पर सहमति बनी, कुछ पर नहीं। जिस पर सहमति बनी, उसे तत्काल लागू करने के पक्ष में वह थे, लेकिन अन्य लोग इसे एक बार ही लागू करने के पक्ष में थे, जिसके कारण नाइट ड्यूटी अलाउंस में वेबजह दो साल की देरी हुआ, जिससे कर्मियों को काफी नुकसान हुआ। कहा कि इसी प्रकार न्यू परमोशन पॉलिसी के किए एम्प्लॉई फोरम वार्ता में प्रबंधन से इसे 1 मार्च 2012 से देने की मांग कर रहा था। इसी तिथि से अधिकारियों को भी लाभ दिया गया था, परंतु एक यूनियन प्रतिनिधि इस पॉलिसी को 6 नवंबर 2018 से देने की मांग पर अड़ गए।

ब्रीफ न्यूज

नीरज सिंह हत्याकांड में न्यायालय में पेश हुए पूर्व विधायक संजीव सिंह

धनबाद : धनबाद न्यायालय में पूर्व उप महपौर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार की हत्याकांड की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सूटर अमन सिंह , बीजेपी के पूर्व बिधायक संजीव सिंह समेत सभी आरोपी पेस हुए । पेशि के दौरान सोमवार को बचाव पक्ष व अभियोजन के बीच डेढ घंटे तक तीखी बहस चलती रही। दरअसल हत?यांकाड के मामले में जेल में बंद पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह समेत सभी 11 आरोपितों का सफाई बयान आज दर्ज किया जाना था। सभी आरोपितों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कोर्ट में पेश भी किया गया, लेकिन संजीव सिंह, पंकज सिंह एवं डब्लू मिश्रा की ओर से उनके अधिवक्ता मोहम्मद जावेद पंकज प्रसाद एवं देवी शरण सिन्हा ने आवेदन देकर कहा कि उन्हें अभियुक्तों से पूछे जाने वाले प्रश्नों की पूरी सूची उपलब्ध कराई जाए, ताकि वह उसका जवाब लिखित रूप से दे सकें।

प्रियंका पाल ने जिला परिषद के लिये किया नामांकन

धनबाद : धनबाद में पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका पाल ने मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ बंदोबस्ती कार्यालय नावाडीह में इस बार भी जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 22 के लिए नामांकन किया। प्रियंका पाल ने बताया शुरू से ही क्षेत्र के लोगों की समस्यायों एवं कष्टों के निदान और विकास के लिए पूर्व में भी तत्पर रही हू ।वर्तमान में भी सेवा के लिए प्रत्नशील हूं और बाकी बचे हुए विकास के कार्यों एवं लोगों की समस्याओं को पूर्ण निष्ठा से पूर्व की तरह यथासंभव प्रयास से निदान करने को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दूंगी और बचे हुए कार्यों को पूर्ण करूँगी और भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए हर संभ्र्ट हर समय प्रयत्नशील रहूंगी। बंदोबस्ती कार्यालय में जिला परिषद सदस्य के लिए रेखा देवी क्षेत्र संख्या 18 बाघमारा प्रखंड, नरेश कुमार रवानी क्षेत्र संख्या 16 बाघमारा, धुरुप महतो क्षेत्र संख्या 16 बाघमारा, गिरधारी महतो क्षेत्र संख्या 15 बाघमारा, अंजना देवी संख्या 16 बाघमारा, विकास कुमार महतो 16 नंबर बाघमारा एवं अन्य प्रत्याशियो ने नामांकन किया।

उमंग राष्ट्रीय नाट्य एवं नृत्य महोत्सव

धनबाद : सोमवार देर संध्या को धनबाद के मजदूरों की नगरी भूली में कला निकेतन के द्वारा तीन दिवसीय उमंग राष्ट्रीय नाट्य एवं नृत्य महोत्सव का बी ब्लॉक न्यू सामुदायिक केंद्र में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन बीती देर रात मुंबई के कलाकारों द्वारा गुफाऐं नाट्य का प्रस्तुति किया गया। इसके उदघाटन में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमों नेता सह कोलियरी श्रमिक संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रनाथ सिंह शामिल हुए। जहाँ अतिथियों का स्वागत फूलो की बारिस कर किया गया। फिर शॉल ओढ़ाया और कला निकेतन द्वारा एक स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। वही गुफाऐं नाट्य के कलाकारों को मुख्य अतिथि झामुमों नेता सह कोलियरी श्रमिक संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रनाथ सिंह ने शॉल ओढ़ाया और कला निकेतन द्वारा एक स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगो मे नाट्य कला के प्रति जागरूक होंगे।साथ ही उन्होंने कहा कि बी ब्लॉक न्यू सामुदायिक केंद्र का जीर्णोद्धार बीसीसीएल प्रबंधन से मिलकर कराने की बात कही। मौके पर बिटीए सहायक कार्मिक प्रबन्धक पी के ओझा, मेयर प्रत्याशी अंकेश राज, मुखिया ब्रह्मदेव यादव, डीटीओ ओम प्रकाश यादव, समाजसेवी मुकेश लाल यादव, कोलियरी श्रमिक संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह,रा.सा.सं के सरसी चंद्रा, शिवाय सहाय सहित कई गण्यमान्य, बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी और स्थानीय लोग मौजूद थे।

आम लोग दे सकते हैं सुझाव एवं शिकायत

धनबाद : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, रांची ने धनबाद जिले के लिए सामान्य एवं व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की है। राज्य निर्वाचन आयोग रांची ने अखौरी शशांक सिन्हा की सामान्य प्रेक्षक एवं शश श्रवण कुमार प्रजापति की व्यय प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति की है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 को लेकर धनबाद जिले की आम ग्रामीण जनता अपना सुझाव एवं शिकायत प्रेक्षकों को दे सकते हैं। आम जनता सामान्य व व्यय प्रेक्षक से धनबाद परिसदन में कार्य दिवस की अवधि में अपराह्न 4:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक मिलकर अपने सुझाव एवं शिकायत प्रेक्षकों को दे सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक अखौरी शशांक सिन्हा का मोबाइल नंबर 6201920290 तथा व्यय प्रेक्षक श्रवण कुमार प्रजापति का मोबाइल नंबर 8709001996 है।

पत्नी कर रही नॉमिनेशन व पति संभाल रहे बच्चे

धनबाद : चुनाव के रंग धनबाद में दिखने लगे हैं. धनबाद में तीसरे चरण की नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है. इधर, धनबाद में चुनावी चक्कलस भी शुरू हो गया है. मुखिया से लेकर पंचायत समिति सदस्य तक की कई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो गई हैं. ऐसे में अब तक इलाके में चुनाव जीतकर दबदबा कायम रखने वाले लोग अपनी पत्नी, मां या और किसी को सीट से लड़ाने की व्यवस्था कर रखी है. इस क्रम में वैसे लोगों को अधिक परेशानी हो रही है जिनके दूध पीते बच्चे हैं. कल कई मौकों पर देखने को मिला कि पत्नी समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंची हैं और पिता बाहर में या तो बच्चे को संभाल रहे हैं या फिर दूध पिला रहे हैं. सोशल मीडिया पर कल की एक तस्वीर वायरल हो रही है, वायरल तस्वीर में बताया गया है कि रेगुनि पंचायत के पुराण दत्ता अपनी पत्नी को चुनाव लड़ा रहे हैं. सोमवार को वह नामांकन करने एसडीओ कार्यालय पहुंची तो पति बाहर दूध मुंहे बच्चे को संभाल रहे थे और उसे दूध पिला रहे थे. ऐसे और कई मामले हैं जिनमें लाचारी में ही सही, पति ,पत्नी को चुनाव लड़ा रहे है.

टासरा प्रोजेक्ट का चक्का जाम, की गई आर्थिक नाकेबंदी

धनबाद/सिंदरी : सिंदरी झामुमो के पूर्व युवा अध्यक्ष रामू मंडल की अध्यक्षता में रैयत एवं विस्थापितों की मांगों को लेकर रविवार को टासरा प्रोजेक्ट का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आर्थिक नाकेबंदी शुरू हो गयी है। आंदोलन से प्रोजेक्ट का काम पूरी तरह से ठप हो गया है। रामू मंडल ने बताया कि टासरा रोड़ाबांध मौजा के रैयत एवं विस्थापितों की मांगें विगत तीन महीने से लंबित हैं, प्रबंधन न तो इन मांगों को पूरा कर रही है और न वार्ता को तैयार है, बाध्य होकर रविवार से झामुमो जिला अध्यक्ष रमेश टूडू के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन चक्का जाम आर्थिक नाकेबंदी शुरू कर दिया गया है ।आंदोलन मांगें पूरी होने तक जारी रहेने की बात पार्टी द्वारा कही जारही है। आंदोलनकारियों की मांग है कि बिना अधिग्रहण किसी भी भूमि पर खनन कार्य नहीं किया जाए, मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दी जाए, कंपनी में 75 प्रतिशत स्थानीय को रोजगार दिया जाए, कोयला परिवहन का कार्य ग्रामीण रैयतों के समूह को दिया जाए, प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों पर किया गया झूठा केस वापस लिया जाए और वायु प्रदूषण रोकने की जरूरी व्यवस्था की जाए आदि.बताते चलें कि विगत 20 अप्रैल को झामुमो जिलाध्यक्ष रमेश टुडू के नेतृत्व में सेल टासरा प्रोजेक्ट कार्यालय में प्रबंधन से वार्ता के दौरान 11 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए चेतावनी दी गई थी कि तीन दिन में मांगें पूरी नहीं हुई तो प्रोजेक्ट में अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया जाएगा।

पंचायत चुनाव को लेकर वाहनों की जांच में जुटी स्टेटिक सर्विलांस टीम

बोकारो : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर बोकारो जिले में चौकसी और प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रखंड स्तरीय अधिकारी जहां मतदान केंद्रों पर दौरा कर व्यवस्थाओं को पूरा कराने में लगे हैं, वहीं, स्थानीय पुलिस व स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) आदर्श आचार संहिता का पालन कराएं जाने के लिए बड़े-छोटे सभी वाहनों की जांच में जुटी है। मंगलवार को भी जिले के विभिन्न प्रखंडों में अलग-अलग गठित एसएसटी टीम (हिसिम चौक कसमार, अहरडीह नावाडीह, जरीडीह, गोविंदपुर बीटीपीएस, तीरो जरीडीह आदि) द्वारा वाहनों की तलाशी के लिए जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चारपहिया व अन्य बड़े वाहनों की डिक्की व बोनट को खुलवाकर तलाशी ली जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में जाने वाले मार्गों पर भी पुलिस टीम को सक्रिय कर दिया गया है। साथ ही बिना जांच के कोई भी वाहन जिले के अंदर व बाहर नहीं जाएं एसएसटी को सुनिश्चित करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने सभी बीडीओ व सीओ एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक करते हुए प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्टैटिस्टिक सर्विलांस टीम गठित करते हुए वाहनों की जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया था। इसी के बाद से पूरे जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएस टीम द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

10 मई तक सभी स्कूल वाले जमा कराएंगे अपने वाहन, डीटीओ ने दिया निर्देश

बोकारो : मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित सभागार में वाहन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीटीओ संजीव कुमार ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक की। डीटीओ ने इस दौरान कहा कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन चार चरणों में होना है। पहला चरण का मतदान 14 मई, दूसरे चरण का 19 मई, तीसरे चरण का 24 मई एवं चौथे चरण का 27 मई को मतदान होना है। इसके लिए मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों तक ले जाने व लाने के लिए काफी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों की आवश्यकता है। पूरे राज्य में एक ही साथ पंचायत चुनाव होना है, इसलिए वाहन कि उपलब्धता आसपास के जिलों से पूरी नहीं की जा सकती है, जिले के उपलब्ध संसाधनों का ही इस्तेमाल करना है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधकों को निर्वाचन कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने क्रमवार सभी विद्यालय प्रबंधनों के नाम लेकर उपलब्ध छोटे-बड़े वाहनों की संख्या की जानकारी ली। उसका जब्ती पत्र उपलब्ध कराते हुए आगामी 10 मई को बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-3डी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संचालित वाहन कोषांग में उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि वाहनों के चालकों-खलासी को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

बीएसएल में कन्वेयर बेल्ट की खपत में कमी लाने को लेकर विचार-विमर्श

संवाददाता

बोकारो : बीएसएल के मानव संसाधन विकास विभाग में संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए बोकारो इस्पात संयंत्र में कन्वेयर बेल्ट की खपत में कमी विषय पर परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट कार्यशाला (पीआईडब्लू) मेसर्स थेजो इंजीनियरिंग लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यशाला के आरंभिक सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) संजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एस. मुखोपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) वीके सिंह एवं मुख्य महाप्रबंधक (मासंवि) मनीष जलोटा उपस्थित थे। कार्यशाला में मेसर्स थे, जो इंजीनियरिंग लिमिटेड की ओर से विशेषज्ञ श्री वी वेंकटरमण तथा एम मनोहरन भी उपस्थित थे। आरम्भ में मनीष जलोटा ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यशाला की उपयोगिता के बारे में बताया। अपने संबोधन में संजय कुमार ने स्टील प्लांट के लिए कन्वेयर बेल्ट की महत्ता पर प्रकाश डाला। एस मुखोपाध्याय ने प्रतिभागियों से कन्वेयर बेल्ट की खपत को कम करने के लिए उपयुक्त सुझाव देने की अपील की।

वीके सिंह ने बीएसएल तथा सेल के दूसरे संयंत्रों में कन्वेयर बेल्ट की वार्षिक खपत की तुलना करते हुए बोकारो इस्पात संयंत्र में इसके खपत को कम करने के लिए सभी प्रतिभागियों को ग्रुप बनाकर चर्चा करने तथा एक वास्तविक कार्य योजना बनाने का सुझाव दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वी. वेंकटरमण तथा एम. मनोहरन ने प्रतिभागियों को लोडिंग जोन में कन्वेयर ट्रैकिंग और बेल्ट सपोर्ट, कन्वेयर बेल्ट का चयन, बेल्ट क्षति के विभिन्न प्रकार, बेल्ट कन्वेयर के आसपास काम करने के लिए बेस्ट प्रैक्टिसेज, कन्वेयर सिस्टम में कारण, प्रभाव और सामान्य समस्याएं, कन्वेयर बेल्ट सपोर्ट इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों द्वारा समूह का गठन करके ब्रेन स्टॉर्मिंग द्वारा मुद्दों की पहचान की गई तथा उस पर चर्चा कर प्राथमिकता तय की गई, तदुपरांत वरीय अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (मा.सं.वि.) देवाश्री टोप्पो ने किया। कार्यक्रम के आयोजन मे प्रबन्धक (मा.सं.वि.) जीके सिंह तथा उप प्रबन्धक (मा.सं.वि.) जय नारायण यादव अहम योगदान रहा।

गर्मी में महिलाओं को पानी के लिए करनी पड़ती है मशक्कत

संवाददाता

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल स्थित गोविंदपुर बी पंचायत अंतर्गत जरवा बस्ती की महिलाओं को अप्रैल माह में ही पड़नेवाली भीषण गर्मी में पानी के लिए प्रतिदिन काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बस्ती की महिलाओं को अप्रैल 2016 में सरकारी मद से निर्मित मिनी जलापूर्ति योजना के तहत बनवाई गई पानी टंकी से पानी की आपूर्ति का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा हर घर नल जल के तहत नूरीनगर स्थित ऐश पौंड के समीप बनाई गई पानी टंकी से भी पेयजलापूर्ति का लाभ आजतक नहीं मिल पाया है। जरवा बस्ती के प्रवेश मार्ग पर सड़क किनारे डीवीसी सीएसआर मद से लगवाले गये एक मात्र नल

से ही बस्ती की महिलायें काफी जद्दोजहद कर सुबह, दोपहर एवं शाम को आनेवाले पानी सप्लाई से पानी भरने को लेकर मशक्कत करती नजर आ जाएंगीं।

डीवीसी सीएसआर के तहत पानी के नल पर पानी लेनेवाली ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि डीवीसी सीएसआर के लगवाये गये नल से तीनों टाइम पानी की आपूर्ति महज आधे घंटे ही की जाती है, जिससे पानी भरने को लेकर हमेशा नोकझोंक की स्थिति पैदा हो जाती है। सप्लाई पानी की आपूर्ति के एक घंटे पूर्व से ही महिलायें घर का काम छोड़कर बर्तनों को लेकर लाइन में लगी रहती हैं। आधे घंटे की सप्लाई के कारण कई महिलाएं बिना पानी लिये ही खाली बर्तन लेकर घरों को लौट जाती हैं।

लोगों ने कहा- पेयजलापूर्ति सुधार को नहीं हुई कोई पहल

बस्ती निवासी डीवीसी के अवकाशप्राप्त कर्मी एवं भाकपा नेता राज किशोर प्रसाद सिंह उर्फ नंदू का कहना है कि दो पंचायती कार्यकाल में ग्रामीणों के पेयजल की दशा को सुधारने को लेकर ठोस कार्य नहीं किये जाने के कारण ही पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई हैं। कहा कि डीवीसी सीएसआर मद से जरवा बस्ती के ग्रामीणों को पेयजल मुहैया कराने का काम करें, जिससे ग्रामीणों को सुगमता से पेयजल मुहैया हो सके।

स्व. राम हरिलाल की पहली पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

बोकारो : बोकारो के समाजसेवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एव चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो जिला के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय राम हरि लाल श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि उनके निवास स्थान सेक्टर- 3 थाना मोड़ में मनाई गई। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई तथा गरीबों के बीच अन्न एवं वस्त्र का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने स्व. श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित की। सबों ने समाज के विकास में स्व. श्अरीवास्तव के अवदानों पर प्रकाश डाला। कहा कि उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। मौके पर मुख्य रूप से धनबाद के विधायक राज सिन्हा, बोकारो स्टील आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह आदि ने अपने श्रद्धासुमन स्व. श्रीवास्तव के चित्र पर अर्पित किए।

फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022

'किक ऑफ द ड्रीम' कार्निवल का हुआ आगाज

नवी मुंबई : फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) ने सोमवार को नवी मुंबई के एनएमएमसी यशवंत राव चव्हाण ग्राउंड में 'किक ऑफ द ड्रीम' फुटबॉल कार्निवल का शुभारंभ किया। इस कार्निवल में नवी मुंबई क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 650 से अधिक बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। फुटबॉल कार्निवल में फुटबॉल-थीम वाले मौज-मस्ती के खेलों को शामिल किया गया है। साथ ही फुटबॉल फॉर ऑल के विचारों से प्रेरित सक्रियता (एक्टिवेशन) और चुनौतियों (चैलेंजेज) से जुड़ी गतिविधियां शामिल हैं।

'किक ऑफ द ड्रीम' फुटबॉल कार्निवल का मुख्य लक्ष्य बच्चों को फुटबॉल-थीम वाली गतिविधियों के माध्यम से समावेशी भागीदारी (इन्क्लूसिव पार्टिसिपेशन) को हथियार बनाकर लैंगिक रूढ़ियों (जेंडर स्टीरियोटाइप्स) को तोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बड़े उत्साह, रोमांच और खुशी के साथ भाग लिया। दिन के मुख्य आकर्षण में एक हेडर चैलेंज, एक फुटबॉल-शैली की डार्ट बोर्ड चैलेंज, फ्री किक चैलेंज और ब्रश और रंगों के माध्यम से एक परिसर में बच्चों की रचनात्मकता को अभिव्यक्ति देना शामिल था। साथ ही इसमें 5 बनाम 5 फुटबॉल चुनौती का भी आयोजन किया गया, जिसमें 16 टीमें स्वस्थ और मनोरंजक प्रतिस्पर्धा में लगी रहीं।

'किक ऑफ द ड्रीम फुटबॉल कार्निवल एक विशेष आयोजन है, जिसका उद्देश्य बच्चों को फुटबॉल-थीम वाले कार्यक्रमों में शामिल करना है, जहां वे टीम वर्क और लीडरशिप के बारे में सीखते हुए मजे कर सकते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस आयोजन के माध्यम से हमारा उद्देश्य बच्चों को उस आनंद का अनुभव करना है, जो विश्व के इस सबसे सुंदर खेल को खेलते हुए लाखों लोग करते हैं।

फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 की प्रोजेक्ट डायरेक्टर नंदिनी अरोड़ा ने कहा, 'इस लॉन्च इवेंट की संकल्पना और क्रियान्वयन में शामिल प्रत्येक हितधारक (स्टेकहोल्डर) के उत्साह को देखना बेहद उत्साहजनक है, जो अपनी तरह का एकदम अलग इवेंट है। आखिरकार, यह कार्निवल में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साह है, जो हमें फ्यूचर इवेंट्स को लेकर रोमांचित कर रहा है।'

कार्निवाल में डीएमसी खेल विभाग, एनएमएमसी के मनोज कुमार महाले और डीएमसी, शिक्षा विभाग, एनएमएमसी के श्री जयदीप पवार के अलावा नंदिनी अरोड़ा और फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 के परियोजना अध्यक्ष अंकुश अरोड़ा की भी उपस्थिति देखी गई।

आईपीएल की शीर्ष दो टीमों में आज होगी दिलचस्प भिड़ंत

हैदराबाद की नजर छठी जीत पर, गुजरात का लक्ष्य सेमीफाइनल

मुम्बई : आईपीएल अंक तालिका की दो शीर्ष टीमों गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बुधवार को होने वाले मुकाबले में दिलचस्प भिड़ंत देखने को मिल सकती है। गुजरात सात मैचों में छह मैच जीतकर 12 अंकों के साथ तालिका में चोटी पर है जबकि हैदराबाद सात मैचों में पांच मैच जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। गुजरात का लक्ष्य इस मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल के और करीब पहुंचना होगा। दूसरी तरफ हैदराबाद का टारगेट छठी जीत हासिल कर तालिका में शीर्ष पर पहुंचना रहेगा।

गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या शानदार फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं और अपने पूरे चार ओवर की गेंदबाजी भी कर रहे हैं। हार्दिक के नाम छह पारियों में 73.75 के औसत से 295 रन हैं। वह पूरे चार ओवर गेंदबाजी भी कर रहे हैं तो उनके विकेट लेने की भी संभावना बढ़ जाती है। यह मैच वानखेड़े के मैदान पर है, जहां हार्दिक मुंबई इंडियंस की तरफ से खूब खेले हैं।

राहुल त्रिपाठी हैदराबाद की तरफ से अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस सीजन 53 के औसत और 175.20 के औसत से 212 रन बनाए हैं। तेज गेंदबाजों के खिलाफ तो वह और भी खतरनाक हो जाते हैं और सिर्फ दो बार आउट हुए हैं। उन्होंने 181.81 के स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए हैं।

टी नटराजन : बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज हर मैच में विकेट ले रहा है। उनके नाम सात मैचों में 15 विकेट हैं। डैथ के साथ वह पावरप्ले में भी प्रभावी हैं और 6.83 के स्ट्राइक रेट से छह विकेट लिए हैं।

डेविड मिलर : साउथ अफ्रीका के इस फिनिशर ने इस सीजन में अपने पुराने फॉर्म को दिखाया है। सात पारियों में 73.33 के औसत और 157.14 के स्ट्राइक रेट से उनके नाम 220 रन हैं।

लॉकी फर्ग्युसन : इस कीवी तेज गेंदबाज ने इस सीजन में जबरदस्त तेजी दिखाई है और उन्होंने सात मैचों में 8.32 की इकॉनोमी से नौ विकेट लिए हैं। पावरप्ले के दौरान तो वह और भी खतरनाक हो जाते हैं। नौ में से छह विकेट उन्होंने पावरप्ले में ही लिए हैं।

अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही है : जडेजा

मुंबई : पंजाब किंग्स के खिलाफ 11 रनों से मिली हार से निराश चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रवींद्र जडेजा ने स्वीकार किया कि टीम को आईपीएल 2022 के पहले छह ओवरों में अच्छी शुरूआत नहीं मिल रही है। सीएसके को सोमवार को सीजन की अपनी 6 वीं हार का सामना करना पड़ा। पंजाब द्वारा दिये गए 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की टीम ने पॉवर प्ले के पहले 6 ओवर में 2 विकेट पर 32 रन बनाए। मैच के बाद जडेजा ने कहा, 'हमने बहुत अच्छी शुरूआत की, लेकिन अंत में 10-15 रन अतिरिक्त दे दिए। हमने अपनी योजनाओं को बहुत अच्छी तरह से क्रियान्वित नहीं किया। रायडू शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। मैंने पहले कहा था, अगर हम उन्हें 175 से कम पर सीमित कर देते तो अच्छा होता।' उन्होंने कहा, 'हमें पहले 6 ओवरों में अच्छी शुरूआत नहीं मिल रही है, वहीं हमारी कमी है और उम्मीद है कि हम मजबूत वापसी करेंगे।' इस मुकाबले में शिखर धवन के नाबाद 88 रनों की बदौलत पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 187 रन बनाए।

कुछ लोग मुझसे जलते थे इसलिए मुझे अपनी चमड़ी मोटी करनी पड़ी : शास्त्री

लंदन : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक रॉब की को एक अहम सलाह दी है। शास्त्री ने कहा कि इस पद पर काम करने के लिए रॉब को अपनी चमड़ी मोटी करनी होगी, ताकि जलने वाले जलते ही रहे।

'द गॉर्डियन' से बात करते हुए शास्त्री ने कहा कि उनके कार्यकाल के समय भारत में एक ऐसा भी 'गैंग' था, जो हमेशा चाहता था कि वह असफल हों। उन्होंने कहा, 'टीम इंडिया का कोच बनने से पहले मेरे पास कोई कोचिंग बैज लेवल-1, लेवल-2 नहीं था। कुछ लोग हमेशा चाहते थे कि मैं असफल हो जाऊं। लेकिन मेरी चमड़ी ड्यूक गेंद से भी मोटी है, इसलिए मुझे कोई फर्क. नहीं पड़ा। रॉब को भी ऐसा करने की जरूरत होगी। उन्हें केंट की ओर से लंबी कप्तानी का अनुभव है तो मुझे उम्मीद है कि वह अपने खिलाड़ियों से बेहतर संवाद स्थापित करेंगे।'

गौरतलब है कि रॉब भी शास्त्री की तरह एक प्रमुख कॉमेंटेटर रह चुके हैं। शास्त्री ने यह भी कहा कि इंग्लैंड क्रिकेट में सुधार करने के लिए रॉब को पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट से चर्चा करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'इंग्लिश क्रिकेट की खामियों को समझने के लिए रॉब को निश्चित तौर पर रूट से एक लंबी चर्चा करनी चाहिए। इसके अलावा रॉब का कॉमेंट्री अनुभव भी इसमें बहुत काम आएगा क्योंकि एक कॉमेंटेटर के तौर पर वह इंग्लैंड क्रिकेट को बहुत नजदीक से देखते आए हैं।'

शास्त्री ने यह भी कहा कि बेन स्टोक्स को इंग्लैंड टेस्ट टीम का अगला कप्तान नियुक्त किया जाना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि इंग्लैंड टीम को विदेशों में टेस्ट सीरीज जीतने का लक्ष्य सेट करना होगा और इसके लिए टीम संस्कृति विकसित करने की जरूरत होगी।

आईपीएल : किसी एक टीम के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने शिखर

नयी दिल्ली : पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ सोमवार को खेले गए मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की।

धवन ने इस मुकाबले में नाबाद 88 रनों की पारी खेली। इस पारी के साथ ही धवन के चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कुल 1029 रन हो गए हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ कुल 1018 रन बनाए हैं। रोहित के बाद दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड वार्नर हैं, जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 1005 रन बनाए हैं।

टी20 करियर में 9000 रन भी पूरे किये

शिखर धवन ने इसके अलावा टी20 करियर में 9000 रन भी पूरे कर लिए हैं। टी20 क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले शिखर धवन तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। धवन से आगे रोहित शर्मा और विराट कोहली का नाम है, जो टी20 करियर में 9 हजार बना चुके हैं।

मेरा दृष्टिकोण खुद को फिट रखने का है : शिखर धवन

मुंबई : पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में सोमवार रात को वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 11 रन की जीत के साथ वापसी की। अपने 200वें आईपीएल मैच में, पंजाब के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 गेंदों पर नाबाद 88 रनों की पारी खेली और पंजाब ने आखिरी ओवर में 11 रन की जीत हासिल की।

मैच के बाद धवन ने कहा, 'मैं हमेशा अपनी फिटनेस के बारे में बात करता हूं, मैं इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मेरा दृष्टिकोण खुद को फिट रखने का है, जिससे परिणाम खुद ब खुद सकारात्मक आएंगे।'

पिच के बारे में धवन ने कहा, 'विकेट थोड़ा रुक रहा था, मैंने बड़े शॉट्स के लिए जाने की कोशिश की, लेकिन मैं कनेक्ट नहीं हो सका। लेकिन मैंने खुद को शांत रखा। एक बार जब मैं सेट हो गया, तो मैं बाउंड्री हासिल कर सका। हमारी योजना पहले बल्लेबाजी करते समय गेंदबाजों पर दबाव बनाने और बाउंड्री लगाने की थी। हम बहुत अधिक विकेट नहीं गंवाना चाहते थे।'

उन्होंने कहा, 'मैं टीम में सीनियर बन गया हूं (हंसते हुए), मैं मैदान पर खिलाड़ियों और अपने कप्तान को बहुत इनपुट देता हूं। युवा बहुत सोचते हैं, कभी-कभी वे कुछ ज्यादा ही सोचने लगते हैं, इसलिए मैं उनके साथ संवाद करने की कोशिश करता हूं। मैं उनसे जीवन में कुछ बड़ा हासिल करने के बारे में बात करता हूं।'

नयी पारी | **दो मई को दूसरी शादी के बंधन में बंधेंगे 66 वर्षीय क्रिकेटर अरुण लाल**

28 साल छोटी दुल्हन के साथ लेंगे सात फेरे

कोलकाता : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी और बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (कैब) के कोच अरुण लाल 66 वर्ष की उम्र में दूसरी शादी की तैयारी में जुट गए हैं। अरुण लाल 38 साल की बुलबुल साहा से आगामी दो मई को शादी करेंगे।

बुलबुल उनसे उम्र में 28 साल छोटी हैं। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब शादी का फैसला लिया है। दो मई को कोलकाता के एस्प्लानेड में स्थित पीयरलेस होटल में दोनों की शादी होगी। इसका आमंत्रण पत्र सामने आया है जिसमें लिखा है कि बुलबुल और अरुण लाल अपनी शादी के रिसेप्शन में आपको आमंत्रित कर रहे हैं। दोनों की शादी के चर्चे सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। दोनों की कई सारी तस्वीरें भी फेसबुक, ट्विटर और अन्य प्लेटफार्म पर वायरल हैं।

उल्लेखनीय है कि टीम इंडिया के पूर्व ओपनर रहे अरुण लाल का जन्म अगस्त 1955 में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में हुआ था। उन्होंने पहली शादी रीना से की थी लेकिन दोनों आपसी सहमति से अलग हो गए थे। रीना फिलहाल बीमार भी रह रही हैं और खबर है कि अरुण ने दूसरी शादी करने से पहले उनसे सहमति भी ली है। अरुण और बुलबुल ने एक महीने पहले ही सगाई की थी, जबकि लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। क्रिकेट छोड़ने के बाद अरुण लाल बंगाल क्रिकेट टीम के कोच हैं। लंबे समय तक कमेंट्री भी करते रहे थे। हालांकि 2016 में उन्हें कैंसर हुआ था जिसके बाद कमेंट्री छोड़ दी थी लेकिन इलाज के बाद उन्होंने कैंसर को मात देकर बंगाल टीम की कोचिंग की कमान संभाली थी। क्रिकेट करियर में 16 टेस्ट और 13 वनडे मैच खेलने वाले अरुण लाल ने टेस्ट में 729 और वनडे में 122 रन बनाए हैं। अब उनकी दूसरी शादी खेल जगत में कौतूहल बनी हुई है।

एक नजर

हॉकी इंडिया ने भारत की पूर्व महिला कप्तान एलवेरा ब्रिटो के निधन पर जताया शोक

नयी दिल्ली : हॉकी इंडिया ने मंगलवार को भारत की पूर्व महिला हॉकी कप्तान और 60 के दशक में हॉकी में लगभग एक दशक तक राज करने वाली तीन प्रसिद्ध ब्रिटो बहनों में सबसे बड़ी एलवेरा ब्रिटो के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एलवेरा का मंगलवार सुबह तड़के बेंगलुरु में निधन हो गया। एलवेरा और उनकी दो बहनें रीता और माई महिला हॉकी की पर्याय थीं। उन्होंने 1960 से 1967 के बीच कर्नाटक के लिए खेला, जिसके दौरान उन्होंने अपनी तीन बहनों के साथ सात राष्ट्रीय खिताब जीते। एलवेरा को 1965 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, वह ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और जापान के खिलाफ भारत के लिए खेल चुकी हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोमबम ने कहा, 'एलवेरा ब्रिटो के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। वह अपने समय से आगे थी और उन्होंने महिला हॉकी में बहुत कुछ हासिल किया और एक प्रशासक के रूप में खेल की सेवा करना जारी रखा। हॉकी इंडिया और पूरी हॉकी बिरादरी की ओर से, हम उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।'

आर्यावृत व डीवाइन क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में

लखनऊ : बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी ग्रुप में दो मैच खेले गये। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में आर्यावृत एकेडमी ने एसडीएस क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं दूसरे मैच में डीवाइन क्रिकेट क्लब ने माइक्रोलिट जिमखाना को चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। माइक्रोलिट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 197 रन बनाये। इसमें सर्वाधिक 54 रन कपिल गुप्ता ने बनाया। वहीं आधार जैन से 27 रन का योगदान दिया। डीवाइन ने छह विकेट खोकर 201 रन बना लिये। इसमें सर्वाधिक 53 रन किशन गुप्ता ने बनाये। वहीं दूसरे मैच में एसडीएस की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 251 रन बनाये। इसमें सर्वाधिक 94 रन स्वाभिमान सिंह ने बनाया। आर्यावृत की टीम ने छह विकेट खोकर ही 252 रन बना लिये। इसमें सर्वाधिक 78 रन विनित सिंह ने बनाया, वहीं सत्येन्द्र सिंह ने 59 रन का योगदान दिया।

पैराओलंपिक कबड्डी में राजस्थान पहली बार शामिल

अजमेर : पैराओलंपिक कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चेन्नई तमिलनाडु में पांचवी नेशनल पैरा कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम भी शामिल होगी, जिसमें अजमेर के तीन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पैरा कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन राजेन्द्र गांधी ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से 18 राज्यों की टीम भाग ले रही हैं। नेशनल टूनार्मेंट में राजस्थान की नेशनल टीम भी भाग ले रही है, जो 27 अप्रैल को अजमेर से चेन्नई के लिए रवाना होगी। जिला कलेक्टर अंशदीप ने खिलाड़ियों का स्वागत कर उनकी होंसला अफजाई की। उन्होंने टीम को जीत की शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने टीम के लिए ड्रेस का विमोचन किया। इस दौरान राकेश द्विवेदी, हरीश चावला, राजेन्द्र गांधी, रवि बंजारा, पवन कहार, सुदेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नेशनल टीम में राजस्थान की टीम पहली बार भाग ले रही है। जिसमें अजमेर के तीन खिलाड़ी नरेंद्र सिंह, अविनाश चतुवेर्दी, बालुराम धाकड़ शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेंगे चिएलिनी

ट्यूरिन : इटली की पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान जियोर्जियो चिएलिनी वेम्बली स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ मैत्री मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे। जुवेंटस के कप्तान 1 जून को कॉनमबोल कोपा अमेरिका 2021 चैंपियन अर्जेंटीना के साथ मैच के बाद राष्ट्रीय टीम को छोड़ देंगे। चिएलिनी को आखिरी बार फीफा विश्व कप में खेलने की उम्मीद दी, लेकिन कतर 2022 के लिए क्वालीफाई करने में इटली की विफलता के बाद उनका यह सपना भी अधूरा रह गया। सोमवार को सीरी ए में सासुओलो पर जुवेंटस की 2-1 से जीत के बाद अनुभवी डिफेंडर ने पुष्टि की कि वह लंदन में अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में हिस्सा लेंगे और यह उनका आखिरी मैच होगा। उन्होंने कहा, 'अगर मैं ठीक हूं, तो मैं वेम्बली में आखिरी बार राष्ट्रीय टीम के लिए खेलूंगा और फिर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहूंगा, जहां मैं अपने करियर के शिखर पर पहुंचा।' उन्होंने कहा, 'अर्जेंटीना के साथ जश्न मनाने वाले मैच के साथ इटली की जर्सी को अलविदा कहना बहुत अच्छा होगा।

देशी खेल 'मल्लखंब' का मुंबई के साथ मजबूत जुड़ाव

नयी दिल्ली : बॉलीवुड से जुड़े होने और इसके साथ आने वाले ग्लैमर के कारण मुंबई को अक्सर सपनों के शहर के रूप में वर्णित किया जाता है। खेल के संदर्भ में, सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गजों के कारण इस शहर को क्रिकेट से भी जोड़ा गया है। लेकिन सपनों का यह शहर अब एक और देशी खेल मल्लखंब की वजह से चर्चा में आ गया है। बेंगलुरु के जैन विश्वविद्यालय में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2021 में मल्लखंब के खेल में मुंबई विश्वविद्यालय के एथलीटों ने अपने सनसनीखेज प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया है। मुंबई विश्वविद्यालय के विश्व चैंपियन दीपक शिंदे ने सोमवार को बॉयज ऑल-अराउंड इंडिविजुअल चैंपियनशिप मल्लखंब इवेंट में भाग लिया। दीपक ने पोल में 9.6, रोप में 8.7 और हैंगिंग में 9 के स्कोर के साथ कुल 27.30 का स्कोर किया और शीर्ष खिलाड़ी के रूप में उभरे। 25 वर्षीय एम.कॉम के छात्र दीपक ने अपने शानदार प्रदर्शन के बाद कहा, 'आज, मेरे माता-पिता वास्तव में खुश होंगे। वे लगातार मुझे मेरे स्कोर की जांच करने के लिए बुला रहे हैं। उन्होंने हमेशा खेल को आगे बढ़ाने में मेरा समर्थन किया है।'

मयंक ने की रबाडा-अर्शदीप की तारीफ

मुंबई : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ सोमवार को मिली जीत के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और कैगिसो रबाडा की जमकर तारीफ की। वानखेड़े स्टेडियम में रबाडा और अर्शदीप ने क्रमशः दो और एक विकेट चटकाए जिससे पंजाब ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 11 रन से जीत दर्ज की। मैच के बाद मयंक ने कहा, 'अर्श ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, उसने कठिन ओवर फेंके, वह हमारे लिए शानदार रहा। रबाडा ने भी ठीक गेंदबाजी की। रुतुराज और रायुडू के विकेट हमारे लिए महत्वपूर्ण रहे।' उन्होंने कहा, 'एक टीम के रूप में हमें स्मार्ट होने के बारे में सोचना होगा। एक बल्लेबाज के रूप में भले ही आप गेंदों को मिस कर दें, लेकिन आपको छोटी बाउंड्री के खिलाफ परिणाम मिलेगा। गति को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। हमें अपनी इस जीत की लय को बरकरार रखते हुए आगे के मैचों में भी जीत दर्ज करनी होगी।'

संतोष ट्रॉफी : गुजरात को 4-0 से हराकर कर्नाटक सेमीफाइनल में

मल्लापुरम : कर्नाटक ने ग्रुप बी में गुजरात को 4-0 से हराकर 75वें राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस मुकाबले के 12वें मिनट में सुधीर कोटिकेला ने गोल कर कर्नाटक को 1-0 की बढ़त दिला दी।

मैच के 28वें मिनट में पी कमलेश ने गोल कर अपनी टीम की बढ़त 2-0 कर दी। एक मिनट बाद ही मैच के 29वें मिनट में सुधीर कोटिकेला ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए कर्नाटक की बढ़त 3-0 कर दी।

मध्यांतर तक कर्नाटक की टीम 3-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद मैच के 60वें मिनट में मागेस सेल्वा ने गोल कर कर्नाटक को 4-0 से आगे कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

17 सालों में नहीं बन सकी कांड्रा से हुदू पंचायत को जोड़ने वाली सड़क

पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे गम्हरिया के ग्रामीण

संवाददाता

गम्हरिया : गम्हरिया प्रखंड का एक नंबर मतदान केंद्र पहुंच पथ से दूर है। सरकारी बाबुओं और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से हुदू पंचायत अंतर्गत उक्त मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए कांड्रा से सड़क मार्ग पर लगभग 10 किमी सड़क पिछले 17 वर्षों से पूरी तरह से जर्जर बनी हुई है। बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सड़क के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती है। इससे गुस्साए हुदू पंचायत अंतर्गत सभी गांव के ग्राम प्रधानों ने पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हुदू पंचायत से कांड्रा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क काफी जर्जर एवं गड्ढा व कंकड़ पत्थर युक्त है। इसे बनाने के लिए समय- समय पर सांसद एवं विधायक तथा स्थानीय प्रशासन के माध्यम से मांग की जाती रही है, मगर सभी की उदासीन रवैया से आज तक सड़क नहीं बन पाई है। सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के तरफ से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत चुनाव में यहां के ग्रामीण पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीण न तो पंचायत चुनाव में वोट करेंगे और न ही किसी पद के लिए नामांकन करेंगे।

कृषि शुल्क के खिलाफ सिंहभूम चैंबर का विरोध प्रदर्शन आज

संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड में प्रस्तावित कृषि शुल्क के विरोध में आंदोलन कर रहे व्यापारी 27 अप्रैल को उपायुक्त कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कृषि शुल्क को वापस लेने की मांग की जायेगी। सिंहभूम चैंबर ने जिले के सभी खाद्यान्न व्यवसायियों से अपील की है कि वे दोपहर 3 !45 से संध्या 5 !00 बजे तक चलनेवाले इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल होकर राज्य सरकार को मजबूत संदेश दें। ताकि सरकार इसे वापस लेने पर मजबूर हो। बता दें कि झारखंड की व्यावसायिक संस्थाए तथा खाद्यान्न व्यवसायी इस विधेयक के पारित होने के दिन से ही इसका विरोध कर रहे हैं। उनका तर्क है कि यह विधेयक इंस्पेक्टर राज भ्रष्टाचार और महंगाई को बढ़ावा देने वाला है। सिंहभूम चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष (व्यापार एवं वाणिज्य) नितेष धूत, उपाध्यक्ष (उद्योग) महेश सोंथालिया, उपाध्यक्ष (वित्त एवं कराधान) दिलीप गोलछा, उपाध्यक्ष (जनसंपर्क एवं कल्याण) मुकेश मित्तल, सचिव अनिल मोदी, पीयूष कु चौधरी, सांवरमल शर्मा, भरत मकानी तथा कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा ने व्यापारियों ने व्यापारियों से बुधवार के प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। व्यापार मंडल परसुडीह के दीपक भालोटिया, करण ओझा, पवन नरेडी तथा सत्यनारायण अग्रवाल ने भी अपने सदस्यों से इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेना का आह्वान किया है। बिष्टुपुर से प्रदीप गुप्ता, रमेश चंद्र अग्रवाल, सुगम सरायवाला, रमेश सोंथालिया, जुगसलाई से अनंत मोहनका विश्वनाथ शर्मा, आनंद चौधरी, अनिल कु अग्रवाल, दीपक सावा, पवन शर्मा, उमेश खीरवाल, मनोज गोयल, लिप्पु शर्मा, साकची से रामू देबुका, नवीन श्रीवास्तव, मनोज चेतानी, आदर्श अग्रवाल, आकाश मोदी, इंद्रजीत सिंह बिंद्रा, हर्ष अग्रवाल, ओमप्रकाश मूनका सहित ने भी व्यवसायियों से 3 !45 तक उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

एक नजर

डालसा पीएलवी ने की जख्मी मरीज की मदद

जमशेदपुर : रानी हेम्ब्रम पति कुंजा हेम्ब्रम , गांव सोनुवा भूतनासा की रहने वाली है। रानी हेम्ब्रम अपने परिवार के साथ श्राद्ध घर में टेम्पो से जा रही थी । उसी क्रम में पीछे से ट्रैक्टर द्वारा टेम्पो पर बैठी रानी हेम्ब्रम को दायां हाथ में जोरदार टक्कर मारते हुए भाग गया । महिला को गम्भीर चोट लगने से उसके हाथ की हड्डी टूट गयी , जिसे एमजीएम लीगल ऐड क्लीनिक के पीएलवी नागेन्द्र कुमार एवं जोबा रानी बास्के ने ऑर्थो वार्ड के 34 वेड में भर्ती कराया । इसके पूर्व उक्त मरीज का ईलाज इमरजेंसी वार्ड में जमीन पर किया जा रहा था । डालसा पीएलवी के प्रयास से उसे ऑर्थो वाड में शिफ्ट कराया गया । साथ ही इसके अलावे और भी कई मरीज जिनका ईलाज वेड के अभाव में जमीन पर किया जा रहा था , उन सभी से भी मिलकर बस्तु स्थिति से अवगत हुए और वेहतर ईलाज करने के लिए डॉक्टर से आग्रह किया ।

गोलमुरी में सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की मौत

जमशेदपुर : जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत नीलडीह गोलचक्कर के पास रविवार रात एक अज्ञात वाहन के धक्के से छोटा गोविंदपुर निवासी 57 वर्षीय बृजदेव सिंह घायल हो गए थे। मौके से गुजर रहे लोगों ने उन्हें इलाज के लिए टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार को इलाज के दौरान बृजदेव ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। बृजदेव रात को काम कर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया था। इधर, सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के 10 नंबर बस्ती निवासी 17 वर्षीय रंजीत सिंह ने भी पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना बीती रात की है। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर तत्काल इलाज के लिए टिनप्लेट अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रंजीत मानसिक रुप से कमजोर था। सोमवार की रात 8 !30 बजे उसने अपने कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अभाविप ने फूंका बसंत सोरेन का पुतला

दुमका : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने बिजली की समस्या को लेकर स्थानीय विधायक बसंत सोरेन का विरोध करते हुए मंगलवार को टीन बाजार चौक पर पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का अध्यक्षता नगर मंत्री जयंत कुमार ने किया। इस दौरान प्रांत सह छात्रा प्रमुख विनीता कुमारी, जिला संयोजक ऋषभ सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वैभव सिंह, लखीराम मंडल, मनीषा कुमारी, धंज्जय साह, बिमल दास आदि उपस्थित थे।लूट और आर्म्स एक्ट का फरार आरोपित गिरफ्तार

लूट और आर्म्स एक्ट का फरार आरोपित गिरफ्तार

दुमका : लूट व आर्म्स एक्ट के फरार आरोपित सोनू मंडल को मुफस्सिल पुलिस मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू कुमार मंडल थाना क्षेत्र के चकमुहा निवासी है। वह थाना कांड संख्या 69/22 के लूट और आर्म्स एक्ट का नामजद आरोपित है। पुलिस ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

झामुमो प्रवक्ता की कार पेड़ से टकरायी, बाल-बाल बचे

दुमका : झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे। जानकारी के अनुसार जिला प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी सोमवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तकरारपुर गांव से किसी कार्यक्रम में शिरकत करने गए थे। मंगलवार दोपहर को दुमका लौटने के क्रम में थाना क्षेत्र के सगरभंगा गांव के समीप आंख लग गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। गनीमत रही कि झामुमो प्रवक्ता बाल-बाल बच गये।

तीन दुष्कर्मियों का दोष साबित

जमशेदपुर : जमशेदपुर के जुगसलाई में नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी मो अताउल्लाह मल्लिक को न्यायालय ने दोषी करार दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे-5 संजय कुमार उपाध्याय ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 28 अप्रैल को सुनवाई की जायेगी। घटना 18 अगस्त 2019 की है। इधर एक और दुष्कर्म के मामले में एडीजे-4 राजेंद्र कुमार सिन्हा ने भी पोटका निवासी हाजम सोरेन को दुष्कर्म का दोषी पाया है। न्यायालय 30 अप्रैल को सजा की बिंदु कर सुनवाई करेगा। घटना 8 मई 2018 की है।

बिजली कटौती से परेशान लोग करेंगे जीएम कार्यालय का घेराव

संवाददाता

जमशेदपुर : लगातार बढ़ती गर्मी के दौरान बिजली की अंधाधुंध कटौती के खिलाफ लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोग अब व्यवस्था से ऊब कर बिजली विभाग के महाप्रबंधक के कार्यालय का घेराव करने की तैयारी में लग गये है। लोगों का कहना है कि चुनाव से पहले हर पार्टी लोगों को 24 घंटे बिजली देने की वायदे करती है। सत्ता संभालने के बाद हर मुख्यमंत्री जीरो पावर कट का आश्वासन देता है, लेकिन हर साल गर्मी का मौसम आते ही जनता बिजली कटौती झेलने को बाध्य हो जाती है। इस साल गर्मी का प्रकोप पिछले कुछ सालों की तुलना में ज्यादा है और बिजली का संकट भी उसी अनुपात में लोगों को झेलना पड़ रहा है। गर्मी के झुलसाते दिनों और उमस भरी रातों को आम जनता कैसे काटती है, इसका अंदाजा न तो नेताओं को होता है और न ही अधिकारियों को। उनके पास तमाम वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं। इस साल तो ऐसी हालत है कि झारखंड की शान और राज्य के सबसे बड़े व्यक्तिगत करदाता महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी को भी ट्वीट करना पड़ गया।

जमशेदपुर के गैर कंपनी इलाकों भी भारी बिजली संकट हैं। घंटों लोड शेडिंग की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में तो हालत और खराब है। वहां मात्र 5 से 6 घंटा ही बिजली रह रही है। जमशेदपुर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। ऐसे में बिजली नहीं रहने से शहर औ? ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बिजली संकट को लेकर राष्ट्रीय सेवा समिति ने मंगलवार को झारखंड ऊर्जा विकास निगम के जीएम प्रतोष कुमार से मुलाकात कर बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने की मांग की है। राष्ट्रीय सेवा समिति ने जीएम को बताया कि गर्मी के कारण लोग बीमार पड़ रहे है। रात में बच्चों की पढ़ाई पर असर हो रहा है। अभी आइसीएसइ बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे में समस्या का समाधान नहीं होता है, तो संस्था की ओ? से महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इधर जब न्यूजविंग ने इस बारे में गोविंदपुर ग्रिड के एसडीओ से जानकारी ली, तो बताया गया कि गोलमुरी ग्रिड को प्रतिदिन कुल 50 मेगावाट की बिजली की आवश्यकता है। लेकिन कुल 30 मेगावाट बिजली ही मिल रही है। इसक कारण गैरकंपनी इलाकों में इस तरह की परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का जल्द ही समाधान कर लिया जायेगा।

कोल्हान विवि सिंडिकेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

संवाददाता

चाईबासा : कोल्हान विश्विद्यालय, चाईबासा के सभागार में मंगलवार संपन्न सिंडिकेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय किये गये। इसमें पे फिक्सेशन और प्रमोशन कमेटी, सीनियरिटी कमेटी और एकेडमिक काउंसिल द्वारा लिये गये निर्णय को अनुमोदित किया गया। साथ ही परचेज एंड सेल कमेटी के निर्णय को भी सहमति प्रदान कर दी गयी।

सिंडिकेट की बैठक में बताया गया कि दीक्षांत समारोह के दौरान कुलाधिपति सह राज्यपाल रमेश बेस से गोल्ड मेडल लेने से इंकार करने वाली छात्रा सोनी सेन गुप्ता को कॉलेज की ओर से जो शो-कॉज लेटर इश्यू हुआ था, उसे कॉलेज को वापस कर दिया गया है। उसे दोबारा हैंडओवर किया गया है। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बताया कि विश्विद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह को लेकर जिन छात्रों ने पैसे वापसी को लेकर आवेदन किया था। उसमें पूर्व में निर्णय हुआ था कि सभी छात्रों का पैसा वापस करना है। इस पर प्रति कुलपति द्वारा कुछ बिंदुओं पर अपना पक्ष रखते हुए आपत्ति जतायी गयी थी। प्रति कुलपति की आपत्ति को सिंडिकेट के समक्ष रखा गया, लेकिन सिंडिकेट ने प्रति कुलपति की आपत्ति को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसका निर्णय पूर्व की सिंडिकेट के बैठक में हो चुका है। जिसके आलोक में आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पांचवें दीक्षांत समारोह के लिए आये मेल और आफलाइन मिले आवेदनों को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पहले जितने विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, उससे कहीं ज्यादा छात्रों ने पैसे वापसी के लिए आवेदन कर दिया है। इससे साफ जाहिर है कि कुछ छात्रों ने दो-दो बार अप्लाई किया है। इस विसंगति को दूर कर फाइनेंस कंपनी के समक्ष रखने का निर्देश सिंडिकेट की बैठक में दिया गया है। कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ पीके पाणि ने बताया कि हाल ही में 15 कॉमर्स के शिक्षकों का नाम जेपीएससी के द्वारा बैकलॉग के जरिये नियुक्ति के लिए भेजा गया था। उनके सर्टिफिकेट का वेरीफिकेशन कमेटी द्वारा किया जा चुका है। साथ ही कमेटी की रिपोर्ट के आलोक में सभी 15 शिक्षकों को स्वीकृत कर लिया गया है।

बिहार

बिहार के 19 जिलों में गर्मी को लेकर हाई अलर्ट

संवाददाता

पटना : बिहार में एक से दो दिन में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच सकता है। राज्य के अधिकांश जिले लू की चपेट में हैं। दक्षिण बिहार में गर्मी अत्यधिक है। मौसम विभाग ने 19 जिलों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। पटना में मंगलवार को तापमान 41.25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।बिहार में लगातार पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ रहा है। गर्म और शुष्क पश्चिमी हवा के प्रभाव से पूरा राज्य तप रहा है। जहां हवा का प्रभाव अधिक है, वहां रेगिस्तान जैसी गर्मी है।

मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों यानी 72 घंटे का अलर्ट किया है। जिन 19 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है उनमें, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया प्रमुख हैं।इसमें बांका और जमुई में तो बड़ा खतरा बताया गया है। बक्सर और बांका के साथ जमुई में पारा 45 डिग्री के पार जाने का पूवार्नुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम बिहार के 6, दक्षिण मध्य बिहार के 8 और दक्षिण पूर्व बिहार के 5 जिलों में गर्मी में खतरा बढ़ जाएगा। मौसम विभाग ने इन जिलों में लोगों को दोपहर में घर से बाहर निकलने की मनाही की है।राज्य में 24 घंटे के दौरान कई जिलों में पारा 43 डिग्री पार हो गया है। इसमें 14 जिले ऐसे हैं जो रेड जोन में हैं। रेड जोन वाले जिलों में आने वाले 72 घंटे में तापमान 45 डिग्री के पार होने का पूवार्नुमान है। इसमें राजधानी पटना भी शामिल है। मौसम विभाग का कहना है कि हीट वेव के कारण आम जन के साथ पशुओं को भी बड़ा खतरा है। ऐसे में लोगों को पूरी तरह से सावधान होना होगा, क्योंकि 72 घंटे में हालात और बिगड़ सकते हैं।

राजधानी पटना में गर्मी और हीट वेव से लोग बेहाल हैं, यहां तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को भी तापमान 41.25 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्म पछुआ हवा भी चल रही है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। गर्मी बढ़ने के साथ ही पटना के आईजीआईएमएस में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। डॉक्टरों का कहना है कि सबसे ज्यादा मामले ब्रेन स्ट्रोक के देखने को मिल रहे हैं। साथ ही कई ऐसे भी मरीज भी आ रहे हैं, जिन्हें लू लग गई है और तेज फीवर है। मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर संस्थान के अधीक्षक मनीष मंडल ने कहा कि फिलहाल जिस तरह का तापमान है, इसमें लोगों को दोपहर के समय में बाहर नहीं निकलना चाहिए। ज्यादा जरूरत हो तभी बाहर निकलें।उन्होंने कहा कि 15 से 20 दिन लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। जिस तरह से गर्मी पड़ रही है लोगों को धूप में हल्के कपड़े पहनकर निकलना चाहिए साथ ही ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। हल्का खाना खाना चाहिए और खाली पेट नहीं रहना चाहिए। इस समय ज्यादा से ज्यादा फ्रूट खाएं तो बेहतर है। सबसे ज्यादा फायदेमंद इस गर्मी में नारियल पानी होता है। इससे इंफेक्शन होने का भी खतरा नहीं रहता है।

उप मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंचे 150 फरियादी

पटना : जनता के दरबार में उप मुख्यमंत्री कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए 150 से अधिक फरियादी पहुंचे। उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने सभी फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। सारण जिला अंतर्गत दरियापुर प्रखंड के फतेहपुर चैन से आये आनंद किशोर सिंह ने मुखिया एवं पंचायत सचिव द्वारा राशि हस्तांतरण के बावजूद पक्की गली-नाली निर्माण के लिए किये गये कार्य का भुगतान नहीं करने के कारण हो रही कठिनाइयों के निराकरण का अनुरोध किया। पटना के बख्तियारपुर की रहने वाली नूनवती जगदेव सिंह महाविद्यालय में पाली विभाग की व्याख्याता शारदा कुमारी ने लगभग सात वर्षों से बकाया वेतन अनुदान के भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

स्वच्छता सर्वे वोटिंग में नहीं ले रहे हैं रुचि डेहरी के लोग

नवप्रदेश प्रतिनिधि

डेहरी : भारत सरकार द्वारा हर वर्ष स्वच्छता सर्वे कराया जाता है जिसमें हर शहर के लोगों से उस शहर के सफाई व्यवस्था के बारे में पूछा जाता है उसी आधार पर शहर को स्वच्छता सर्वे में अंक प्राप्त होता है । लोगों के वोटिंग के आधार पर स्वच्छता सर्वे भारत में स्थान दिया जाता है देहरी शहर में भी पिछले कई महीनों से नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा स्वच्छता सर्वे में उन लोगों से भाग लेने के लिए जागरूकता अभियान और जगह जगह पर स्टॉल लगाकर लोगों से अपने शहर में सफाई व्यवस्था कैसी हो रही है इस पर अपना वोटिंग करने का कार्य किया जा रहा है लेकिन शहर के लोग इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे ऐसे में शहर के विकास कार्यों से चर्चित चेयरमैन विशाखा सिंह उप चेयरमैन बिंदा देवी एवं नगर परिषद के सिटी मैनेजर मनोज भारती ने लोगों से अपील किया है वार्ड के नागरिक नगर परिषद के कार्यों पर अपना राय नगर परिषद के द्वारा चलाए जाए लिंक को खोलकर ऐप में अपने राय को रखें ताकि आपका शहर जो सफाई व्यवस्था में बिहार में नंबर वन आई थी वह फिर से कायम हो चेयरमैन विशाखा सिंह ने कहा कि शहर के सभी लोग जिस तरह नगर परिषद का सफाई व्यवस्था में कदम से कदम मिलाकर साथ देते हैं उसी तरह इस सर्वे में भी साथ दें तकि देश में आपका शहर चिन्हित हो कि यहां के लोग भी सफाई में नंबर वन रहते हैं सिटी मैनेजर ने बताया कि 2011 के जनगणना के हिसाब से शहर की आबादी 137000 से अधिक है लेकिन अब तक सिर्फ 2300 लोग ही इस सर्वे में हिस्सा लिए हैं हर घर से लोग सर्वे में हिस्सा लेना चाहिए 30 अप्रैल तक सर्वे का लास्ट डेट है इससे पहले आप सब अपना राय स्वच्छता सर्वे में जरूर रखें ताकि हमें भी पता चले की स्वच्छता सर्वे में लोग बढ़ चढ़के हिस्सा ले रहे हैं सर्वे में हिस्सा लेने के लिए शहर के हर जगह इसका लिंक पोस्टर बैनर में लगा हुआ है आप सब सोशल मीडिया पर भी लिंक को चलाकर लोगों को जागरूक करने में नगर परिषद का सहयोग कर सकते हैं शहर में अच्छी सफाई व्यवस्था होने के बावजूद भी अगर आप लोग सर्वे में भाग नहीं लेंगे तो डेहरी नगर परिषद का स्थान पीछे हो जाएगा इसलिए स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग ले।

दो बच्चों सहित बहू को घर से निकाला, प्राथमिकी

नवप्रदेश प्रतिनिधि

सूर्यपुरा : सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के एक निर्दयी ससुराल वालों ने बहू को मारपीट कर दो बच्चों के साथ घर से निकाला, मामले में पीड़ित बहू ने थाने में पति सहित पांच के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी।थानाध्यक्ष सुसंत कुमार ने बताया कि पीड़िता स्मिता देवी के द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिकी में लिखा गया है कि मेरी शादी वर्ष 2008 में भोजपुर जिला के कुल्हड़िया निवासी पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दे कर किया था। परंतु कुछ वर्षों बाद मेरे पति संतोष कुमार सिंह और उनके मां-बाप और परिजनों द्वारा मुझसे मेरे पिता से दहेज के रूप में और 5 लाख रुपये की मांग करते हुए मुझे प्रताड़ित करने लगे इसी बीच मेरी 12 वर्ष एक पुत्री और 8 वर्ष के पुत्र का जन्म हुआ। परंतु इन लोगों का व्यवहार नहीं बदला अक्सर बात बात पर मुझे प्रताड़ित करते रहते हैं और विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट भी करते हैं। हद तो तब हो गई जब सोमवार को पति के साथ मिलकर सभी ससुराल वालों ने मुझे मारपीट कर दोनों बच्चों के साथ घर से निकाल दिया,और मेरे और मेरे बच्चों के उपयोग वाले सभी कपड़े एवं अन्य सामान भी घर से बाहर फेंक दिया। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा अपने पति संतोष कुमार सिंह के साथी सास ,ससुर ,देवर एवं गोतनी कुल पाच के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

आपसी सौहार्द व अमन की दुआ है दावत-ए इफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि

दावथ : आपसी सौहार्दता व अमनो चैन की दुआ है दावत-ए इफ्तार।रमजान के इस पाक महीने में कौमी एकता और अखंडता के साथ गुनाहों की माफी की दुआ करते है रोजेदार ताकि हमारा समाज हमारा मुल्क अखंडता के सूत्र में बंधा रहे। उक्त बातें कोआथ नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन सोनी खान द्वारा आयोजित दवात-ए इफ्तार पार्टी में शरीक होने पहुंचे पूर्व मंत्री अखलाक अहमद ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि सबसे अहम बात यह है कि लोग बड़े छोटे,अमीर गरीब का भेद मिटाकर एक दस्तखान पर बैठकर एक साथ खाते है यह आपसी मिल्लत का परिचायक है।वही उन्होंने पत्रकारों के सवाल रूस और यूक्रेन में चल रही जंग पर कहा कि युद्ध किसी भी मसले का समाधान नही।इसके लिये लोगो को एक साथ बैठकर वार्ता करने की जरूरत है तभी मसले का समाधान हो सकेगा।युद्ध मे इंसानियत कराहती है जो किसी भी मुल्क के लिये ठीक नही।उन्होंने नमाज अदा करने के साथ ही मुल्क के अमनो चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर नगर पंचायत कोआथ के पूर्व चेयरमैन जमालुद्दीन खान उर्फ सोनी खान, दावथ के उप प्रखंड प्रमुख शेख साजिद, अधिवक्ता कादिर अहमद खान, चुने खान, अम्बर खान, अरमानुल हक, पिंटू खान, डॉ सकेब अहमद खान, डॉ आतिफ अंजुम, अरमान खान ,विक्की, साहरुख खान आदि सैकड़ो लोग शामिल थे।

राजद के नगर अध्यक्ष ने दी इफ्तार पार्टी

नवप्रदेश प्रतिनिधि

डेहरी : कोरोना काल के दौरान पिछले दो सालों से इफ्तार पार्टी का आयोजन नहीं किया जा सका लेकिन इस बार रमजान के पवित्र माह में इफ्तार की दावत शुरू हो गई है। इसी क्रम में स्टेशन रोड स्थित झुनझुनवाला वाटिका में राजद के डेहरी नगर अध्यक्ष गुड्डू चन्द्रवंशी के द्वारा इफ्तार पार्टी सोमवार की शाम को आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख?या में हिंदू मुस्लिम भाईयो ने इस इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख?या में शिरकत किया। इफ्तार पार्टी के संदर्भ में राजद नगर अध्यक्ष गुड्डू चन्द्रवंशी ने बताया कि इफ्तार के आयोजन से गंगा-जमुनी संस्कृति और मजबूत होती है, हिंदू और मुसलमान भाईयो के बीच प्रेम और सौहार्द बढ़ता है। देश के आजादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में हिंदू और मुसलमान भाईयो का बड़ा योगदान है। सीमा पर आज भी बड़ी तादात में मुसलमान भाई अपने प्राणों की आहूति देकर हिंदूस्तान की रक्षा करते है। इस अवसर पर बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन विधायक फतेबहादुर सिंह, विनोद पासवान, संत शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, श्रवण कुमार अटल, अर्जुन केशरी, डेहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, बिमल सिंह, पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद, समाजसेवी अख्तर अंसारी, महफुज अंसारी, अब्दुल कलाम आजाद, सहित अन्य शामिल थे।

नप सभापति के विरुद्ध अविश्वास पर बहस 30 को

नवप्रदेश प्रतिनिधि

बिक्रमगंज : नगर परिषद बिक्रमगंज सभापति की पेच में फंसी कुर्सी पर आगामी 30 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होगा। बताते चलें कि विगत कई माह से बिक्रमगंज सभापति की कुर्सी के लिए रस्साकशी चल रही है। बहुमत वाली वार्ड पार्षदों की टीम पूर्व उपसभापति गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता के पक्ष में खड़ी हो सभापति रब नवाज खान के विरोध में अविश्वास प्रस्ताव विगत महीने लाई थी। उक्त अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध सभापति रबनवाज ने शहरी विकास मंत्रालय के समक्ष चैलेंज किया था। इस प्रक्रिया में कुछ महीने लगे और वर्तमान सभापति के पक्ष में निर्णय आया। जिसके बाद रबनवाज खा पुणे सभापति की कुर्सी पर काबिज हुए। इस निर्णय के विरोध में पुणे विरोधी टीम गोल बंद हो गई। पूर्व सभापति गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में कार्यपालक पदाधिकारी सूर्या नंद सिंह के समक्ष अत्यधिक वार्ड पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिसके बाद नगर परिषद में पुणे खींचातानी शुरू हो गई। वार्ड पार्षदों के इस अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी ने वरीय अधिकारियों से दिशा निर्देश मांगा।

डॉ. हरि सिंह गौर विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं अन्नपूर्णा देवी, कहा

नयी शिक्षा नीति में जड़ों से जुड़ने की कोशिश

सागर (मध्यप्रदेश) : केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीने देश की शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार का महान लक्ष्य सामने रखकर, विद्वान मनीषियों से सतत विमर्श और विचार मंथन कर नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सूत्रपात किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जहां एक तरफ प्राचीन समृद्ध और वैभवशाली भारतीय संस्कृति - परम्परा से, यानि अपने जड़ों से जुड़ने की कोशिश है, वहीं वैश्विक और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप विविधता, उन्मुक्तता, स्वावलंबन, कौशल विकास और तकनीकी दक्षता का प्रावधान भी है। मुझे खुशी है कि सागर (मध्यप्रदेश) के डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सहित देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप खुद को ढालना शुरू कर दिया है और शुरुआती उत्कृष्ट उपलब्धियां भी हासिल की हैं। अन्नपूर्णा देवी बतौर मुख्य अतिथि डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्यप्रदेश के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं और मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और उपाधियां प्रदान कीं। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित सरस्वती छात्रावास का लोकार्पण भी किया। दीक्षांत समारोह के बाद अन्नपूर्णा देवी ने सागर जिला भाजपा कार्यालय में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। इस अवसर पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव ने शिक्षा शब्द को देखने के नजरिये

को पूरी तरह से बदल दिया है। भारतीय शिक्षा प्रणाली के मूल सिद्धांतों में लंबे समय से बदलाव लंबित थे। एनईपी-2020 में प्रस्तावित परिवर्तनों ने विद्यार्थियों के लिए ऐसी स्वतंत्र और रचनात्मक सोच की संभावनाएं पैदा की हैं, जो उन्होंने पहले कभी सोची भी नहीं थी। बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान एवं विकास के मामले में यह परिवर्तन न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि संस्थान के लिए भी फायदेमंद है। पाठ्यक्रम में लचीलेपन को लागू करके विद्यार्थियों को विकल्पों की अधिक संख्या प्रदान करना सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन है जिससे विद्यार्थी चुने हुए विकल्पों में प्रमुख और मामूली विशेषज्ञता हासिल कर सकेंगे।

चिकित्सा विज्ञान और इंजीनियरिंग के उच्चतर शिक्षण संस्थानों द्वारा डाटा विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेक्ट्रोनिक्स और रोबोटिक्स तथा स्नातक इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में सामाजिक कार्य, कला और मानविकी, सामाजिक विज्ञान, रक्षा प्रौद्योगिकियां, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट सिटी, नीति अनुसंधान और साइबर कानून सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनेक नए कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं।

एक नजर

पांच दिन की पुलिस हिरासत में जिग्नेश मेवाणी

बरपेटा (असम) : बरपेटा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने मंगलवार को गुजरात के विधायक और कांग्रेस समर्थित नेता जिग्नेश मेवाणी को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। जिग्नेश मेवाणी को दो मई को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। जिग्नेश मेवाणी को बरपेटा रोड थाने में दर्ज एक मामले में कोकराझार पुलिस से बरपेटा पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया था। उनकी हिरासत की मांग करते हुए आज बरपेटा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पुलिस ने उन्हें पेश किया। अदालत में सरकारी पक्ष की दलील अधिवक्ता माखन फुकन और कुंतला देवी पटवारी ने रखी। उसके बाद अदालत ने जिग्नेश मेवाणी को पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया और उन्हें दो मई को फिर से अदालत में पेश होने का आदेश दिया। इस बीच जिग्नेश मेवाणी के अधिवक्ता अंशुमान बोरा ने जमानत की अर्जी दाखिल की लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया।

एनआईए करेगी सुंजवां आतंकी हमले की जांच

जम्मू : जम्मू संभाग के सांबा जिले में सुंजवां के जलालाबाद में हुए आतंकी हमले की जांच रक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। यह हमला प्रधानमंत्री की रैली के ठीक दो दिन पहले हुआ था। इस हमले के तार पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं। हमले के बाद हुई मुठभेड़ में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद के दोनों आतंकियों के अफगानी होने की आशंका जताई जा रही है। जम्मू पुलिस ने इस मामले में अभी तक तीन आरोपितों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। अभी तक की गई जांच के आधार पर यह बात सामने आई है कि आतंकियों ने जम्मू में सुंजवां सैन्य शिविर पर हमले की साजिश पागल जमात नाम की एक टेलीग्राम आईडी का उपयोग करके बनाई थी। सुंजवां में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में सुरक्षा बल का एक जवान शहीद हो गया था और नौ अन्य घायल हो गए थे।

प्रधानमंत्री कल असम में रैली को करेंगे संबोधित

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को असम के दिफू में 'शांति, एकता और विकास रैली' को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी से जुड़ी कई परियोजनाओं का शुभारंभ और आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 28 अप्रैल को असम का दौरा करेंगे। लगभग 11 बजे वह कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू में 'शांति, एकता और विकास रैली' को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वह शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 01:45 बजे प्रधानमंत्री असम मेडिकल कॉलेज डिब्रूगढ़ पहुंचेंगे और डिब्रूगढ़ कैंसर अस्पताल राष्ट्र को समर्पित करेंगे। बाद में, लगभग 3 बजे, वह डिब्रूगढ़ के खनिकर मैदान में एक सार्वजनिक समारोह में भाग लेंगे, जहां वह छह और कैंसर अस्पताल राष्ट्र को समर्पित करेंगे और सात नए कैंसर अस्पतालों की आधारशिला रखेंगे।

कुलगाम में सीआरपीएफ वाहन पर ग्रेनेड हमला

कुलगाम : कुलगाम जिले के बराजलू इलाके में सीआरपीएफ के वाहन पर आतंकियों ने ग्रेनेड फेंक कर हमला कर दिया। हालांकि इस हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ है। हमले के तुरंत बाद आतंकी मौके से फरार हो गए। सुरक्षाबलों ने आतंकियों की धर-पकड़ के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। कुलगाम जिले के बराजलू इलाके से सीआरपीएफ की बस गुजर रही थी। इस दौरान इलाके में घात लगाकर बैठे आतंकियों ने अचानक वाहन पर ग्रेनेड से हमला कर दिया। बस में सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन के जवान सवार थे। हालांकि इस हमले में ग्रेनेड बस के पास जमीन पर गिरकर फट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास मौजूद सुरक्षाबल के जवान तुरंत मौके पर पहुंच गए। आतंकी ग्रेनेड हमले के बाद वहां से फरार हो गए। सुरक्षाबलों ने आतंकियों की धर-पकड़ के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी था।

सुप्रीम कोर्ट का हिमाचल सरकार को नोटिस

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को ऊना में हुई धर्म संसद को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पूछा है कि ऐसे मामलों के लिए पहले आ चुके निर्देशों के पालन के लिए क्या कदम उठाए गए। कोर्ट ने कल यानि 27 अप्रैल को उत्तराखंड के रुड़की में होने जा रहे धर्म संसद के लिए राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि भड़काऊ भाषण पर लगाम नहीं लगी तो उच्च अधिकारियों को जिम्मेदार माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव को हलफनामा देने को कहा कि कार्यक्रम में कुछ गलत होने से रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता कुर्बान अली के वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि प्रशासन ने भड़काऊ बातों से रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए। 22 अप्रैल को कोर्ट ने दिल्ली में 19 दिसंबर 2021 को हुए हिंदू युवा वाहिनी के कार्यक्रम पर पुलिस के जवाब पर सफाई मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नया हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताते हुए पूछा कि यह सब इंस्पेक्टर रैंक के जांच अधिकारी का स्टैंड है या डीसीपी का।

हिजाब मामला : सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जल्द

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट कर्नाटक हिजाब केस पर अगले दो दिन में सुनवाई कर सकता है। आज वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष स्कूलों में हिजाब बैन को बरकरार रखने के कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जल्द सुनवाई की मांग की। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि थोड़ा इंतजार कीजिए। हम 2 दिन में लिस्ट करने की कोशिश करेंगे। कर्नाटक की दो छात्राओं ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में हिंदू सेना के नेता सुरजीत यादव ने भी कैविएट दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से हाईकोर्ट के फैसले पर रोक का एकतरफा आदेश न देने की मांग की है। बता दें कि 15 मार्च को कर्नाटक हाईकोर्ट ने हिजाब को इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं कहते हुए शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध के सरकार के निर्णय को बरकरार रखा। हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

आनंद सुब्रमण्यम की जमानत पर सुनवाई टली

नयी दिल्ली : दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की गोपनीय सूचनाएं साझा करने के मामले में गिरफ्तार सह-आरोपित आनंद सुब्रमण्यम की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। मंगलवार को स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने दोनों पक्षों की आंशिक दलीलें सुनीं। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी। इसके पहले 24 मार्च को कोर्ट आनंद सुब्रमण्यम की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने आनंद सुब्रमण्यम की जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि आरोपित को हिमालयन योगी बनकर छिपे रहेंगे लेकिन सीबीआई ने इनको पकड़ लिया। 9 मार्च को कोर्ट ने सीबीआई को धीमी जांच के लिए फटकार लगाई थी। इस पर सीबीआई ने कहा था कि हम गंभीरता से जांच कर रहे हैं और इसकी जांच के लिए 30 अधिकारियों की एक स्पेशल टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल है। सीबीआई ने कहा था कि उसने इस मामले में एनएसई के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर रवि नारायण से भी पूछताछ की है। आनंद सुब्रमण्यम ने 9 मार्च को इस मामले में अपनी जमानत याचिका दायर की थी। आनंद सुब्रमण्यम को 25 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

संक्षिप्त

पिता से मिलकर दूंगा इस्तीफा : तेज प्रताप

पटना : राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे एवं विधायक तेज प्रताप यादव ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने ट्वीट करके खुद इसकी जानकारी दी। तेजप्रताप यादव के इस घोषणा के बाद बिहार में सियासी हलचल तेज हो गई है। तेज प्रताप यादव ने ट्वीट कर लिखा, 'मैंने अपने पिता के नक्शे कदम पर चलने का काम किया। सभी कार्यकताओं को सम्मान दिया, जल्द ही अपने पिता से मिलकर अपना इस्तीफा दूंगा।' उल्लेखनीय है कि तेज प्रताप यादव पर युवा आरजेडी महानगर अध्यक्ष रामराज यादव ने मारपीट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तेज प्रताप यादव ने उनके साथ मारपीट की है। आरोप लगाया कि इफ्तार पार्टी के दौरान कमरे में बंद करके उनकी पिटाई की गई। वहीं, इस पूरे मामले पर तेज प्रताप यादव ने खुद को बेकसूर बताया है।

24 घंटे में कोरोना के मिले 2483 नये मरीज

नयी दिल्ली : देश में पिछले 24 घंटे के दौरान मंगलवार सुबह आठ बजे तक कोरोना संक्रमित 2,483 नए मरीज मिले हैं। इस अवधि में कोरोना महामारी को मात देने वालों की संख्या 1,970 रही। जबकि कोरोना संक्रमित 1399 मरीजों की मौत हो गई। इसमें असम में पिछले कई महीनों में कोरोना से हुई मौत की संख्या 1347 को जोड़ा गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में रिकवरी दर घटकर 98.75 प्रतिशत हो गया। फिलहाल देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 15 हजार, 636 है। दैनिक संक्रमण दर 0.55 प्रतिशत है। आईसीएमआर के मुताबिक बीते 24 घंटे में 4.49 लाख से ज्यादा टेस्ट किए गए। उल्लेखनीय है कि अबतक कुल 83 करोड़, 54 लाख टेस्ट किए जा चुके हैं।

आजम की याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की अंतरिम जमानत याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई करेगा। मंगलवार को आजम खान की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जस्टिस एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष आजम की जमानत याचिका पर सुनवाई की मांग की थी। आजम खान की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में सिर्फ एक मामले में उनकी जमानत याचिका लंबित है। हाई कोर्ट में साढ़े चार माह से ज्यादा समय होने से फैसला सुरक्षित होने के बावजूद अभी तक फैसला नहीं आया है। हाई कोर्ट ने 4 दिसंबर, 2021 को आजम खान की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। 8 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान को अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था।

प्रधानमंत्री ने शिवगिरि तीर्थ यात्रा और ब्रह्म विद्यालय के संयुक्त समारोहों का लोगो किया लॉन्च

नारायण गुरु ने भारत को उसके यथार्थ से परिचित कराया : पीएम

- स्वतंत्रता संग्राम केवल विरोध प्रदर्शन और राजनैतिक रणनीतियों तक ही सीमित नहीं था
- केदारनाथ त्रासदी के समय शिवगिरी मठ से आया फोन दिल छू लेने वाला था

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि श्री नारायण गुरु ने भारत को उसके यथार्थ से परिचित कराया। उनका 'एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर' का आह्वान हमारी राष्ट्रभक्ति की भावना को आध्यात्मिक ऊंचाई देता है।

प्रधानमंत्री मोदी 7 लोक कल्याण मार्ग से शिवगिरि तीर्थ यात्रा की 90वीं वर्षगांठ और ब्रह्म विद्यालय की स्वर्ण जयंती के वर्ष भर चलने वाले संयुक्त समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने शिवगिरि तीर्थ यात्रा और ब्रह्म विद्यालय के साल भर चलने वाले संयुक्त समारोहों का लोगो भी लॉन्च किया। शिवगिरि तीर्थयात्रा और ब्रह्म विद्यालय दोनों महान समाज सुधारक श्री नारायण गुरु के संरक्षण और मार्ग-दर्शन के साथ शुरू हुआ था।

16 जून 2013 को उत्तराखंड में आई त्रासदी के दौरान संतों को बचाने के लिए शिवगिरी मठ से आये फोन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह फोन कॉल दिल को छू लेने वाला था। उत्तराखंड और केंद्र दोनों में कांग्रेस का शासन था और एक एंटनी मंत्री थे, लेकिन गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मुझे कुछ फंसे संतों को बचाने के लिए, शिवगिरी मठ से फोन आया।

उन्होंने कहा, 'जब केदारनाथ जी में बहुत बड़ा हादसा हुआ। यात्री जीवन व मृत्यु के बीच जूझ रहे थे। उत्तराखंड में और केंद्र में तब कांग्रेस की सरकार। तब मैं गुजरात में मुख्यमंत्री था। शिवगिरी मठ से मुझे फोन कॉल आया कि हमारे संत वहां फंस गए हैं, उनका पता नहीं लग रहा है और ये काम आपको करना है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश भी इस समय अपनी आजादी के 75 साल का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे समय में हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारा स्वतन्त्रता संग्राम केवल विरोध प्रदर्शन और राजनैतिक रणनीतियों तक ही सीमित नहीं था।

उन्होंने कहा कि ये गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने की लड़ाई तो थी ही, लेकिन साथ ही एक आजाद देश के रूप में हम होंगे, कैसे होंगे, इसका विचार भी था। क्योंकि, हम किस चीज के खिलाफ हैं, केवल यही महत्वपूर्ण नहीं होता। हम किस सोच के, किस विचार के लिए एक साथ हैं, यह भी कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि आज से 25 साल बाद देश अपनी आजादी के 100 साल मनाएगा, और दस साल बाद हम तीर्थदानम् के 100 सालों की यात्रा उत्सव भी मनाएंगे। इन सौ सालों की यात्रा में हमारी उपलब्धियां वैश्विक होनी चाहिए और इसके लिए हमारा विजन भी वैश्विक होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने उद्घाटन समारोह में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तीर्थदानम् की 90 सालों की यात्रा और ब्रह्म विद्यालय की स्वर्ण जयंती केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है, बल्कि यह भारत के उस विचार की भी अमर यात्रा है, जो अलग-अलग कालखंड में अलग-अलग माध्यमों के जरिए आगे बढ़ता रहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वाराणसी में शिव की नगरी हो या वरकला में शिवगिरि, भारत की ऊर्जा का हर केंद्र, हम सभी भारतीयों के जीवन में विशेष स्थान रखता है। ये स्थान केवल तीर्थ भर नहीं हैं, ये आस्था के केंद्र भर नहीं हैं, ये 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के जाग्रत प्रतिष्ठान हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के कई देश, कई सभ्यताएं जब अपने धर्म से भटकीं, तो वहां आध्यात्म की जगह भौतिकतावाद ने ले ली। लेकिन, भारत के ऋषियों, संतों, गुरुओं ने हमेशा विचारों और व्यवहारों का शोधन और संवर्धन किया।

जैश के दो आतंकी गिरफ्तार, हथियार व गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर : श्रीनगर के पट्टन इलाके से सुरक्षा बलों ने मंगलवार को दो खतरनाक आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आतंकियों के कब्जे से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद हुए हैं। दोनों आतंकियों से पूछताछ की जा रही है। श्रीनगर में एक वाहन में दो आतंकियों की आवाजाही के संबंध में मिले इनपुट के आधार पर मंगलवार को 29 आरआर, पुलिस और 2 एसएसबी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग और आसपास की गलियों में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाए।

इस दौरान एक तेज रफ्तार टवेरा को सुरक्षाबलों ने देखा जो संदिग्ध तरीके से घूम रही थी। सुरक्षा बलों ने टवेरा को रुकने का इशारा किया। वाहन अचानक रुक गया और उसमें से दो व्यक्ति (चालक और सह-चालक) कूद गए और पास के जंगली बाग क्षेत्र की ओर भाग गए। सुरक्षा बलों ने दोनों का पीछा किया और कुछ ही देर बाद दोनों को दबोच लिया।

पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद आकिब मीर पुत्र मोहम्मद रमजान निवासी बटपोरा, सोपोर और दानिश अहद दारो पुत्र अब्दुल अहद दरी निवासी सोपोर के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से 2 चीनी पिस्तौल, 2 पिस्तौल मैगजीन, 10 राउंड गोला-बारूद, 2 चीनी ग्रेनेड और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है।

जुडिशियल विस्टा निर्माण मामले में सुनवाई टली

नयी दिल्ली : सेंट्रल विस्टा की तर्ज पर देश भर की अदालतों में काम के बेहतरीन माहौल के सुप्रीम कोर्ट के आसपास जुडिशियल विस्टा के निर्माण की मांग पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि ऐसे फैसले तुरंत नहीं लिए जा सकते। वह इस मामले में सरकार से संपर्क में हैं। मेहता ने इस मामले की सुनवाई चार हफ्ते टालने की मांग की। उसके बाद जस्टिस विनीत सरन की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को करने का आदेश दिया। 25 अप्रैल को कोर्ट ने तुषार मेहता से अपना रुख साफ करने को कहा था। 8 मार्च को कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। याचिका सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट ऑन रेकॉर्ड अर्धेंदु प्रसाद ने दायर किया है।

नवनीत राणा व रवि राणा को सेशन कोर्ट से राहत नहीं

29 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश

मुंबई : अमरावती संसदीय क्षेत्र की सांसद नवनीत राणा तथा उनके पति एवं विधायक रवि राणा को राजद्रोह मामले में सेशन कोर्ट से जमानत नहीं मिल सकी। सेशन कोर्ट ने इस मामले में खार पुलिस स्टेशन को 29 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सेशन कोर्ट इसके बाद जमानत के बारे में सुनवाई की तारीख तय करेगा।

नवनीत राणा के वकील रिजवान मर्चेंट ने पत्रकारों को बताया कि राणा दंपति की ओर से मंगलवार को सेशन कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई थी। उन्होंने कोर्ट से नवनीत राणा तथा रवि राणा की जमानत पर तत्काल सुनवाई करने की मांग की लेकिन सरकारी वकील प्रदीप धरत ने इसका जोरदार विरोध किया। सरकारी वकील ने कहा कि आरोपितों की जमानत की याचिका बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट में लंबित है, इसलिए मामले की तत्काल सुनवाई सेशन कोर्ट में किस तरह की जा सकती है। इसी वजह से सेशन कोर्ट ने मामले की तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। रिजवान मर्चेंट ने बताया कि कोर्ट ने खार पुलिस को 29 अप्रैल तक इस मामले में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है, इसके बाद सेशन कोर्ट सुनवाई की तारीख तय करेगा।

द्विपक्षीय बैठक | भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने सिंगापुर के एमिरेट्स मिनिस्टर टोंग से की वार्ता

भारत में विदेशी कंपनियों के लिए पर्याप्त अवसर : बिरला

सिंगापुर/नयी दिल्ली : लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने आज अपने दक्षिण पूर्वी एशिया के दौरे के छठे दिन सिंगापुर के एमिरेट्स सीनियर मिनिस्टर गोह चोक टोंग से द्विपक्षीय बैठक की। इस अवसर पर बिरला ने भारत और सिंगापुर के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश के आपसी संबंध मजबूत, पीपुल टू पीपुल संपर्कों तथा साझे हितों के बल पर लगातार सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में विदेशी कंपनियों के लिए काम करने के पर्याप्त अवसर है।

बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों की संसदों के बीच और अधिक संवाद की आवश्यकता है। इस विषय में श्री बिरला ने आगे कहा

कि नियमित संवाद से एक दूसरे की सांसदों के बेहतर आचरण साझा कर प्रभावी विधायिका के निर्माण के लिए कार्य किया जा सकता है। संसदीय कूटनीति पर जोर देते हुए, बिरला ने कहा कि दोनों देशों की संसदों के शिष्टमंडलों के दौरों को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय संसदीय मैत्री समूह की स्थापना पर विचार किया जा रहा है। श्री बिरला ने आगे कहा की लोकतांत्रिक देशों की संसदों के बीच नियमित संवाद पूरे विश्व में लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए एक आवश्यक कदम है।

सिंगापुर की सकारात्मक भूमिका की सराहना की

भारत में उभरते नए आर्थिक अवसरों के विषय में बिरला ने कहा कि भारत में विदेशी कंपनियों के लिए काम करने के पर्याप्त अवसर हैं तथा भारत विश्व सप्लाई चेन, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टार्ट-अप तथा अनुसंधान और विकास जैसे क्षेत्रों में सिंगापुर के साथ व्यापक सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिरक्षा एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी सहयोग के पर्याप्त अवसर हैं जिनका लाभ सिंगापुर की कंपनियां एवं उद्यमी उठा सकते हैं। बिरला ने आसियान-भारत संबंधों को बढ़ावा देने में सिंगापुर द्वारा निभाई गई सकारात्मक भूमिका की सराहना की।

भारत-सिंगापुर के बीच घनिष्ठ व्यापारिक संबंध

भारत और सिंगापुर के बीच घनिष्ठ एवं सशक्त आर्थिक व्यापारिक संबंध के विषय में बिरला ने कहा कि दोनों देशों के प्रयासों से एफडीआई एवं द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि द्विपक्षीय व्यापारिक हितों के लिए भारत-सिंगापुर व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। लोकसभा अध्यक्ष ने सिंगापुर में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक और सिंगापुर में उनके आर्थिक समृद्धि में योगदान का उल्लेख करते हुए आशा व्यक्त की कि सिंगापुर भविष्य में भी भारतीय मूल के लोगों के लिए सुविधाजनक स्थान बना रहेगा।

केवी थॉमस व सुनील जाखड़ को निलंबित करने की सिफारिश

नयी दिल्ली : कांग्रेस की अनुशासन समिति ने मंगलवार को चर्चा कर पंजाब के पूर्व पार्टी प्रभारी सुनील जाखड़ और केरल से पार्टी नेता केवी थॉमस के खिलाफ कार्रवाई संबंधित अपनी सिफारिशें पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेज दी हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी की अनुशासन समिति ने दोनों नेताओं को पार्टी से दो साल के लिए निलंबित करने की सिफारिश की है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान ही लेगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की पंजाब चुनावों में हार के बाद जाखड़ ने वन्नों को एक साक्षात्कार में भ्रष्टाचारी बताया था। उधर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री केवी थॉमस पार्टी के निर्देश के बावजूद राज्य में माकपा की बैठक में शामिल हुए थे। थॉमस राज्यसभा न भेजे जाने से पार्टी से नाराज हैं और सुनील जाखड़ पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए उनकी उम्मीदवारी को अनदेखा किए जाने से नाराज हैं। सूत्रों के मुताबिक केवी थॉमस को सख्त चेतावनी देने और साथ ही उन्हें पार्टी की विभिन्न समितियों से हटाने की सिफारिश की गई है।

प्रशांत किशोर ने कांग्रेस में शामिल होने से किया इनकार

नयी दिल्ली : चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों पर विराम लग गया है। वह अब कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोर ने खुद ही कांग्रेस में शामिल होने से इनकार कर दिया है। सुरजेवाला ने किशोर के प्रयासों और कांग्रेस को दिए गए सुझावों की सराहना की।

सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा कि प्रशांत किशोर के साथ चर्चा और प्रेजेंटेशन दिए जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एक इंपावर्ड एक्शन ग्रुप 2024 का गठन किया है। उन्हें इसका हिस्सा बनने और कांग्रेस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन किशोर ने कांग्रेस में शामिल होने से इनकार कर दिया है। वहीं, प्रशांत किशोर ने भी खुद कांग्रेस में शामिल नहीं होने की पुष्टि की।

किशोर ने ट्वीट कर कहा, 'मैंने इंपावर्ड एक्शन ग्रुप का हिस्सा बनने और कांग्रेस में शामिल होने तथा चुनावों की जिम्मेदारी लेने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। मेरी विनम्र राय में आगे कहा कि कांग्रेस में संरचनात्मक समस्याएं गहरी हैं। कांग्रेस में परिवर्तनकारी सुधारों की जरूरत है। मुझसे ज्यादा पार्टी को नेतृत्व और सामूहिक इच्छाशक्ति की जरूरत है।'

हालांकि, कांग्रेस सूत्रों की मानें तो प्रशांत किशोर खुद को कांग्रेस का अघोषित रणनीतिकार और कांग्रेस में दूसरे नंबर पर रहना चाहते थे, किंतु सोनिया ने उन्हें केवल इंपावर्ड एक्शन ग्रुप का हिस्सा बनने और चुनावों की जिम्मेदारी तक ही सीमित रखना उचित समझा। इस भूमिका से नाराज किशोर ने कांग्रेस में बड़ी भूमिका न देख पार्टी में शामिल होने से इनकार कर दिया।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटुआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) मुख्य कार्यकारी अधिकारी : पंकज मिश्र, संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*), फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)